आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* फादर्स डे
* अंतरराष्ट्रीय योग दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 156 | उज्जैन, रविवार 21 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

मुख्यमंत्री यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने किया चंद्रावतीगंज में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन

## 48 किलोमीटर लंबा होगा फोरलेन, दो जिले के 28 गांव जुड़ेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के चंद्रावतीगंज में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहरलाल खट्टर शामिल है। वहीं, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौजूद है।

करीब 48 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का निर्माण लगभग 2935 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। यह मार्ग इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक पहुंचेगा। इसके बनने से इंदौर और उज्जैन के बीच यात्रा तेज और सुगम होगी। खासकर सिंहस्थ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी



राहत मिलेगी। इस परियोजना के लिए कुल 917 किसानों की 242.939 हेक्टेयर जमीन प्रभावित हुई है। सरकार ने इसके बदले किसानों को 816 करोड़ रुपए से अधिक मुआवजा दिया है। खास बात यह रही कि किसानों को कलेक्टर गाइडलाइन के बजाय बाजार और बिक्री दरों के आधार पर 4 से 8 गुना ज्यादा मुआवजा दिया गया, जिसे प्रदेश में पहली बार लागू किया गया है।

### सिंहस्थ में क्षिप्रा मैया के जल से आचमन और स्नान करेंगे श्रद्धालु

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव भव्य और दिव्य सिंहस्थ 2028 के आयोजन के लिए पूरे संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। उज्जैन में मां क्षिप्रा के घाटों का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। सिंहस्थ : 2028 में आने वाले श्रद्धालु क्षिप्रा मैया के जल से आचमन और स्नान करेंगे। सांवेर के 54 गांवों के किसान मां नर्मदा मैया के जल से सिंचाई कर रहे हैं, क्षेत्र के गांव-गांव तक नर्मदा जल पहुंचाने का कार्य जारी है। राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग की चिंता करती है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद शंकर लालवानी, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सदस्य बालयोगी उमेश नाथ, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, विधायक मधु वर्मा, विधायक मनोज पटेल तथा अनिल जैन कालुहेड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना मालवीय, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, डीआईजी मनोज कुमार सिंह, आईजी अनुराग सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, ग्रामीण एसपी राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### इंदौर के 20, उज्जैन के 8 गांव जुड़ेंगे

ग्रीन कॉरिडोर से इंदौर जिले के 20 गांव और उज्जैन जिले के 8 गांव सीधे जुड़ेंगे। इसके अलावा आसपास के 40 से 50 गांवों के करीब 15 लाख लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालु एयरपोर्ट से सीधे इस कॉरिडोर के जरिए उज्जैन पहुंच सकेंगे, जिससे सिंहस्थ के दौरान ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

# देश विदेश

## पीएम मोदी ने ओडिशा में 47600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए

**मयूरभंज।** पीएम मोदी ओडिशा में बीजेपी सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित 'विकास रा धारा, ओडिशा सारा' कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में उन्होंने करीब 47 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति मुर्मू का 20 जून को 68वां जन्मदिन था। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ मयूरभंज ही नहीं, बल्कि पूरे ओडिशा की पहचान को मजबूत किया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल गांव पहाड़पुर को 'सोलर विलेज' के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव के हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाई जाएगी और पहाड़पुर की पहचान कोणार्क सूर्य मंदिर की तरह एक नए मॉडल गांव के रूप में बनाई जाएगी।

## कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन खत्म कराने पहुंची दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर दूसरी बार प्रदर्शन किया। फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- चाहे लाठी खाना पड़े या गिरफ्तारी हो, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे। दिल्ली पुलिस ने सीजेपी को शनिवार शाम तक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति दी थी। लेकिन प्रदर्शन जारी रहने के बाद पुलिस प्रदर्शनकारियों के मंच के पास पहुंची और लोगों को वहां से जाने के लिए कहा। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शन का समय बढ़ाने की परमिशन नहीं दी गई है। इससे पहले पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके मंच पर गांधी और अंबेडकर की फोटो लेकर पहुंचे। दीपके ने कहा- अगर थाली पीटने से कोरोना वायरस खत्म हो सकता है तो एक बार फिर थाली पीटकर शिक्षा मंत्री को हटा दिया जाए जो अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं।

## सलमान भगवान नहीं वो मुझे नहीं रोक सकता



**मुंबई।** फिल्म काला हिरण अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार विवादों में है। फिल्म का किरदार सलमान खान से और कहानी उनके काला हिरण शिकार मामले से मिलती हुई दिखाई गई है, यहां तक कि पोस्टर में एक्टर को सलमान खान का ब्रेसलेट भी पहने दिखाया गया है। पोस्टर जारी होते ही सलमान ने फिल्ममेकर्स के खिलाफ याचिका दायर कर रिलीज रोकने की मांग की है। इसी बीच प्रोड्यूसर अमित जानी ने दावा किया है कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। अब फिल्म के डायरेक्टर ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि फिल्म सलमान पर नहीं हैं। वो भगवान नहीं हैं और न ही गॉडफादर हैं, जो उन्हें रोक सकते हैं। ब्रेसलेट की समानता पर फिल्म के डायरेक्टर भरत एस श्रीनेत ने कहा 'यह ब्रेसलेट कोई पेटेंट की गई चीज नहीं है। अगर सलमान को लगता है कि सिर्फ वही इसे पहन सकते हैं, तो उन्हें इसका पेटेंट करवा लेना चाहिए। फिर यह ब्रेसलेट दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं होना चाहिए। मैं इस बात से बिल्कुल सहमत नहीं हूं कि यह फिल्म या इसका किरदार सलमान खान पर आधारित है। हमारा किरदार सलमान खान नहीं है, यह सिर्फ एक फिल्म है।

## हिजाब के बिना कॉन्सर्ट पड़ा भारी ईरानी गायिका को 74 कोड़ों की सजा

**तेहरान।** ईरान में हिजाब कानूनों को लेकर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ गई है। देश की चर्चित गायिका परस्तू अहमदी और उनकी टीम के आठ सदस्यों को अदालत ने 74-74 कोड़ों की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर दो वर्षों तक देश छोड़ने और किसी भी प्रकार की कलात्मक गतिविधि में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कार्रवाई वर्ष 2024 में आयोजित एक ऑनलाइन संगीत कार्यक्रम को लेकर की गई है, जिसमें गायिका ने बिना हिजाब के प्रस्तुति दी थी। रिपोर्टों के अनुसार 29 वर्षीय परस्तू अहमदी ने वर्ष 2024 में यूट्यूब पर प्रसारित एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान बिना हिजाब देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया था। यह कार्यक्रम सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था और लाखों लोगों ने इसे देखा था।

## सरकार ने 16 दवा कॉम्बिनेशन पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देशभर में 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेश दवाएं बनाने, वितरण, बिक्री और सप्लाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं से फायदे की अपेक्षा जोखिम ज्यादा हैं। इन दवाओं में इलाज के लिहाज से कुछ नहीं मिला। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने और दवाओं के सही इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है, ताकि केवल वैज्ञानिक रूप से सही और असरदार दवाएं ही बाजार में उपलब्ध रहें। न्यूज एजेंसी के अनुसार स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और एफडीसी दवाओं की समीक्षा के आधार पर लिया गया। इसके लिए ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड ने विशेषज्ञ समिति बनाई थी।

## टीएमसी नेता जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी (37) को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। उन पर फालता पुलिस स्टेशन पर भीड़ जुटाकर पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमले और जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, 16 जून को सरीना बीबी ने समर्थकों को जुटाकर थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन कराया था। भीड़ ने सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी भी की। मामले में अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जहांगीर खान को पुलिस ने 8 जून को भारत से भागने के दौरान नेपाल बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कई बार फालता में उसकी परेड कराई। इस दौरान जहांगीर कान पकड़कर और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगता दिखा।

महाराष्ट्र के परभणी में हनुमान मंदिर प्रसाद लेने के लिए भीड़ जुटी थी

## छत गिरने से 7 की मौत, 25 घायल

एजेंसी ▶▶ परभणी

महाराष्ट्र के परभणी जिले में यशवाड़ी देवस्थान में हनुमान मंदिर के हॉल की निमार्णाधीन छत शनिवार दोपहर गिर गई। मलबे में में दबने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था। दोपहर के समय लोग प्रसाद ले रहे थे। अचानक मंदिर का स्ट्रक्चर और पत्थर भरभराकर गिर पड़े। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो के मुताबिक दोपहर 3 बजे कई लोग लाइन में खड़े होकर प्रसाद दर्शन-पूजा कर रहे थे। तभी बांस और लोहे की रॉड से बना सेंट्रिंग स्ट्रक्चर टूट गया।



### मंडप में मौजूद लोगों ने मलबा हटाया

रिपोर्ट्स के मुताबिक परभणी के हनुमान मंदिर के ठीक सामने सभा मंडप का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी सभा मंडप की छत अचानक ढह गई। जिला कलेक्टर संजय चव्हाण, उपमंडल अधिकारी संगीता चव्हाण और तहसीलदार पांडुरंग माछेवाड़ ने बताया कि 32 लोगों में से 7 की मौत हो गई और 25 गंभीर रूप से घायल हो गए।
आपदा प्रबंधन अधिकारी, पथरी अग्निशमन विभाग, मानवत लोक निर्माण विभाग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा दल, परभणी नगर निगम और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान पूरा किया गया।

शनिवार होने के कारण मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

## भोपाल, इंदौर, धार उज्जैन में बारिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्री-मानसून की एक्टिविटी से मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश हो रही है। शनिवार दोपहर भोपाल, इंदौर, उज्जैन और धार जिले में बारिश हुई। मौसम विभाग ने विदिशा, राजगढ़, गुना और रायसेन में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। यहां आंधी की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। दोपहर में सीहोर, देवास, इंदौर, शाजापुर, अशोक नगर, डिंडौरी, अनूपपुर और शहडोल में भी बारिश होने की संभावना है। 29 जिलों में 24 घंटे के दौरान आंधी-बारिश का दौर रहा। इस बार मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 से 10 दिन लेट हो सकता है। मौसम केंद्र ने प्रदेश में 25 जून तक मानसून की एंट्री का अनुमान जताया है।

## नीट री-एग्जाम : नागपुर के छात्र का सेंटर अबू धाबी

भुवनेश्वर की छात्रा का परीक्षा केंद्र 2300 किमी दूर देहरादून, एनटीए की सफाई- कैंडिडेट ने खुद शहर बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में नीट-यूजी री-एग्जाम से एक दिन पहले एग्जाम सेंटर के अलॉटमेंट में गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं। नागपुर के एक छात्र अब्दुल्लाह मोहम्मद तालिब ने अबू धाबी स्थित एक भारतीय स्कूल में सेंटर मिलने की शिकायत की।

छात्र ने 19 जून को एडमिट कार्ड डाउनलोड किया, तब यह गड़बड़ी देखी। छात्र के पास पासपोर्ट नहीं है। ऐसे में उसका विदेश जाकर परीक्षा देना संभव नहीं था। एडमिट कार्ड का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सफाई दी।

एजेंसी ने कहा कि परीक्षा शहर में बदलाव छात्र के रजिस्टर्ड लॉगिन से किया गया था। हालांकि, छात्र के अनुरोध पर बाद में सेंटर नागपुर कर दिया गया। इसी तरह भुवनेश्वर की एक छात्रा को 2300 किमी दूर देहरादून में सेंटर मिला, जिसे बाद में सुधार दिया गया। 21 जून को होने वाली एग्जाम में 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5000 से ज्यादा एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। एनटीए के मुताबिक एग्जाम कंडक्ट कराने में 2 लाख से अधिक कर्मी, 674 सिटी कोऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर लगाए गए हैं।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी- एसआईटी को सोने-चांदी का रिकॉर्ड नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी 4 दिन से जांच कर रही है। इसमें सामने आया कि पूरे मंदिर का मैनेजमेंट 3 सदस्य- चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव देख रहे थे। मंदिर की व्यवस्थाओं में किसी दूसरे पदाधिकारी का दखल उन्हें पसंद नहीं था। यही तीनों सदस्य चढ़ावा गिनने और फिर उसके बैंक में डिपॉजिट होने तक का मैनेजमेंट संभालते थे। ये सदस्य ट्रस्ट में पदेन सदस्य के रूप में शामिल अयोध्या के जिलाधिकारी, अपर मुख्य सचिव (गृह) और केंद्र सरकार के नामित सदस्यों से कोई बातचीत नहीं करते थे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 पर निकले तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शनिवार को भारत-चीन सीमा पर स्थित नाथू ला दर्रे से चीन में दाखिल हुआ। इसके साथ ही पवित्र कैलाश मानसरोवर के लिए उनकी आगे की यात्रा शुरू हो गई। पहले जत्थे में 44 तीर्थयात्री शामिल हैं, जिनमें चार संपर्क अधिकारी और एक चिकित्सा अधिकारी भी हैं। इनमें 32 पुरुष और 12 महिलाएं हैं जो बिहार, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा जैसे विभिन्न राज्यों से आए हैं। विदेश मंत्रालय हर साल जून से अगस्त/सितंबर के दौरान दो अलग-अलग रास्तों लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड) और नाथू ला दर्रा (सिक्किम) से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करता है।

शौक पूरे करने के लिए बना चोर

## शोरूम के सफाईकर्मी ने की 2.5 करोड़ की चोरी

### भरोसे का फायदा उठाकर चुराया हीरे जड़ा मुकुट, गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एक कार शोरूम में हुई 2.5 करोड़ रुपए की चोरी का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शोरूम में पिछले एक साल से काम कर रहे सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया। आरोपी कर्मचारी ने भरोसे का फायदा उठाकर विश्वासघात किया। अपने शौक पूरे करने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया।


डीसीपी अमन सिंह राठौर ने बताया कि लसूड़िया थाना क्षेत्र में 17 जून को एक कार शोरूम में चोरी की वारदात सामने आई थी। पटेल मोटर्स के ऑपरेशन मैनेजर ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि शोरूम के केबिन में रखा आईफोन, सोने का छत्र, हीरा जड़ा मुकुट और 12 चांदी के सिक्के चोरी हो गए थे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

डीसीपी अमन सिंह राठौर ने बताया कि मामला सामने आने के बाद आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की बारीकी से जांच की। हालांकि, फरियादी ने पहले ही अपने एक कर्मचारी पर शंका जाहिर की थी।



### मौके का फायदा उठाकर आईफोन चोरी किया

जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और कर्मचारियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस संदेही लक्की (19), निवासी काली टंकी, बड़ी ग्वालटोली तक पहुंची। टीम ने जब उससे पूछताछ की तो उसने वारदात करना कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि शोरूम में काम करने के दौरान उसने मौके का फायदा उठाकर आईफोन चोरी किया था। इसके अलावा शोरूम मालिक के केबिन में रखे लॉकर से माता मंदिर का सोने का छत्र और हीरे जड़ा मुकुट भी चुरा लिया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

निर्माण स्थल पर पहुंच कर केंद्रीय मंत्री खट्टर ने देखी उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारी

# महाकाल लोक से शुरूआत, कपिला गौशाला में गौ पूजन

## कान्ह क्लोज डक्ट के निर्माण को देखने के लिए जमीन से नीचे गहरे गड्ढे में उतरे और जानकारी ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

केंद्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को प्रदेश में विकास की समीक्षा की थी। देर रात उन्होंने भगवान श्री महाकालेश्वर की शयन आरती में भाग लिया और श्री महाकाल महालोक का अवलोकन कर लाइट एंड साउंड शो देखा था। शनिवार को उन्होंने अपने निरीक्षण की शुरूआत सिंहस्थ के लिए निर्माणाधीन शिप्रा के घाटों से की और यहां पर पौधारोपण भ्ज्ञी किया।

शुक्रवार को समीक्षा बैठक के उपरांत केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने भगवान के दर्शन कर पूजन अर्चन करने के उपरांत शयन आरती में भाग लिया था। इस दौरान मंदिर प्रबंध समिति की ओर से कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर का सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। रात में ही उन्होंने श्री महाकाल महालोक का अवलोकन किया। संभागायुक्त आशीष सिंह ने यहां स्थापित भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर संहार सहित अन्य प्रतिमाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव व केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने रुद्र सागर में आयोजित लाइट एंड साउंड शो देखा। मंच पर अतिथियों के पहुंचते ही श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित श्री महाकाल बैंड के सदस्यों ने महाकाल सरकार मेरे महाकाल सरकार गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी। इसके पश्चात लाइट एंड साउंड शो में लेजर लाइट, वाटर स्क्रीन और शानदार साउंड इफेक्ट्स के जरिए बाबा महाकाल, माँ शिप्रा और प्राचीन अवंतिका नगरी (उज्जैन) की पौराणिक कथाओं को बहुत ही मनमोहक तरीके से दशार्या गया। लाइट एंड साउंड लेजर शो देखने के बाद ई-कार्ट में बैठकर श्री महाकाल महालोक के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर को श्री महाकाल महालोक में स्थापित विभिन्न प्रतिमाओं की जानकारी दी।





- **घाट निर्माण देखा और पौधारोपण किया-** शनिवार सुबह केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 778 करोड़ रुपए राशि की लागत से किए जा रहे 29.15 किमी लंबे नवीन घाट निर्माण कार्य की प्रगति का नवनिर्मित त्रिवेणी घाट पहुंचकर अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव और केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने घाट निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्य को लेकर अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ने जानकारी दी कि 29.15 किमी नवीन घाट निर्माण कार्य 778 करोड़ रुपए राशि से किया जा रहा है। नवीन घाटों पर श्रद्धालुओं के एंट्री-एग्जिट के लिए 150 से अधिक स्थान चिन्हित किए गए है। नवीन घाट निर्माण कार्य अंतर्गत 18.20 किमी लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा चुका है साथ ही 7 किमी नवीन घाट निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लगभग 22 किमी में घाट निर्माण कार्य तेजी से प्रगतिरत है। यहां केंद्रीय मंत्री के साथ सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश नीम, रुद्राक्ष, पीपल के पौधे नवीन घाटों पर रोपित कर दिया।
- **पीएम एकता माल देखा-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को इंदौर रोड पर उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा निमार्णाधीन 'पीएम एकता मॉल' का अवलोकन किया। यहां पर जानकारी कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने दी। इस दौरान अतिथियों ने एकता मॉल की विशेषताओं पर आधारित प्रेजेंटेशन भी देखा।

### कपिला गौशाला पहुंचे गौ पूजन किया

केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने ग्राम रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौशाला पहुंचकर गौ-माता की पूजा कर पशु आहार खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी की अच्युतानंद महाराज के सहयोग से गौ सेवा एवं गौ संरक्षण के प्रति जनभागीदारी लगातार बढ़ रही है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर सहित विभिन्न नगरों में लोग अपने जन्मदिन एवं अन्य विशेष अवसरों पर गौशालाओं में जाकर गौ सेवा करते हैं, जिससे गौ सेवा के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ी है। उल्लेखनीय है कि कपिला गौशाला, रत्नाखेड़ी में अनुमानित लगभग 2000 गौवंश को रखने की क्षमता विकसित की जा रही है।

### कान्ह क्लोज डक्ट का कार्य अंदर उतरकर देखा

मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना के टनल भाग में उतरकर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान चिंतामन जवासिया गांव के समीप स्थित शाफ्ट नंबर-2 पर फेस नंबर-3 के कार्य की विस्तृत जानकारी ली गई। परियोजना के अंतर्गत ग्राम जमालपुरा, तहसील उज्जैन में कान्ह नदी पर एक बैराज का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दूषित जल को क्लोज डक्ट के माध्यम से 30.15 किमी की दूरी तय कर गम्भीर बांध के डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 919.94 करोड़ रुपए है। इसकी कुल लंबाईः 30.15 किमी (कट एंड कवर डक्टः 18.15 किमी + टनलः 12.00 किमी) है। टनल भाग में 4 शाफ्टों का निर्माण पहुंच एवं सफाई-रखरखाव के लिए किया गया है। डक्ट का डी-आकार का क्रॉस सेक्शन, अधिकतम 40 क्यूमेक्स दूषित जल की निकासी क्षमता का है। परियोजना को आगामी 25 वर्ष तक की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। निर्माण पूर्ण होने के पश्चात आगामी 15 वर्ष तक संचालन एवं संधारण का प्रावधान है।

## अभी भी पानी है पर देने में कोताही है...

शहर की प्यास बुझाने के लिए एक बार फिर से मोक्षदायिनी को आधार बनाया जा रहा है। अगले दो साल में इस परियोजना पर काम पूर्ण होते ही धर्मनगरी में पानी की कोई कमी अगले 20 सालों तक आने की कोई स्थिति इस योजना के सफल होने पर नहीं रहेगी। योजना के तहत शहर के विकास के तहत कुछ नई टंकियां, पाइप लाइन वगैरह सभी कुछ किया जा रहा है। इस काम को त्वरित गति दी जा रही है और काम समयबद्धता से चल रहा है। भविष्य में बेहतर पानी मिलने के लिए विकल्प भी इसके साथ रहेंगे। अभी प्यास बुझाने वाला बांध एवं उसके साथ ही दो छोटी इकाई भी इसके साथ ही अपने काम को अंजाम देंगी। अभी भी ऐसा नहीं है कि पानी नहीं है। दिया भी जा रहा है लेकिन उसे घरों तक पहुंचाने में गंभीर और कर्म चोरी की लापरवाही जमकर हो रही है। कई क्षेत्रों में नागरिक पानी का पूरा पैसा दे रहे हैं उसके बाद भी उनके घरों में नल नहीं चल रहे हैं। इस समस्या को क्षेत्रीय स्तर पर टंकियों पर तैनात जिम्मेदारों को अवगत करवाने के बाद भी समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। खास तो यह है कि उपभोक्ता अग्रिम पैसा दे रहा है उसे भी विभाग के कथित कर्णधार पानी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे एक-दो नहीं हजारों उपभोक्ता हैं। विभाग को पुष्टि करना हो तो धर्मनगरी के वार्ड 50 में इसकी पुष्टि की जा सकती है। यहां सर्वाधिक उपभोक्ता के पैसा जमा होने के बाद भी महीनों से घरों के नल नहीं चल रहे हैं। ऐसे शहर भर में हजारों उपभोक्ताओं की स्थिति सामने आ रही है। कर्मशीलों की तकनीकी कमी के कारण से ऐसा होना सामने आ रहा है। टंकियों को पूर्ण क्षमता से नहीं भरना और समस्याओं का निदान नहीं करने के साथ जनप्रतिनिधियों को झूठी एवं खोखली जानकारी देकर गुमराह करने के तहत काम चलाया जा रहा है। पानी होने और भूगतान मिलने के बाद भी यह हाल हैं। इसे शर्मनाक ही कहा जाएगा कि जिन क्षेत्रों में विकास एवं चौड़ीकरण के कार्य लंबित नहीं है वहां भी आम उपभोक्ता को पानी देने में कोताही सामने आ रही है। खुसूर-फुसूर है कि वर्तमान में काम के तरीके बदल गए हैं। उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान करने की बजाय जनप्रतिनिधियों के आगे-पीछे घूमने की प्रवृत्ति मजबूत है। समस्या निदान में काम करना पड़ता है और यहां कर्म की प्रवृत्ति बने रहो पगला काम करेगा अगला की सिद्ध हो चुकी है। ऐसे में आम उपभोक्ता चाहे पैसा दे न दे उसे उसके हक की सुविधा देने की प्रवृत्ति पूरी तरह से धूल धुसरित हो चुकी है। खास तो यह है कि अब सिर्फ दिखावा है धरातल के काम नहीं। उसके रंग में टंकियों के पानीदार भी रंगे हुए हैं और इस राजनैतिक रंग का भरपूर उपयोग कर रहे हैं।




सुबह से धूप निकली, दोपहर उपरांत बादलों ने धूम मचाई

# पांच दिन देरी से ही सही, आया मानसून झूम के

## अव्यवस्था खुलकर सामने आई, नाली का पानी सड़कों पर पसरा, कई जगह पानी भरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शनिवार को 5 दिन से अधिक देरी से मानसून अंततः उज्जैन पर मेहरबान हुआ है। दोपहर तक कड़क धूप के बाद मौसम ने पलटा खाया और बादल छा गए। इसके बाद बादलों ने धूम मचाने का क्रम शुरू किया जो देर शाम तक जारी रहा है। मध्य दोपहर एक समय ऐसा भी रहा कि जिसमें नए शहर में सूखा देखा गया और पुराने शहर में झमाझम बारिश हो रही थी। मानसून के आगमन के साथ ही अव्यवस्था एवं समस्याओं ने मुंह खोल दिया है। शहर के कई हिस्सों में नाली का गंदा पानी सड़कों पर पसर गया। इसी अव्यवस्था एवं समस्या से दो चार होते हुए राहगिरों का आवागमन रहा है।

मानसून के आगमन को लेकर सभी की टकटकी आसमान की और लगी हुई थी। गर्मी से आमजन का बुरा हाल हो रहा था। उमस के कारण पंखे एवं कुलर भी अब कमजोर साबित होने लगे थे। ऐसे में मानसून का बेसब्री से इंतजार हो रहा था। मानसून ने शनिवार को आकर इस इंतजार को समाप्त कर दिया है। खास यह रहा कि मानसून के आगमन पर जैसा बिजली कडकने एवं बादलों के गड़गड़ाहट की आवाज होती है वैसा कुछ इस बार नहीं देखा गया है। सामान्य रूप से ही बादल घिर आए और बरसे हैं।



### करंट फैला बकरा-बकरी मरे

बारिश के दौरान जूना सोमवारिया क्षेत्र के वार्ड 13 में मस्जिद के पास बिजली के खंभे में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से आठ बकरों की मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। इस मामले में लोगों का कहना था कि क्षेत्र में लगे डीपी को हटाने और विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए पहले भी कई बार अधिकारियों को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**3 इंच बारिश, तापमान में गिरावट-**इधर बारिश के चलते तापमान में एक दम से गिरावट दर्ज की गई है। उमस भी गिरी है और गुलाबी हवा का दौर रहा है। दोपहर से लेकर देर रात तक करीब 3 इंच से अधिक बारिश मानसून के आगमन के साथ ही दर्ज की गई है। शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द गुप्त के अनुसार शाम को वेधशाला में दिन भर की 59 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। शनिवार को न्यूनतम तापमान 25.8 एवं अधिकतम 35.0 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। आर्द्रता सुबह 80 एवं शाम को 95 प्रतिशत दर्ज की गई है। अब तक जून में कुल 73.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस दौरान सुबह 10 किलोमीटर एवं शाम को 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली है।

- **अव्यवस्था एवं समस्या उभरी-** मानसून के आते ही शहर में अव्यवस्था एवं समस्याएं उभरकर सामने आ गई। नालियों के जाम होने से शहर के विभिन्न हिस्सों में बारिश का पानी गंदगी के साथ सडकों पर फैल गया। नए शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में ही कई जगह यह स्थिति देखी गई। यही हाल पुराने शहर के कंगाल पुरा क्षेत्र में भी रही सड़कों पर आधा से एक फीट पानी भर गया था। चौड़ीकरण के क्षेत्रों में अव्यवस्था एवं समस्याओं ने मुंह फाड़ लिया था। कई क्षेत्रों में गंदगी एवं कीचड़ की स्थिति भी उभर गई थी।
- **मानसून की देरी से सब्जी की कमी-** मानसून के देरी से आने से अब आम लोगों की रसोई प्रभावित हुई है। हरी सब्जियों की आवक में भारी कमी दर्ज की जा रही है, जिससे टमाटर, गिलकी, लौकी, पालक और बैंगन जैसी रोजमर्रा की सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ गए हैं। कई शहरों में सब्जियों की कीमतें पिछले कुछ दिनों में काफी ऊपर पहुंच गई हैं, जिससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

### फूहार से शुरूआत, जोरदार

धार्मिक शहर उज्जैन के दोनों भाग में मानसून के आगमन का समय भी अलग-अलग रहा है। पुराने शहर में दोपहर 12 बजे के लगभग करीब आधे घंटे से अधिक जोरदार बारिश दर्ज की गई थी। आगर रोड,मंगलनाथ,बियाबानी चौराहा सहित अधिकांश क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई थी। इस दौरान नए शहर फ्रीगंज और कोठी क्षेत्र में पूरी तरह से मौसम साफ था। इसके करीब 3घंटे के अंतराल में एक साथ पूरे शहर पर बादल छाए और नए-पुराने दोनों हिस्सों को तरबतर कर दिया। देर शाम तक बारिश का दौर समाचार लिखे जाने तक बारिश का दौर हल्के और तेज में जारी रहा।

# नीट की एग्जाम आजः उज्जैन के 8 केंद्रों पर परीक्षा होगी

## दो स्तरीय सुरक्षा देगी पुलिस और सीआरपीएफ


दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

3 मई को हुई एग्जाम को पेपर लीक होने के बाद अब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से नीट (यूजी)-2026 री-एग्जाम 21 जून रविवार को होगी।

रविवार को शहर के 8 केंद्रों पर परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए उज्जैन पुलिस ने सुरक्षा इंतजाम किये है। रेलवे स्टेशन से लेकर परीक्षा केन्द्रो तक सीआरपीएफ के जवान तैनात रहेंगे। नीट परीक्षा के लिए शा. इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, उत्कृष्ट विद्यालय, माधवनगर, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि सराफा, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, उमावि महाराजवाड़ा क्र.-2, कालिदास कन्या कॉलेज और कन्या स्नातकोत्तर कॉलेज में केंद्र बनाए हैं।

### पिछली बार की तुलना में 500 स्टूडेंट्स कम

परीक्षा के सिटी कोऑर्डिनेटर और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मुकेश मीना ने बताया अब कुल 4171 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस बार माधव कॉलेज को केंद्र नहीं बनाया है। 3 मई को 9 केंद्रों पर 4549 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस बार करीब 500 विद्यार्थी कम हैं।




### परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और सीआरपीएफ तैनात रहेगी

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि परीक्षा का समय दोपहर 2 से 5.15 बजे तक रहेगा। परीक्षा के लिए द्विस्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा। रेलवे स्टेशन से लेकर परीक्षा केंद्रों तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र पर एंट्री हो सकेगी। दोपहर 1.30 बजे बाद सभी केंद्रों पर गेट बंद कर दिए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र पर एक नोडल अधिकारी और ऑब्जर्वर रहेंगे। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की भी तैनाती की जाएगी।

## न्यूज कॉलम

### धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम



**उज्जैन।** शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जे.पी. चैरसिया ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 18 जून-2026 गुरूवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया। बाल रोग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गीता जाटव ने बताया कि शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए आयुर्वेद के ग्रन्थों में बच्चो के स्वास्थ्य संवर्धन के लिये स्वर्णप्राशन का अत्यधिक महत्व बताया गया है। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य डॉ. जे.पी. चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी।

### बच्चों ने योग की कलाओं को जल योग कर बिखेरा

**उज्जैन।** 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मां शिप्रा तैराक दल द्वारा रामघाट पर नन्हे-नन्हे तैराकों द्वारा शिप्रा नदी में जलयोग कर अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शहर में रामघाट पर शिप्रा नदी में तैराकी सीख रहे बच्चों ने शिप्रा की लहरों पर बैलेंस बनाकर जल योग की अनोखी प्रस्तुतियां दीं। संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी व महिला प्रशिक्षक सपना माली ने बताया की योग दिवस पर जलयोग पिछले कई सालों से करते आ रहे है। हर साल कुछ नया करने का उद्देश्य तैराक दल का रहता है। संस्था द्वारा इस वर्ष नन्हे-नन्हे तैराकों द्वारा जल में योग, योग पिरमिंट, अनुलोम-विलोम, ब्रिथिंग एक्सरसाइज व शिप्रा नदी में कई आकृतियां बनाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी द्वारा सपना माली, वैष्णवी बारोड, खुशी कहार, भारती कहार, राघव बारोड, युग बारोड, भोला कहार, याग्निक धकिते, वेदांश कोठार, अविनाश शर्मा, मुस्कान कहार आदि द्वारा जल योग शिप्रा नदी में किया गया। जानकारी महिला प्रशिक्षक सपना माली ने दी।

शिप्रा नदी के निर्माणाधीन पुल से लोगों का निकलना जारी

# जान जोखिम में डालकर नदी पार करते लोग थोड़ी सी चूक बन सकती है हादसे का कारण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शिप्रा नदी के छोटे पुल को तोड़कर उसके स्थान पर नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। नए पुल का कुछ हिस्सा बनकर तैयार हो गया है और बाकी का कार्य जारी है। पुराने पुल को तोड़कर यहां का आवागमन बंद कर दिया था। लेकिन उसके बावजूद भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर निर्माणाधीन पुल के पिल्लरों पर चढ़कर नदी पार कर रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है अगर जरा भी संतुलन बिगड़ा तो वह नदी में गिर सकते हैं लेकिन खास बात यह है कि निर्माणाधीन पुल से निकलते समय उन्हें रोका भी नहीं जा रहा है।इस कारण प्रतिदिन शिप्रा नदी में स्नान के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु निर्माणाधीन पुल से निकलते रहते हैं। महिला, पुरुष, बच्चे सभी इस खतरनाक मार्ग से होकर नदी पार कर रहे हैं ऐसे में अगर निकलते समय जरा भी चूक हुई तो वह नदी में गिर सकता है।

### शॉर्टकट के चक्कर में जोखिम भरे मागे से निकल रहे लोग

- इसके पहले भी ऐसे कई नजारे शिप्रा नदी पर देखने को मिले हैं जिसमें श्रद्धालु शॉर्टकट के चक्कर में ऐसे जोखिम भरे मार्गो से निकल रहे हैं लेकिन उन पर रोक नहीं लगाई जा रही है जबकि शिप्रा नदी पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं लेकिन उसके बाद भी लोग इस तरह के मार्गो से निकलकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।
- पिछले दिनों सोमवती अमावस्या पर भी लाखों श्रद्धालु शिप्रा नदी में डुबकी लगाने पहुंचे थे ऐसे में निमार्णाधीन पुल पर चढ़कर बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे का हाथ पकड़कर मिट्टी के देर से होते हुए निर्माणाधीन पुल के पिल्लरों पर चढ़कर निकल रहे थे। शॉर्टकट के चक्कर में निमार्णाधीन पुल से निकल रहे हैं। प्रशासन को यहां की व्यवस्था सुधारनी चाहिए तथा लोगों को निमार्णाधीन पुल से निकलने पर रोक लगानी चाहिए।



नं.1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार 21 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### बस ऑपरेटरों को परिवहन अधिकारी ने पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

**इंदौर।** मानसून की पहली बारिश के साथ ही अब इंदौर की सड़कों पर बसों की रफ्तार और सुरक्षा पर परिवहन विभाग की पैनी नजर रहेगी। संभावित अतिवर्षा और बाढ़ जैसी चुनौतियों के बीच यात्रियों का सफर सुरक्षित रहे, इसे सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) प्रदीप कुमार शर्मा ने बस ऑपरेटरों को दो टूक लहजे में कड़े निर्देश दिए हैं। आरटीओ ने महत्वपूर्ण बैठक आहूत की जिसमें सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की चेतावनी दी गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पुल या पुलियों पर जलभराव की स्थिति में चालक किसी भी हाल में बस को जोखिम में न डालें। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा। श्री शर्मा ने कहा कि बारिश में सड़कों पर फिसलन का खतरा सबसे अधिक होता है, इसलिए चालकों को अचानक या तेज ब्रेक लगाने से बचने की सख्त हिदायत दी गई है।

### शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**इंदौर।** पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशन में महू स्थित बंडाबस्ती क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध संयुक्त प्रशासनिक कार्रवाई की गई। पुलिस, राजस्व विभाग एवं सेना प्रशासन के समन्वय से अवैध रूप से निर्मित भवनों को हटाने का अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्मित किए गए दो अवैध भवनों को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया। प्रशासन द्वारा बंडाबस्ती क्षेत्र में कुल 10 अवैध निर्माणों को चिन्हित किया गया है, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। शेष चिन्हित निर्माणों को भी आगामी दिनों में अतिक्रमण को हटाया जाएगा। संयुक्त अभियान के दौरान पर्याप्त पुलिस बल, राजस्व अमला एवं सेना प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में समीक्षा बैठक

**इंदौर।** इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता मनोज जायसवाल, सहायक उप आयुक्त सहकारिता घनश्याम सिंह परिहार, संभागीय शाखा प्रबंधक गणेश यादव सहित इंदौर संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की। साथ ही संभाग के अन्य जिलों से आलोक जैन (इंदौर), आलोक यादव (खण्डवा), संध्या रोकड़े (खरगोन), आरजू इकबाल खान (झाबुआ), सोनिया लाड़, शिव आशके (प्रबंधक प्रशासन) तथा आईपीसी बैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कृषि ऋण वितरण एवं वसूली की प्रगति, ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण विगत 13 अप्रैल से आगामी 30 जून तक संचालित सदस्यता अभियान सहकारी समितियों द्वारा प्रारंभ की गई अन्य व्यावसायिक गतिविधियों तथा कालातीत सदस्यों से वसूली की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

### चार नंबर की लड़ाई में अब समझौते की कोशिशें होने लगी

**इन्दौर ।** चार नंबर में चल रही भाजपा की लड़ाई अब निपटने की स्थिति में आ गई है। समझौते की कोशिश की जा रही है। ये भी कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में यहां पर अब कोई विवाद नहीं होगा। ताकि पार्टी की छबि खराब न हो सके। उल्लेखनीय है कि चार नंबर में पिछले कुछ दिनों से गुटबाजी और आपसी लड़ाई लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों भाजपा के पदाधिकारी और संघ नेता के बीच विवाद हो गया था। मामला इतना बढ़ गया था कि तोड़फोड़ तक बात पहुंच गई थी। विधायक मालिनी गौड़ के पीए सहित सात लोगों पर केस दर्ज हो गया था और चार नंबर के प्रभारी विरेद्र शेंडगे को हटा दिया गया था। इस मामले में अब पुलिस ने भी हाथ खींच लिए है और कार्रवाई के लिए अभी रोक दिया है। जानलेवा हमले का केस दर्ज होने के बाद किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वजह यह है कि इस केस में समझौते की बातें होने लगी है।

### घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे से टेबल, कुर्सी बनेंगे

**इंदौर।** केंद्रीय संयुक्त सचिव जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छ विभाग सुश्री ऐश्वर्या सिंह ने एफएसटीपी एवं पीडब्लूएमयू ग्राम पंचायत काली बिल्लोद का दौरा कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियो से एफएसटीपी और पीडब्लूएमयू के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की एवं महिला कर्मचारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भोपाल मध्य प्रदेश के मिशन संचालक दिनेश जैन, देपालपुर जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूजा मालाकार, संयुक्त आयुक्त (विकास) श्रीमती शिवानी वर्मा, परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा, सरपंच महेश राठौर, गोपाल जगताप, गौरव निगम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

12 साल बाद भी अधूरी बुनियादी सुविधाएं

## माली मोहल्ले में सड़क और ड्रेनेज का इंतजार, गंदगी से बीमारी का खतरा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



वर्ष 2014 में नगर निगम सीमा विस्तार के दौरान इंदौर शहर में शामिल किए गए 29 गांवों को शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया था,लेकिन 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी वार्ड क्रमांक 77 के केलोद करताल स्थित माली मोहल्ला आज तक सड़क, ड्रेनेज और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार कर रहा है।

क्षेत्र में जगह-जगह गंदा पानी जमा होने, पुराने सेप्टिक टैंकों के ओवरफ्लो होने और ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने से रहवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। मोहल्ले की गलियों में बहता गंदा पानी अब यहां के लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। कई स्थानों पर पानी लंबे समय तक जमा रहने से बदबू फैल रही है।

खुले में बहते गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। रहवासियों के अनुसार बारिश के दौरान हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। सड़क पर पानी भरने से लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने की आशंका भी बनी रहती है जिससे दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। नगर निगम सीमा में शामिल होने के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि उन्हें शहर जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी कई समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। अगले वर्ष नगर निगम परिषद का दूसरा कार्यकाल भी पूरा होने जा रहा है, लेकिन क्षेत्र अब भी विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है।

### क्या कहती हैं पार्षद प्रियंका चौहान

माली मोहल्ले में नर्मदा जल प्रदाय लाइन का कार्य पूरा कराया जा चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। वहीं ड्रेनेज और सड़क निर्माण की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम में प्रस्ताव भेज दिए गए हैं। स्वीकृति मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू कराया जाएगा। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जल्द उपलब्ध हों।

### क्या कहते हैं क्षेत्रीय नागरिक

नर्मदा का पानी तो आ गया, लेकिन सड़क और ड्रेनेज जैसी सबसे जरूरी सुविधाएं आज भी अधूरी हैं। 2014 में नगर निगम में शामिल होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्द विकास होगा, लेकिन 12 साल बाद भी हालात नहीं बदले। गंदगी और बदबू के बीच रहना हमारी मजबूरी बन गई है। अब नगर निगम को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर काम करके दिखाना चाहिए।

**– मनीष बागवान**
**क्षेत्रीय नागरिक**

**रहवासियों की मांग-** क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि मानसून से पहले ड्रेनेज लाइन और सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया जाए, ताकि गंदे पानी की समस्या से राहत मिल सके और संक्रामक बीमारियों के खतरे को भी कम किया जा सके। उनका कहना है कि अब क्षेत्र को केवल योजनाओं और प्रस्तावों की नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाले विकास कार्यों की आवश्यकता है।

कैंसर मरीजों के लिए राहत

## दवाओं की किल्लत की खबर निकली अफवाह

### अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित होने की आशंका जताई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव और युद्ध के बीच पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा तेज हो गई थी कि कैंसर और कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण दवाओं की भारी कमी हो सकती है। यह भी कहा जा रहा था कि दवाओं का कच्चा माल प्रभावित होने से उत्पादन लगभग बंद हो गया है और जल्द ही मरीजों को दवाएं नहीं मिलेंगी या उनकी कीमतों में 50 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, इस मामले में जुटाई गई जानकारी के अनुसार फिलहाल ऐसी कोई स्थिति नहीं है। मध्य प्रदेश में कैंसर और कीमोथेरेपी से जुड़ी जरूरी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।



### सिस्प्लैटिन, कार्बोप्लेटिन और ऑक्सालिप्लाटिन को लेकर फैली थी चर्चा

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली सिस्प्लैटिन, कार्बोप्लेटिन और ऑक्सालिप्लाटिन जैसी महत्वपूर्ण दवाओं का स्टॉक जल्द खत्म होने की खबरें सामने आ रही थीं। इन खबरों से प्रदेश के करीब 1.25 लाख कैंसर मरीजों और उनके परिजनों के बीच चिंता का माहौल बन गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति में इन दवाओं की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है और बाजार में किसी प्रकार की कमी नहीं देखी जा रही है।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने क्या कहा?

मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गौतमचंद धींग ने बताया कि उन्होंने प्रदेशभर के डिस्ट्रीब्यूटर्स और अपने विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी जुटाई है। उन्होंने कहा कि अभी मध्य प्रदेश में कैंसर की दवाओं की कोई कमी नहीं है और न ही इनके दाम बढ़ाए गए हैं। वर्तमान में ऐसी कोई स्थिति दिखाई नहीं दे रही है जिससे मरीजों को चिंता करने की जरूरत हो। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए युद्ध का असर कच्चे माल की सप्लाई पर पड़ सकता है। भविष्य में यदि सप्लाई प्रभावित होती है तो स्थिति बदल सकती है, लेकिन फिलहाल दवाओं की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है।

**डॉक्टरों ने भी जताई भविष्य को लेकर आशंका-** कैंसर सर्जन डॉ. दीपक अग्रवाल का कहना है कि अधिकांश कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी की जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि अभी दवाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन यदि युद्ध लंबा चलता है और सप्लाई चेन प्रभावित होती है तो आने वाले समय में दवाओं की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जन जागरण पखवाड़े का समापन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की प्रदेश कमेटी के द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक जनजागरण पखवाड़े का आयोजन किया गया।इसी के तहत उज्जैन में भी इस अवधि में नुक्कड़ मीटिंगों का आयोजन किया गया।जिसमें आमजन को केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से वाकिफ करवाया गया।साथ ही मांग की गई कि मनरेगा को बहाल किया जाए।

न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए तय किया जाए।ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से विस्थापन रोका जाए। बेकारी खत्म।करने हेतु रोजगार बढ़ाया जाए।महंगाई पर रोक लगाई जाए।आउट सोर्स कर्मचारी पद्धति खत्म करने हेतु ठेका प्रथा खत्म की जाए।

यह जानकारी देते हुए कॉमरेड बालकिशन ने बताया कि पखवाड़े समापन के अवसर पर क्षीरसागर कॉलोनी स्थित मजदूर सभा के ऑफिस ओर नारेबाजी करने के बाद गांधीउद्यान में गांधी प्रतिमा के समक्ष जनहित में लगातार संघर्ष का संकल्प किया गया।इस अवसर पर राम त्यागी, रामप्रसाद तिलकर,रमेश सुभागा, नजाकत नाज, जगदीश वाडिया, मुलायमसिंह भदौरिया, राधेश्याम खत्री, महेश दें, भगवानसिंह मीणा, हनीफ पेंटर शायर, इजाज भाई, इलियास भाई, अशोक डोंगरे आदि ।

## शिप्रा क्रिकेट अकादमी के समर कैम्प का समारोहपूर्वक समापन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



शिप्रा क्रिकेट अकादमी द्वारा दो माह से चल रहे समर कैम्प 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया रहें, मुख्य अतिथि सांसद फिरोजिया जी ने अकादमी के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया व भविष्य में कड़ी मेहनत व लगन एवं अनुशासन के नियमों का पालन कर आगे बढ़ने का मूलमंत्र दिया, अकादमी के मुख्य कोच नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि शिप्रा क्रिकेट अकादमी में 150 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं साथ ही अकादमी में 50 से अधिक गर्ल्स खिलाड़ी भी हैं जिन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, अकादमी के कई बॉयज व गर्ल्स खिलाड़ी जिला, संभाग, प्रदेश की टीम व मध्यप्रदेश लीग में खेल रहे हैं, समापन समारोह में खिलाड़ी, व शहर के खेलप्रेमी लोग उपस्थित रहें।

## नई विकास परियोजनाओं की हुई घोषणा, हितलाभ का वितरण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि नगर निगम ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वच्छता अभियान में इंदौर ने देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया है और उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवधि में देश ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि के प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश दोनों विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आज देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को नई मजबूती मिली है।

मप्र में लगेंगे 1 करोड़ स्मार्ट मीटर, उज्जैन के लिए 106 करोड़ मंजूर

## पूरे देश में चलेगा इंदौर का 'स्वच्छता मॉडल'

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वर्ष 2028 में अवंतिका नगरी उज्जैन में आयोजित होने वाले 'सिंहस्थ महापर्व' को वैश्विक स्तर पर भव्य और सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने संयुक्त 'सिंहस्थ विजन' पर काम शुरू कर दिया है।

उज्जैन के प्रशासनिक संकुल भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में केंद्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विकास कार्यों की महा-समीक्षा की। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि सिंहस्थ के मद्देनजर उज्जैन की सूरत बदलने के साथ-साथ मध्यप्रदेश के सफल 'इंदौर स्वच्छता मॉडल' को अब पूरे देश की पहचान बनाया जाएगा। वर्ष



2028 के सिंहस्थ में जुटने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए उज्जैन में स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज नेटवर्क और आधुनिक शहरी सुविधाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने 106 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को तत्काल मंजूरी दे दी है। स्वच्छता के मामले में लगातार कीर्तिमान रचने वाले इंदौर के कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी के फॉमूर्ले को केंद्र सरकार देश के अन्य राज्यों के शहरों में भी हुबहू लागू करने जा रही है। सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में भी इसी उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था का नजारा दिखेगा।




## न्यूज कालम



## ससलिया तालाब का पानी शिप्रा में छोड़ा, फसलें सूखने की कगार पर

**महेश्वर।** महेश्वर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ससलिया तालाब का पानी शिप्रा नदी में छोड़े जाने से हजारों किसानों की गर्मी की फसलें संकट में आ गई हैं। ग्रामीण क्षेत्र बोट्यापुर जमनिया, बागोद, वाणी, बबलाई, नागझिरी, करही, पाटलिया, बिलबावड़ी, चिनगुन, मंदोरी, गुलावड़, सोमाखेड़ी, कावड़िया, मोहद, बडदिया, मोगावा, झपड़ी, शांगी, समराज, ढापला, चोली, टांग्या प्लाट, बड़ा, इटावड़ी, मातमुर, बबलाई, शिरसिया, ककवाड़ा, मोहना, समाजपुरा, मेहतवाड़ा, आशापुर ग्राम शामिल हैं इन ग्रामीण क्षेत्रों के किसान मुख्य रूप से नहर के पानी पर निर्भर हैं। किसानों ने भारी लागत लगाकर अपनी फसलें बोई हैं, लेकिन पिछले मात्र १५ दिनों में नहर का पानी दो बार बंद कर दिया गया। नतीजतन खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं और किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि फसल के महत्वपूर्ण समय पर पानी नहीं मिलने से उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। यदि जल्द ही नियमित सिंचाई व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो हजारों एकड़ भूमि की फसल प्रभावित होगी और किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का समापन हुआ



**खरगोन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का समापन समारोह एसपी रविन्द्र वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को एसपी ने सम्मानित किया। एसपी ने खिलाडियों को कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाडि?ों को नियमित अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली एवं खेल भावना के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी पवि दुबे ने एक माह चले शिविर का प्रतिवेदन दिया। शिविर में एक माह तक विभिन्न खेलों जैसे फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी एवं मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाडि?ों ने खेल कौशल के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास किया। समापन अवसर पर खिलाडि?ों द्वारा खेल प्रदर्शन एवं कौशल प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की। संचालन भानु प्रताप दसौधी ने किया। आभार जितेंद्र हिरवे ने माना।

## लायंस क्लब के अध्यक्ष सुधीर जैन निर्विरोध, संदीप राँका सचिव बने





**जावरा ।** लायंस क्लब के कुछ पदाधिकारीयो को इस बार भी मतदान के जरिए निर्वा चित होना पड़ा। क्लब पर समाज सेवा से ज्यादा राजनीति हावी है। क्लब की नई कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष सुधीर जैन ,प्रथम उपाध्यक्ष राजकुमार मारवाड़ी, सहसचिव संजय गोधा ,कोषाध्यक्ष विपिन चौरडिया एवं टेमर विजय राठौड़ निर्विरोध चुने गए । अन्य पदाधिकारीयो के लिए मतदान बड़े ही गहम गहमी माहौल में हुआ ।देर रात्रि में परिणाम घोषित हुए जिसमें द्वितीय उपाध्यक्ष पंकज कांठेड ने नीरज मेहता को 17 वोटो से पराजित कर विजय हुए। तृतीय उपाध्यक्ष लकी सोनी ने पार्षद रजत सोनी को पांच वोटो से हराया ।सचिव संदीप राँका मात्र एक वोट से विजय हुए ।बड़े ही कशमकश वातावरण में हुए चुनाव में मतो की दोबारा गिनती की गई ।फिर भी मनीष कोचर पराजित हुए । सह कोषाध्यक्ष कमल शारडा एवं टेल ट्विस्टर विनोद सेठिया विजय हुए । क्लब के 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए संचालक मंडल में 6 सदस्यों का चयन हुआ इसमें विशाल चतर, संजय त लेसरा ,संदीप दसेडा ,अशोक चोपड़ा ,अर्पित चतर, तथा राकेश कोचट्टा विजय हुए।

## बड़वानी में कल मनाया जाएगा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग और जिला प्रशासन बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में कल, 21 जून 2026 रविवार को १२वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह गरिमामयी आयोजन स्वस्थ आयु के लिए योग की विशेष थीम पर केंद्रित रहेगा।यह मुख्य कार्यक्रम बड़वानी स्थित श्री रामकुल्लेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़वानी-खरगोन क्षेत्र के लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्र पटेल रहेगे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का समय प्रातः ६ बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास संपन्न कराया जाएगा। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग बड़वानी द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों और नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लें और सामान्य योग प्रोटोकॉल का लाभ उठाकर अपने जीवन को स्वस्थ व आरोग्यता की ओर ले जाएं।

# बुरहानपुर की बहादरपुर सूत मिल के मजदूरों का भोपाल में उग्र प्रदर्शन

### मजदूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह बोले- इंदौर की हुकुमचंद मिल की तर्ज पर मिले बुरहानपुर के श्रमिकों को न्याय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर जिले की ऐतिहासिक बहादरपुर सहकारी सूत मिल के सैकड़ों पीड़ित मजदूरों को पिछले 28 सालों से लंबित बकाया राशि दिलाने के लिए शुक्रवार को राजधानी में जोरदार प्रदर्शन किया गया। बुरहानपुर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह के नेतृत्व में जुटे श्रमिकों ने वल्लभ भवन (मंत्रालय) के पास उग्र नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी मांगों का विस्तृत ज्ञापन सौंपा। अचानक हुए इस बड़े प्रदर्शन से मंत्रालय के प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया।

मजदूर नेताओं ने बताया कि वर्ष 1959 में स्थापित बहादरपुर सूत मिल मध्य प्रदेश की प्रमुख सहकारी मिलों में से एक थी। लेकिन वर्ष 1998 में प्रबंधन की लापरवाही के चलते यह मिल बंद हो गई। 1999 में जब इसके लिए लिक्विडेटर नियुक्त किया गया, तब कुल देनदारी महज 1.51 करोड़ रुपये थी। लेकिन पिछले 28 वर्षों में लिक्विडेशन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण ब्याज सहित यह राशि बढ़कर अब लगभग 56 करोड़ रुपये हो चुकी है। इसमें मजदूरों की भविष्य निधि (क्कस्न), ग्रेच्युटी, पेंशन और अन्य भत्ते शामिल हैं। वर्तमान में मिल पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुकी है।

प्रदर्शन के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए बुरहानपुर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा,

"हमारे लगभग 200 बुजुर्ग मजदूर साथी पिछले 28 वर्षों से न्याय की आस लगाए बैठे-बैठे इस दुनिया से विदा हो गए। अगर सरकार इंदौर की हुकुमचंद मिल के मजदूरों को 'इंदौर मॉडल' के तहत 224 करोड़ रुपये का भुगतान करके न्याय दे सकती है, तो बुरहानपुर के मजदूरों के साथ यह सौतेला और भेदभावपूर्ण व्यवहार क्यों किया जा रहा है?"

यूनियन ने शासन-प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बहादरपुर सूत मिल के मजदूरों के 56 करोड़ रुपये के भुगतान संबंधी कोई ठोस और आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया, तो बुरहानपुर का हर मजदूर अपने परिवार, महिलाओं और बच्चों के साथ भोपाल की सड़कों पर उतरकर अनिश्चितकालीन डेरा डालेगा। इस बड़े आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। इस प्रदर्शन में भोपाल के स्थानीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बुरहानपुर मजदूर यूनियन के प्रमुख कार्यकर्ता व सैकड़ों पीड़ित परिवार उपस्थित रहे।

**मजदूरों के हक में पहले भी झुकी है सरकार**

उल्लेखनीय है कि ठाकुर प्रियांक सिंह के नेतृत्व में बुरहानपुर मजदूर यूनियन लंबे समय से श्रमिकों के हक की लड़ाई लड़ रही है। इससे पहले टेक्सटाइल प्रोसेसिंग यूनिटों के मजदूरों के वेतन संशोधन के लिए की गई हड़ताल और बाइक रैलियों के बाद, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने मजदूरों के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसके बाद सरकार को अधिसूचना जारी करनी पड़ी थी। अब यह स्थानीय आंदोलन राज्य स्तर पर पहुंच चुका है।

## प्राकृतिक खेती कार्यशाला संपन्न, वैज्ञानिकों ने मिट्टी के सूक्ष्मजीवों एवं बीज उपचार के महत्व पर दिया जोर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित जन कल्याणकारी गतिविधियों के अंतर्गत ग्राम पंचायत दोंदवाडा में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आत्मा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला बड़वानी के निर्देशन में किया गया।

प्राकृतिक खेती कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, विधायक श्री श्याम बरडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सितोले, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, कृषि सखियों, बीआरसी एवं कृषकों की सक्रिय भागीदारी रही।

कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के तत्वावधान में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला में बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में महाराष्ट्र के शाहदा से पधारी डॉ. मंजुला पाटिल ने प्राकृतिक खेती में मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीवों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूक्ष्मजीव मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, पौधों को पोषक तत्व उपलब्ध कराने तथा फसलों के स्वस्थ विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने फसलों में रोगों की रोकथाम एवं बेहतर अंकुरण के लिए बीज उपचार की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में उपस्थित किसानों ने खेती से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया।

कार्यक्रम में विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती प्रमुख घटक बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, हयूमिक, निमास्त्र, ब्रहमास्त्रि की प्रदर्शनी लगाई गयी।

लोकसभा सांसद माननीय श्री गजेन्द्र सिंह पटेल ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए प्राकृतिक खेती का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल खेती की लागत कम करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ खाद्यान्न उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा पूर्व राज्य सभा सांसद माननीय डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को मिट्टी की नियमित जांच कराने की सलाह दी। रायासनिक दवाओं का उपयोग कम से कम करके परिवार के साथ-साथ देश की जनता के स्वास्थ्य की चिन्ता जताई साथ ही उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती करने की शपथ दिलाई।

पानसेमल विधायक श्री श्याम बरडे द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु आव्हान किया ।

## डॉ. यत्न जैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा का प्रभार, ग्रामीणों में हर्ष



**टांडा(धार)।** पिछले दिनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा से डॉ. नितिन श्रीवास्तव एवं डॉ. यत्न जैन के स्थानांतरण के बाद टांडा स्वास्थ्य विभाग चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा था। इस कारण प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों को उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। आमजन की इस समस्या को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन, मंडल महामंत्री जड़ाव मंडलोई, जनपद सदस्य भुरू भाई जाली, सुंदर भाई, प्रदीप गादिया, अनुराग सचान सहित स्थानीय भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारतीय, जिला ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेहड़ा सहित वरिष्ठ नेताओं से संपर्क कर डॉ. यत्न जैन की पुनः पदस्थापना के लिए आवेदन एवं निवेदन किया। इसके साथ ही टांडा नगर के साथ साथ जिला भाजपा नेतृत्व के प्रयासों के परिणामस्वरूप माननीय कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा डॉ. यत्न जैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा का प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए गए। इस नियुक्ति से टांडा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में हर्ष का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने जिला भाजपा नेतृत्व, कलेक्टर तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पद

**नेपानगर।** नेपानगर के ग्रामीण क्षेत्र के सीवल ग्राम में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 जून को डॉक्टर का ट्रांसफर होने के बाद से अब तक कोई भी डॉक्टर तैनात नहीं किया गया है। इससे आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## अवैध हथियारों की खैप के साथ तस्कर गिरफ्तार



**खरगोन।** अवैध हथियारों की बड़ी खैप के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह जानलेवा हथियार बेचने से पहले पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी के कब्जे से 10 देशी पिस्टल के साथ 17 मैगजीन भी जब्त की गई है। भगवानपुरा पुलिस ने यह कार्रवाई पिपल्या बावड़ी क्षेत्र में की है। आरोपी से जब्त की गई पिस्टल और मैगजीन की कीमत ३ लाख रुपये आंकी गई है।

शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि गोपनीय सूचना तंत्र को सक्रिय कर अवैध हथियारों पर कड़ी निगरानी रखने और उनके नेटवर्क को पहचान कर नष्ट करने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में १९ जून को सूचना मिली कि एक युवक अपने घर से अवैध पिस्टल बेचने के लिए खरगोन की तरफ निकला है।

सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर रवाना किया गया। पिपल्या बावड़ी रोड़ पर गठित दल ने सर्चिंग की। इसी दौरान एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसका पीछाकर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम राजपालसिंह पुत्र गुरुबचनसिंग सिकलीगर निवासी नवलपुरा बताया।

राजपालसिंह के पास मिले बैग की तलाशी लेने पर उसमें 10 देशी पिस्टल मैगजीन सहित और 7 अतिरिक्त मैगजीन मिलीं। राजपालसिंह को गिरफ्तार कर सामग्री जब्त की। राजपाल से उक्त हथियार कहां से लाए गए, कहां सप्लाय होना था। अब तक किसे हथियार सप्लाय किए गए, इसकी पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अवैध हथियार खरीद-फरोख्त का बड़ा नेटवर्क जिले में पनपा है।

## केबिनेट मीटिंग 'आचमन' का इंदौर में आयोजन किया गया

**सनावद /** लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी - 1 की प्री केबिनेट मीटिंग 'आचमन' का इंदौर में आयोजन किया गया। मीटिंग के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल थे।मीटिंग में क्लब की जीएमटी कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को दो दिवसीय स्कूलिंग सर्टिफिकेट में सम्मानित किया गया। जैन ने 1208 लायन सदस्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया।इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी त्रिपाठी,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.राम जाट,द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ.राजेंद्र सोडानी,पास्ट मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन ला.द्वारका जालान,जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिल धड़ीवाल,जी ई टी केबिनेट सेक्रेटरी ला.अनिल मोदी,केबिनेट ट्रेजरर ला.श्रवण त्रिपाठी, लायंस क्लब सनावद के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन,सचिव ला.अनिल अरझरे,ला.हेमंत दातार सर्टिफिकेट से सम्मानित कियां मीटिंग में क्लब के विभिन्न रीजन और झोन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम डुडगांव में कृषि चौपाल का आयोजन

**बेड़िया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण के पूर्ण होने के अवसर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को ग्राम डुडगांव में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। विधायक सचिन बिरला ने क्षेत्र के किसानों के साथ प्राकृतिक खेती के महत्व पर चर्चा की। विधायक ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आव्हान किया और कहा कि खेतों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से गेहूं,चना,सोयाबीन,मिर्ची,मूंग और सब्जियों आदि फसल में हानिकारक रासायनिक तत्वों की मात्रा बढ़ रही है और भूमि की उर्वरा शक्ति भी निरंतर कम होती जा रही है।फसलों में मौजूद रासायनिक तत्व स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। इसलिए किसान अपने खेतों में गाय के गोबर,गोमूत्र और नीम से बने प्राकृतिक उर्वरकों का प्रयोग करें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों डॉ.वाय.के जैन एवं डॉ.अनिता शुक्ला ने कृषकों की खेती संबंधी समस्याओं का समाधान किया और प्राकृतिक खाद तथा उर्वरक बनाने की विधि बताई। कृषि अधिकारी मदनसिंह कनास, डॉ.मना सोलंकी,मानसिंह ठाकुर एवं बीएस सेंगर ने किसानों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी। पीएम-किसान उत्सव दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा 23 वीं किस्त के तहत देश के 9.44 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तान्तरित की गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पिछले १२ वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री ने किसानों के उत्थान और आर्थिक आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया है।भारत का किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध बन रहा है।

## सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था 12 स्थानों पर एक साथ सामूहिक योग कराएगी संस्था

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था शहर और ग्रामीण अंचल के 12 स्थानों पर एक ही समय में सामूहिक योगाभ्यास कराएगी। इसके लिए संस्था ने अपने प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों को केंद्र आवंटित कर दिए हैं। मुख्य आयोजन से पूर्व शनिवार को भाजपा के शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल के महामंत्री मुकेश पोरवाल एवं 20 अन्य पदाधिकारियों ने रूपांतरण संस्था के सदस्यों के साथ योगाभ्यास कर तैयारियां परखीं।

शहर के प्रमुख सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में आयोजन संस्था द्वारा उज्जैन शहर में रूपांतरण योग केंद्र, बैंक ऑफ इंडिया, जीएसटी कार्यालय, डाक विभाग देवासगेट, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मक्सी रोड, वाल्मीकि धाम पिपलीनाका और सेठी नगर स्थित भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर योग कराया जाएगा। इन केंद्रों पर प्रशिक्षण के लिए खुशाल चावड़ा, खुशबू शर्मा, निहारिका आसवानी, स्नेहा जादव, आयुषी ठाकुर, गरिमा गिरी, अर्पणा रॉय, कुसुम सोलंकी, ज्ञानवती रैकवार, जयदीप सिंह, पंकज पाटीदार, अनुतोष नाइक, रीती शर्मा, कृति वर्मा और डॉ. मेनका कुरील को नियुक्त किया गया है।

उज्जैन के साथ ही बड़नगर तहसील के 5 प्रमुख स्थानों पर भी संस्था के कार्यकर्ता अपनी सेवाएं देंगे। शासकीय प्राथमिक विद्यालय पासलोद में वीरेन्द्र सिंह पण्ड्या, पल्दुना में लखन जाटी, शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसोद खुर्द में अर्जुन सिंह, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पल्दुना में डॉ. गंगाराम अहिरवार और शासकीय हाई स्कूल दंगवाड़ा में भूमिका डेव एवं सोनू पंचाल सामूहिक योगाभ्यास का संचालन करेंगे। रूपांतरण संस्था बीते ९ वर्षों से योग दिवस पर विभिन्न संस्थाओं में निःशुल्क योग प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित योग, ध्यान और ऊर्जा उपचार के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देते हुए एक सशक्त वेलनेस इकोसिस्टम विकसित करना है।

## स्कूलों में योजनाओं का टारगेट शतप्रतिशत पूर्ण करें-संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा

### संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक ली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के संभागीय व जिला अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा ने सभी संभाग के अधिकारियों को शाला विकास समिति के माध्यम से स्कूलों में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने सभी विभागों से शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं का टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल के कलेक्टर सभागार में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान छोटे बच्चों के ड्रॉप आउट,नामांकन में वृद्धि एवं ड्रॉप आउट में कमी, विद्यालयों में पुस्तक वितरण, मिशन अंकुर योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। नामांकन में वृद्धि एवं ड्रॉप आउट में सबसे कम प्रतिशत वाले जिले के अधिकारियों को टारगेट पूरा करने के निर्देश संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा ने दिए। उन्होंने स्कूलों में पुस्तक वितरण के बाद सही जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के साथ ही कहा कि सभी संभाग के अधिकारी जिले में स्थित सरकारी स्कूल भवनों की स्थिति का आंकलन कर लें। उन्होंने कहा कि शाला विकास समिति के माध्यम से स्कूलों के छोटे-छोटे आवश्यक कार्य सभी अधिकारी प्राथमिकता के साथ पूर्ण करा लें। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं में कुपोषित बच्चों के टारगेट, कुपोषण से सुधार की स्थिति, आंगनवाड़ी में ३ से ६ वर्ष के बच्चों के नाम दर्ज करने और आंगनवाड़ी केंद्रों को शाला परिसर में शिफ्ट करने, लाड़ली लक्ष्मी योजना समग्र सत्यापन करने, सक्षम आंगनबाड़ी फेस-१ फेस-२ की जानकारी, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन कराने और पीएम मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा ने लाड़ली बहना योजना के तहत लाभ लेने वाली लाड़ली बहना की मृत्यु होने पर संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जन्म मृत्यु पंजीयन अधिकारी को सूचना देने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने उपस्थित सभी संभाग के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की योजनाओं में दिए गए टारगेट पूरा नही कर पाए वे सभी विभाग एक-दो दिन में टारगेट पूरा कर पोर्टल पर सही जानकारी दर्ज करें। बैठक में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग, संयुक्त सं प्रभारी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन संभाग और समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### हिरासत में आया दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम महुडीपुरा रोड पर 18 जून को मंजू पति सत्यनारायण शर्मा और उसके प्रेमी कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा निवासी बैलाखेडा की हत्या होना सामने आया था। दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया था। हत्याकांड को मंजू के दामाद अनिल और उसके भाई कालूराम ने अपने साथी रफीक के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने अनिल और कालूराम को गिरफ्तार कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया। रफीक फरार था, जिसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी गई। शनिवार देर शाम पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। विदित हो कि दोहरे हत्याकांड के बाद दामाद अनिल और कालूराम से पूछताछ में सामने आया था कि अनिल ने मंजू शर्मा की बेटी से 12 लाख रूपये देकर शादी की थी। लेकिन मंजू की बेटी मायके चली गई थी। अनिल को शंका थी कि सास मंजू और उसका प्रेमी पत्नी को ससुराल जाने से रोक रहे है। जिसके चलते उसने भाई और साथी के साथ हत्या की साजिश रचकर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था।

### टक्कर मारने के बाद कार चालक से मारपीट

**उज्जैन।** जीवाजीगंज क्षेत्र के नयापुरा में रहने वाला निलेश पिता जगदीशचंद्र सोगी 50 साल शुक्रवार-शनिवार रात कार में सवार होकर देवास से उज्जैन लौट रहा था। रास्ते में ग्राम मताना में उसकी कार को आयशर ने टक्कर मार दी। निलेश ने कार रोक आयशर चालक को देखकर गाडी चलाने का बोला तो चालक और उसके 3 साथियों ने नीचे उतरकर आये और कार चालक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। निलेश योगी की शिकायत पर नरवर थाना पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज किया है। घटनास्थल पर लगे कैमरों की मदद से आयशर का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बदमाशों से लूट की पूरी राशि और मोबाइल बरामद

**उज्जैन।** ग्राम चंदेसरा का रहने वाला सौदान प्रजापत बजाज फायनेंस कंपनी में काम करता है। 13 जून को ढाबारोड स्थित गेबी हनुमान मंदिर दर्शन करने गया था। जहां से वापस ढांचाभवन मार्ग होते ही मक्सीरोड की ओर जा रहा था, उसी दौरान प्रीतिनगर दारू गोदाम के पास बाइक सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर उसके साथ लूट को अंजाम देते हुए 13 हजार 500 रूपये और मोबाइल लूट लिया था। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया था और सीसीटीवी कैमरों फुटेज देखे थे। जिसमें तीनों बदमाश बाइक से भागते दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान मायपुरी क्षेत्र के रहने वाले कृष्णा, मिथुन और लाखन के रूप में हुई थी। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि एक टीम तीनों की तलाश में लगी थी। तीनों को गुरूवार रात हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ के बाद लूट के 13 हजार 500 रूपये और मोबाइल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने कबूल किया कि वारदात के बाद तीनों से लापता हो गये थे और 4 दिनों से आसपास के क्षेत्रों में छुपकर रह रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### पत्नी से शराब पीने से रोका तो पति ने लाठी से पीटा



**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम कंडारिया में रहने वाली सरस्वती पति अमितसिंह 35 साल को शुक्रवार-शनिवार रात पुलिस उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंची। सरस्वती के साथ पति द्वारा मारपीट की गई थी। घायल सरस्वती ने बताया कि पति शराब पीने का आदी हो चुका है। रात में नशा कर लौटा था, जिसे शराब पीने से मान किया तो लाठी से बुरी तरह पीटा। मारपीट देखे आसपास के लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची है। फिलहाल पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज नहीं किया है। सरस्वती के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### शिफ्टिंग के दौरान युवक पर गिरा बिजली का पोल

**उज्जैन।** शांतिनगर चौराहा पर मार्ग चौडीकरण के दौरान क्रेन चालक द्वारा बिजली के खंबे को शिफ्टि करने का काम किया जा रहा था। इस दौरान क्रेन चालक की लापरवाही से बिजली का पोल वहां से गुजर रहे गोपाल पिता विजयसिंह परिहार निवासी शांतिनगर पर गिर गया। घटना में गोपाल घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दी गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने गोपाल के बयान दर्ज कर क्रेन चालक के खिलाफ गंभीर उपाहित कारित करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 469-9 | 156-2 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 233-8 | 370-0 |
| मिलन नाइट | 567-8 | 356-4 |
| मधुर डे | 880-6 | 560-1 |
| मधुर नाइट | 688-2 | 348-5 |
| शुभांक | 3 5 | 8 |

# पोस्टमार्टम के बाद फिर से साधु को दी गई समाधि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

समाधि में दबी लापता साधु की लाश को प्रशासन की अनुमति के बाद खोदकर बाहर निकाला गया था। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में लाश का उसी स्थान पर भाई की मौजूदगी में समाधि दी गई। साधु की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर सामने आ पायेगा।

जावरा के रहने वाले अनिल पिता किशोर जोशी ने 17 जून को उज्जैन आने के बाद चिमनगंज थाना पुलिस को भाई गंगेश्वरगिरी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी और बताया कि मंगलनाथ मंदिर के पास मलानी बाबा की कुटिया में रहता था। 10 जून से संपर्क नहीं हुआ है। मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर कुटिया पहुंचने पर सामने आया कि उसके भाई की मौत हो चुकी है और उसे कुटिया के पीछे समाधि दी गई है। अनिल जोशी ने भाई की हत्या का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच की मांग रखी। शुक्रवार को चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने प्रशासन की अनुमति के बाद समाधि खोदकर शव बाहर निकला और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। शनिवार पोस्टमार्टम के बाद शव को दोबारा उसी स्थान भाई की मौजूदगी में समाधि दी गई। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है।



### 8 से 9 दिन पुराना हो चुका था शव

चिमनगंज थाना एसआई लिबिन खेस ने बताया कि साधु गंगेश्वरगिरी का शव 8 से 9 दिन पुराना हो चुका था। उसे समाधि देने के के दौरान नमक में दबाया गया था। जिसके चलते शरीर की ऊपरी चमडी गल चुकी थी। भाई ने आरोप लगाया था कि गंगेश्वरगिरी के साथ नीमच के महाराज भास्करानंद और लगडा गुरू ने मारपीट की थी। 10 जून को मोबाइल पर बातचीत के दौरान विवाद की आवाज सुनाई दी थी। चमडी गलने से चोंट के निशान स्पष्ट नहीं हो पाये है। मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

### भाई बोला दोषियों को सजा मिले

16 साल पहले साधु बन चुके गंगेश्वरगिरी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराने और हत्या का आरोप लगाकर समाधि से शव निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम कराने वाले भाई अनिल जोशी ने कहा कि उसे पूरी शंका है कि भाई की हत्या में भास्करानंद और लगडा गुरू शामिल हो सकते है। अगर गंगेश्वरगिरी की मौत हो चुकी थी तो उसे समाधि देने वाले राजेश गुरू और कृष्णादास का परिजनों को सूचना देना थी। दोनों ने बाले-बाले समाधि दी गई है। उसे न्याय मिले और दोषियों को सजा हो।

# पुलिस की तत्परता से बची महिला की जान

### रात 2 बजे खाया था जहरीला पदार्थ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महिला द्वारा शुक्रवार-शनिवार रात 2 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया गया। सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां महिला की जान डॉक्टरों द्वारा बचा ली गई।

किशनपुरा में रहने वाली रोशनी पति राजकुमार शेर 27 साल 2 बच्चों की मां है और सिलाई का काम कर 2 बच्चों का पालन-पोषण करती है। पति शराबी है। जो आये दिन प्रता?त करता है। जिसकेचलते रोशनी ने रात 2 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिग?ने लगी तो उसने माधवनगर थाना एएसआई को कॉल किया। एएसआई मनोहर विश्वकर्मा, आरक्षक अशोक परमार और अरूण मौके पर पहुंचे, महिला को तत्काल उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर उसकी जान बचा ली। डॉक्टरों का कहना था कि आधा घंटा देरी होती तो महिला की जान बचा पाना मुश्किल होता। एएसआई विश्वकर्मा ने बताया कि 2 दिन पहले रात के समय रोशनी और उसके 2 बच्चों के लापता होने की शिकायत पति और मायापुरी में रहने वाली मां दर्ज कराने पहुंची थी। उस दौरान भी तत्काल रोशनी का पता लगाया गया था और उसे थाने बुलाया गया था। तब सामने आया था कि रोशनी सिलाई का काम करती है। पति शराब पीने का आदी है और आये दिन प्रता?त करता है। रोशनी का कहना था कि पति को छो? बच्चों के साथ अलग होना चाहती है, लेकिन मां और 2 बहने पति को नहीं छो?ने का दबाव बना रही है। उसका कहना था कि पति उसे जान से मार सकता है, उस दौरान मामला पारिवारिक होने पर सभी को समझाईश दी गई थी। तभी रोशनी ने उनका मोबाइल नम्बर सेव कर लिया था। उसके जहर खाने के बाद पति घर में मौजूद था और उसे तडफता देख रहा था। रोशनी के पास उनका नम्बर था, जिस पर उसने कॉल कर जहरीला पदार्थ खाने कीसूचना दी और पुलिस तत्काल किशनपुरा पहुंची। डॉक्टरों का कहना था कि आधा घंटा देरी होती तो महिला की जान जा सकती थी। एएसआई विश्वकर्मा ने बताया कि फिलहाल महिला का उपचार चल रहा है। पूरी तरह स्वस्थ्य होने पर बयान दर्ज कर आगे की विवेचना की जायेगी।

# खेत में काम कर रहे किसान की करंट लगने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खेत में काम कर रहे किसान को शनिवार दोपहर करंट लग गया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम टंकारिया में रहने वाला राहुल पिता दिनेश पटेल खेत पर काम करने गया था। उस दौरान वहां पडे खुले बिजली के तारों की चपेट में आ गया। करंट लगने पर उसकी मौके पर मौत हो गई। तभी बारिश का मौसम बनने पर परिवार खेत पर पहुंचा जहां उन्होने राहुल को तारों के बीच पडा देखा। उसे तत्काल तार हटाकर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### चलती ट्रेन में चाकू मारने वाला हिरासत में

**उज्जैन।** चलती ट्रेन में धक्का लगने पर युवक को चाकू मारने वाले बदमाश को जीआरपी ने हिरासत में लिया है। वहीं चाकू लगने पर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया है। उत्तरप्रदेश का रहने वाला अंशुमन तिवारी इंदौर हजरत निजामुउद्दीन एक्सप्रेस से उज्जैन आ रहा था। उसके साथ 3 साथी भी थे। उज्जैन स्टेशन आने से पहले अंशुमन ट्रेन के गेट पर आकर खडा हो गया। इसी दौरान एक युवक को धक्का लग गया और उसने विवाद शुरू कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी बड गई, अंशुमन के साथी बीच-बचाव के लिये आते उससे पहले विवाद कर रहे युवक ने चाकू निकालकर अंशुमन को घोंप दिया। चलती ट्रेन में चाकूबाजी की सूचना मिलते ही जीआरपी अलर्ट हो गई और ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही चाकू मारने वाले को हिरासत में लेकर घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रैफर किया गया है। बताया जा रहा है कि हिरासत में आया चाकू मारने वाला अरूण उर्फ लल्ला बर्मन है, जो महाकाल मंदिर क्षेत्र में तिलक लगाने का काम करता है। जीआरपी चाकू बरामद कर उससे पूछताछ कर रही है।

### 200 साधकों ने किया सामूहिक योग

**उज्जैन।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पार्श्वनाथ सिटी मंदिर प्रांगण में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय पर आधारित इस आयोजन में लगभग 200 योग साधकों और कॉलोनीवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम पतंजलि योग परिवार, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन उज्जैन और रघुप्रेम सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दत्त अखाड़े के बटुकों के मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन के साथ हुआ। श्रुति पैठणें, सुषमा यादव, श्रीकांत पैठणें और मनीषा ठाकुर ने दीप प्रज्वलित किया। राधिका ने तिलक लगाकर सभी योग साधकों का स्वागत किया। योगाचार्य सुषमा यादव के नेतृत्व में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन और ध्यान कराया गया।

# वियतनाम भेजने के नाम पर 3.50 लाख की धोखधडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त परिवार के साथ वियतनाम भेजने के नाम पर 3.50 लाख की धोखाधडी होने का मामला सामने आया है। 6 माह बाद मामले में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि प्रकाश नगर में रहने वाले 64 वर्षीय हरिप्रकाश पिता कल्याण वाडिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि परिवार के साथ वियतनाम जाने का टूर बनाया था। सोशल साईड पर टूर का विज्ञापन दिखाई देने पर उक्त नम्बर पर संपर्क किया गया, जो भोपाल की ड्रीम डेस्टिनेशन ट्रेवल्स का था। उन्होने टूर प्लान बताया, जो काफी अच्छा था। परिवार के सदस्यों के साथ बुकिंग की बात कहीं गई। 15 से 25 दिसंबर 2025 को उन्होने टिकट के नाम पर ऑनलाइन 3.50 लाख का ट्रांजेक्शन किया। 5 माह बाद वियतनाम जाना था, लेकिन टिकट बुकिंग करने वालों से संपर्क



नहीं हुआ। उन्होने भोपाल स्थित पते की जानकारी निकाली तो फर्जी नाम-पता होना सामने आया। जिसके बाद उन्हे धोखाधडी का आभास हुआ। हरिप्रकाश द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। जिसकी जांच के बाद मामले में धोखाधडी की धारा 318 (4) में प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। जल्द मामले में धोखाधडी करने वालों का पता लगाकर गिरफ्तारी की जायेगी।

### पाईप निकालने पर विवाद

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौद खुर्द में खेत पर लगा पाईप निकालने की बात पर विशुराज पिता ब्रजलाल राठौर और पुष्कर पिता कैलाश राठौर के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें 4 से 5 लोगों को चोंट लगी। इंगोरिया थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर चोंटग्रस्त लोगों को मेडिकल परीक्षण कराया है।

# डिवाइडर से टकराई कार, आंध्रप्रदेश के युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



देवासरोड पर शनिवार शाम हादसा हो गया। तेजगति से दौडती कार अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आंध्रप्रदेश के युवक की मौत हो गई। चालक और पार्टनर को मामूली चोंट लगी है। परिवार के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

आंध्रप्रदेश के श्रीकुलम का रहने वाला नेटी मणिकांता 31 साल इंदौर आया था और पार्टनर ओमप्रकाश पिता मांगीलाल धाकड निवासी महालक्ष्मीनगर इंदौर के साथ कार चालक बालकिशन पिता राधेश्याम के साथ शनिवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। बताया जा रहा है कि दर्शन के बाद शाम को तीनों वापस इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान नागझिरी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर ब्रिज के नीचे चंदेसरी मार्ग देवासरोड पर अचानक कार अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। पीछे बैठा नेटी मणिकांता गंभीर घायल हो गया। उसे नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। देर शाम निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. जितेन्द्र शमा ने परीक्षण के बाद मौत की पुष्टि कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश धाकड़ और चालक बालकिशन को मामूली चोंट लगी थी। मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी श्री संभव करकरे पिता श्री मिलिंद करकरे निवासी ऋषि नगर, देवास रोड, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक-ए-10/7 स्थित ऋषि नगर कालोनी, देवास रोड, उज्जैन उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 96.75 वर्गमीटर है भवन लीजहोल्ड राईट्स का है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री कराना बाकी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 20-06-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी सलाउद्दीन शेख पिता श्री रफीउद्दीन शेख व्यवसाय नौकरी निवासी खंदार मोहल्ला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य के भवन म्यु. सर्वे कमांक 1463/3 का भाग स्थित माँ दुर्गा कॉलोनी आगर रोड़ उज्जैन में स्थित है उक्त भवन दो मंजिला बना होकर जिसकी तल मंजिल में स्थित दुकान जो कि पक्की आर.सी. सी. की बनी होकर कमर्शियल उपयोग की है तथा प्रथम मंजिल पर स्थित कमरा टीनशेड निर्मित होकर आवासीय उपयोग का है उक्त संपूर्ण भवन तल लगायत प्रथम मंजिल का कुल क्षेत्रफल 35.34 वर्गमीटर को मय जमीन तला व उसमे किये हुए कुल निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्कर्स बिजली कनेक्शन एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है और अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 20-06-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यालय 2. द्रविड़ मार्ग कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो.बा. 99812-60727**

पुण्य स्मरण

स्व. ठा. बख्तावरसिंह डोडिया (दरबार)



की आज 26वीं पुण्यतिथि पर

अश्रुपूरित श्रद्धासुमन

श्रद्धावनत्- ठा. जगमोहनसिंह, ठा. जोरावरसिंह, ठ. प्रीतमसिंह, ठा. जितेन्द्रसिंह, ठा. देवेन्द्रसिंह, ठा. वीरेन्द्रसिंह (विक्की) एवं समस्त डोडिया परिवार, ठिकाना जैथल

फर्म- ॐ साँईराम कृषि फार्म जैथल

मो. नं. 98933-37391, 98269-94919

# सीप के समान बनो



भारतवर्ष में एक सुंदर किंवदंती प्रचलित है। वह यह कि आकाश में स्वाति नक्षत्र के तुंगस्थ रहते यदि पानी गिरे और उसकी एक बूंद किसी सीपी में चली जाए, तो उसका मोती बन जाता है। सीपियों को यह मालूम है। अतएव जब यह नक्षत्र उदित होता है, तो सीपियां पानी की ऊपरी सतह पर आ जाती हैं और उस समय की एक अनमोल बूंद की प्रतीक्षा करती रहती हैं। ज्योंही एक बूंद पानी उनके पेट में जाता है, उस जलकण को लेकर मुंह बंद करके वे समुद्र के अथाह गर्भ में चली जाती हैं, और वहां बड़े धैर्य के साथ मोती तैयार करने के प्रयत्न में लग जाती हैं।

हमें भी उन्हीं सीपियों की तरह होना होगा। पहले सुनना होगा, फिर उसे समझना होगा और अंत में बाहरी संसार से दृष्टि हटाकर, सब प्रकार की विक्षेपकारी बातों से दूर रहकर हमें अंतर्निहित सत्य तत्व के विकास के लिए प्रयत्न करना होगा। एक भाव को नया कहकर ग्रहण करके, उसकी नवीनता चली जाने पर फिर दूसरे नए भाव का आश्रय लेना, इस प्रकार बारंबार करने से तो हमारी सारी शक्ति ही इधर-उधर बिखर जाएगी। इसलिए एक भाव को पकड़ो और उसी को लेकर रहो। उसका अंत देखे बिना उसे मत छोड़ो। जो लोग एक भाव लेकर, उसी में मत्त रह सकते हैं, उन्हीं के हृदय में सत्य तत्त्व का उन्मेष होता है। जो लोग यहां का कुछ, वहां का कुछ, सब विषयों को चखते जाते हैं, वे वास्तव में कभी कोई चीज नहीं पा सकते। वे चिरकाल तक प्रकृति के दास बने रहेंगे, कभी अतीद्रिंय राज्य में विचरण न कर सकेंगे। जां सचमुच योगी होने की इच्छा करते हैं, उन्हें थोड़ा-थोड़ा हर विषय को पकड़ने की वृत्ति सदैव के लिए छोड़ देनी होगी।

**सम्पादकीय**

## अकेला पड़ता इजरायल

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध रोकने पर बनी सहमति का जहां दुनिया के ज्यादातर देश स्वागत कर रहे हैं, वहीं इजरायल की चिंता छिप नहीं रही है। अफसोस, युद्ध के अंत पर सहमति के बावजूद इजरायल ने लेबनान को निशाना बनाया। इससे कई सवाल खड़े हो गए। क्या युद्ध की समाप्ति के लिए इजरायल वाकई मन से राजी हो सका है? क्या वह फिर लेबनान को निशाना नहीं बनाएगा? ध्यान देने की बात है कि अभी सिर्फ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं, शांति-समझौते को दो महीने में अंतिम रूप दिया जाना है। वैसे, खुद अमेरिका में ताजा सहमति पर आपत्ति जताई जा रही है। सहमति को अमेरिका के प्रतिकूल माना जा रहा है और इसकी चिंता अमेरिकी नेतृत्व से ज्यादा इजरायली नेतृत्व को है। सहमति पत्र पर दस्तखत के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई भी सक्रिय हो गए हैं और वह आगे अमेरिका से सीधी बातचीत के इच्छुक दिख रहे हैं।

दुनिया देख रही है, इस सहमति से ईरानी नेतृत्व प्रसन्न है। तेहरान नहीं चाहेगा कि अमेरिका ताजा सहमति से पीछे हटे। एक ओर, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देगा, तो दूसरी ओर, वह चाहेगा कि उसे अपने पुनर्निर्माण के लिए वादे के मुताबिक, 300 अरब डॉलर जल्द से जल्द मिल जाएं। इन दोनों मुद्दों पर अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति पर इजरायल में चिंता बहुत हद तक जायज है। ईरान के पुनर्निर्माण के मायने इजरायल के लिए बिल्कुल अलग हैं। ईरान परंपरागत रूप से हिजबुल्लाह जैसे हिंसक संगठनों का पैरोकार रहा है और हिजबुल्लाह से इजरायल की अदावत बहुत पुरानी है। सहमति अमेरिका-ईरान के बीच बनी है। इजरायल-ईरान या इजरायल-हिजबुल्लाह या इजरायल-हमास के बीच नहीं। आशंका है, ईरान के पुनर्निर्माण के साथ कहीं पश्चिम एशिया में इजरायल विरोधी आतंकी संगठनों का पुनर्निर्माण न होने लगे। ईरान के लिए अमेरिका दूर है और इजरायल पास। ईरान की मिसाइलें अमेरिकी जमीन तक नहीं पहुंचतीं, पर इजरायल तक पहुंचती हैं। हिजबुल्लाह और ईरान के हमले में कम से कम 60 इजरायलियों की मौत हुई है। गौरतलब है, हिजबुल्लाह ही नहीं, हमास जैसे आतंकी संगठन को भी ईरान से मदद मिलती रही है। साल 2023 में 7 अक्तूबर को हमास ने जब हमला किया था, तब हजार से अधिक इजरायली मारे गए थे और अनेक बंधक बनाए गए

### अंतर्राष्टीय योग दिवस (21 जून 2026)

## योग साधना से स्वस्थ तन- शाँत मन और सर्वांगीण विकास होता है

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत की प्राचीन ज्ञान-परंपरा, आध्यात्मिक चेतना , आनंद का आयाम एवं सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक सम्मान का प्रतीक है। योग भारत की वह अमूल्य धरोहर है , जिसने समय, सीमाओं और भाषाओं की बाधाओं को पार करते हुए विश्व मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन, शाँति,आनंद प्राप्ति एवं सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। आज योग केवल भारत की पहचान नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक जीवन-दर्शन बन चुका है। करोड़ों लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति का अनुभव कर रहे हैं।



आचार्य शैलेन्द्र पाराशर
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान समय में मानव जीवन भौतिक प्रगति के दौर से गुजर रहा है। विज्ञान और तकनीक ने जीवन को जहां सुविधाजनक बनाया है, किंतु इसके साथ ही तनाव, अवसाद, चिंता, अकेलापन, असंतोष और मानसिक अशांति जैसी समस्याएँ भी तेजी से बढ़ी हैं। भौतिक उपलब्धियों की निरंतर दौड़ में मनुष्य अपने भीतर के आनंद और शाँति से दूर होता जा रहा है। ऐसे समय में योग एक ऐसी जीवन-पद्धति के रूप में सामने आया है जो मनुष्य को स्वयं से जोड़ते हुए उसे संतुलित, स्वस्थ और आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा एवं शक्ति देता है।

योग शब्द संस्कृत धातु युज् से बना है, जिसका अर्थ है– जोड़ना। योग का अर्थ है- आत्मा का परमात्मा से, व्यक्ति का समष्टि से तथा शरीर, मन और बुद्धि का परस्पर समन्वय स्थापित करना। योग केवल शारीरिक क्रियाओं का समूह नहीं है, बल्कि यह जीवन को समग्रता में समझने और जीने का विज्ञान है। योग मनुष्य को बाह्य जगत की सांसारिक क्रियाओं से ऊपर उठाकर उसके आंतरिक अस्तित्व की विलक्षण शक्तियों की साधनाओं से शक्तिशाली बनाता है। यही कारण है कि योग को जीवन जीने की कला और विज्ञान दोनों कहा गया है।योग साधना से निरोगी काया, शाँत मन एवं उत्कृष्ट शक्तियों से व्यक्तित्व का निर्माण होता है।



भारतीय संस्कृति में योग का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। हमारे ऋषियों, मनीषियों, योगियों और संतों ने हजारों वर्षों तक योग साधना के माध्यम से चेतना के गहन आयामों का अनुभव किया और मानव कल्याण के लिए योग की विभिन्न पद्धतियों का विकास किया। योग के माध्यम से मनुष्य अपनी अंतर्निहित शक्तियों, क्षमताओं और संभावनाओं को जागृत कर सकता है। यह केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का आधार है।

योग साधना से मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक पक्षों का संतुलित विकास होता है। नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ, लचीला और ऊर्जावान बनाता है। योग से प्राणायाम श्वास-प्रश्वास को नियंत्रित कर जीवन-ऊर्जा का संतुलन स्थापित करता है। ध्यान मन को एकाग्र और शाँत बनाता है, जबकि योग की उच्चतर साधनाएँ व्यक्ति को आत्मबोध और आत्मसाक्षात्कार की दिशा में अग्रसर करती हैं।

आज का मनुष्य अनेक प्रकार की इच्छाओं, आकांक्षाओं और भौतिक सुखों की तृष्णा में निरंतर व्यस्त है। उसका मन एक क्षण भी स्थिर नहीं रहता। वह बाहरी उपलब्धियों में सुख खोजता है, किंतु स्थायी संतोष प्राप्त नहीं कर पाता। महर्षि पतंजलि ने योग को चित्तवृत्ति निरोध बताया है, अर्थात मन की चंचल वृत्तियों को नियंत्रित कर उसे स्थिर बनाना योग है। जब मनुष्य का मन विषय-वासनाओं और विक्षेपों से मुक्त होकर भीतर की ओर उन्मुख होता है, तब वह वास्तविक आत्म आनंद का अनुभव करता है। यही आत्मानंद योग का सर्वोच्च प्रतिफल है। योग आनंद, स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास का विज्ञान है।

योग साधना का महत्व केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव परिवार, समाज और राष्ट्र के जीवन पर भी पड़ता है। योग व्यक्ति को संयम, अनुशासन, सहिष्णुता, करुणा और सकारात्मकता का पाठ पढ़ाता है। जब व्यक्ति संतुलित और आनंदित होता है, तब वह समाज में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इस प्रकार योग सामाजिक समरसता और विश्वबंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम बनता है।

आज भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर पश्चिमीकरण, औद्योगिकीकरण, आधुनिकीकरण, बाजारीकरण और वैश्वीकरण का व्यापक प्रभाव एवं धन का महत्व बढ़ता जा रहा है। जीवन की भागदौड़ में मनुष्य के पास स्वयं के लिए समय नहीं है। इसके परिणामस्वरूप तनाव,अवसाद, अकेलापन, निराशा और मानसिक रोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। अनेक लोग आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के बाद भी मानसिक रूप से अशांत और असंतुष्ट दिखाई देते हैं। ऐसे समय में योग साधना मानव जीवन को नई दिशा और नई चेतना प्रदान करता है। योग हमें यह सिखाता है कि ,वास्तविक सुखानुभूति एवं आनंद बाह्य परिस्थितियों में नहीं, बल्कि हमारे भीतर निहित है। आनंदित रहना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। योग उस आनंद को जागृत करने का माध्यम है। योग साधना से आत्मविश्वास, आत्मबल एवं आत्मानंद का विकास होता है। इससे व्यक्ति जीवन की विषम परिस्थितियों से घबराने के बजाय उनका सामना करने की क्षमता विकसित कर सकता है। योग साधना मनुष्य को परिस्थितियों का दास नहीं, बल्कि उनका स्वामी बनाता है।

महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का वैज्ञानिक मार्ग है। इसके आठ अंग– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, व्यक्ति को ध्यान और समाधि बाह्य और आंतरिक अनुशासन की ओर ले जाते हैं।

## सक्रिय बुढ़ापा और मानसिक संतुलन

12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विश्व भर में मनाया जाएगा । जिसका केंद्रीय भाव –स्वस्थ आयु के लिए योग है.यह विषय इस बात पर विशेष जोर देता है कि बढ़ती उम्र के साथ भी व्यक्ति किस प्रकार योग के माध्यम से शारीरिक रूप से सक्रिय, आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त जीवन जी सकता है।इस थीम के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'हेल्दी एजिंग दशक' के लक्ष्यों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर और मस्तिष्क में आने वाले बदलावों को योग के माध्यम से कैसे सकारात्मक बनाया जाए, यही इस थीम का मुख्य लक्ष्य है. सिर्फ लंबी उम्र जीना ही काफी नहीं है, बल्कि जीवन के अंतिम वर्षों तक पूरी तरह स्वस्थ, गतिशील और आत्मनिर्भर बने रहना आवश्यक है।बुजुर्गों में जोड़ों का लचीलापन बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूती देने और 'कटि शक्ति विकासक' जैसी क्रियाओं से रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखना आवश्यक है।साथ ही मानसिक और भावनात्मक मजबूती और तनाव को योग के द्वारा बढ़ती हुई उम्र में काफी हद तक कम किया जा सकता है। योग बेहतर नींद लाने में मदद करता है और बुढ़ापे में मानसिक शांति बनाए रखता है। अतःश्कल्याण, ज्ञान और विश्व शांति के लिए योगश्है । यह विषय केवल एक समसामयिक नारा नहीं, बल्कि मानवता के समग्र उत्थान का शाश्वत दर्शन है। 'कल्याण' का अर्थ केवल रोगों से मुक्ति नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा का एक ऐसा सामंजस्य है, जहां जीवन अपनी पूर्ण जीवंतता के साथ स्पंदित होता है। योग इस शारीरिक और मानसिक कल्याण की नींव रखता है। जब यह सुदृढ़ नींव तैयार होती है, तब अंतःकरण में 'ज्ञान' का उदय होता है। यह ज्ञान किताबी जानकारियों से परे आत्म-साक्षात्कार और विवेक की वह रोशनी है, जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर मनुष्य को सही और गलत का भेद सिखाती है।

**- विशाला शर्मा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 जून 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:46 सूर्यास्त 19:11
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - सप्तमी 15:21 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - पूवार्फाल्गुनी 09:31 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - सिद्धि 11:21 व्यतिपात
करण - वणिज
चन्द्रमा - सिंह में है। 15:39 पर कन्या में प्रवेश करेगा।

**मेष-** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा।

**वृषभ-** कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन-** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क-** नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**सिंह-** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी।

**कन्या-** नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक-** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु-** पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें।

**मकर-** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**कुंभ-** बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन-** घर में अतिथियों का आगमन होगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

### बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## मुख्य विषय - स्वस्थ आयु के लिए योग

21 जून 2026को बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संपूर्ण विश्व एक साथ मनाने जा रहा है। योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। आचार्य पतंजलि के अनुसार योग चित्त वृत्ति निरोधः चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग कहलाता है। योग स्वस्थ जीवन की कला एवं विज्ञान है योग अभ्यास शरीर एवं मन ,विचार एवं कर्म ;आत्म संयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। योग एक विज्ञान है जो शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने का ज्ञान करता है यह किसी प्रजाति आयु लिंग धर्म जाति के प्रतिबंधन से मुक्त है।



डॉ प्रकाश जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

योग साधनाओं में यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि बंध मुद्रा एवं षट्कर्म युक्तआहार मंत्र जाप युक्त कर्म आदि साधनाओं का अभ्यास सबसे अधिक किया जाता है। यम प्रतिरोधक एवं नियम अनुपालन है इन्हें योग अभ्यास के लिए पूर्व अपेक्षित एवं अनिवार्य माना गया है, आसन का अभ्यास शरीर एवं मन में स्थायित्व लाने में सक्षम है, प्राणायाम श्वास प्रश्वास प्रक्रिया का सुव्यवस्थित एवं नियमित अभ्यास है ,यह मन पर नियंत्रण स्थापित करने में सहायता करता है प्रत्याहार के अभ्यास से व्यक्ति स्वयं की इंद्रियों के माध्यम से सांसारिक विषय का त्याग कर अपने मन तथा चैतन्य केंद्र के एकीकरण का प्रयास करता है ,धारणा का अभ्यास मनोयोग के व्यापक आधार क्षेत्र के एकीकरण का प्रयास करता है यह एकीकरण बाद में ध्यान में परिवर्तित हो जाता है और इसी ध्यान में चिंतन (शरीर एवं मन के भीतर केंद्रित ध्यान)एवं एकीकरण रहने पर कुछ समय पश्चात समाधि की अवस्था में परिवर्तित हो जाता है।

इस वर्ष का मुख्य विषय है *₹स्वस्थ आयु के लिए योग* । ₹आयुर्वेद में चार प्रकार की आयु का वर्णन किया गया है सुखायु ,दुखायु,हितायु और अहित आयु। जो मनुष्य शारीरिक मानसिक रोगों से ग्रस्त नहीं है,जो युवा है ,प्रत्येक कार्य करने में समर्थ है ,इंद्रियों के बल के समुदाय से युक्त है ,ऐसे पुरुष की आयु सुखायु कही जाती है। जो मनुष्य प्राणियों की भलाई करता है जो ज्ञान शील, विज्ञानशील तपस्या ,ज्ञान और शांति के कार्यों में लगे रहते हैं उनकीआयु को हितआयु कहते हैं।

योग सुख आयुऔर हितआयु के कारकों को बढ़ाने वाला है। आइए

हम सब साथ मिलकर स्वस्थ भारत सशक्त भारत के संकल्प को नई ऊर्जा दें और एक स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन शैली की और कदम बढ़ाए क्योंकि स्वस्थ शरीर, शांत मन समग्र कल्याण का एक सशक्त माध्यम है। योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से बढ़कर वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण का प्रतीक बन चुका है

## योग: स्वस्थ जीवन, संतुलित मन और समृद्ध समाज का आधार

योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। भारतीय संस्कृति की इस अमूल्य धरोहर ने आज पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। हजारों वर्षों से ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाई गई योग परंपरा आज आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर भी खरी उतर रही है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाती है। यह दिन केवल योगाभ्यास का नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और संतुलित जीवन का संकल्प लेने का अवसर भी है। आज का समय भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और तनाव से भरा हुआ है। अनियमित दिनचर्या, फास्ट फूड, देर रात तक जागना, शारीरिक श्रम की कमी और मानसिक दबाव के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय रोग, अनिद्रा और अवसाद जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग एक ऐसी जीवनशैली के रूप में सामने आया है जो बिना किसी दुष्प्रभाव के शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखने का मार्ग दिखाता है।



अर्पित हरदेनिया
(दैनिक अवन्तिका)

योग का अर्थ केवल कठिन आसन करना नहीं है। संस्कृत के युज धातु से बने योग का अर्थ है जोड़ना– अर्थात शरीर, मन और आत्मा का मिलन। योग व्यक्ति को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से भी मजबूत बनाता है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है। योग के अनेक शारीरिक लाभ हैं। नियमित रूप से योगासन करने से शरीर लचीला और मजबूत बनता है, मांसपेशियों में शक्ति आती है, रीढ़ की हड्डी स्वस्थ रहती है तथा जोड़ों का दर्द कम होता है। प्राणायाम फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ाता है, रक्त संचार को बेहतर बनाता है और शरीर में ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा पहुंचाता है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और व्यक्ति कई बीमारियों से सुरक्षित रहता है। मोटापा नियंत्रित करने, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों के प्रबंधन में भी योग की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग का योगदान और भी अधिक महत्वपूर्ण है। आज तनाव और चिंता लगभग हर आयु वर्ग की समस्या बन चुके हैं। योग, ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं, तनाव के स्तर को कम करते हैं तथा एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाते हैं। विद्यार्थियों के लिए योग पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने का प्रभावी माध्यम है, जबकि नौकरीपेशा लोगों के लिए यह कार्यक्षमता और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। बुजुर्गों के लिए योग शरीर को सक्रिय रखने और आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद करता है। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए भी योग अत्यंत लाभकारी है। नियमित योगाभ्यास हार्मोनल संतुलन बनाए रखने, कमर और पीठ दर्द से राहत देने तथा गर्भावस्था के दौरान उचित मार्गदर्शन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायक होता है। बच्चों में योग अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।

योग का महत्व केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाता है। योग व्यक्ति में धैर्य, सहनशीलता, अनुशासन, करुणा और आत्मसंयम जैसे गुणों का विकास करता है। जब व्यक्ति मानसिक रूप से शांत और संतुलित होता है, तो परिवार और समाज में भी सौहार्द और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। भारत ने योग की इस महान परंपरा को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का कार्य किया है। वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा जिसे रिकॉर्ड संख्या में देशों का समर्थन मिला।

### विश्व योग दिवस (21 जून 2026) पर विशेष

## योग : जीवन को सहज, सरल और नैतिक बनाता



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

आज का मनुष्य जितना व्यस्त, तनावग्रस्त और असंतुलित है, शायद पहले कभी नहीं था। भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी दौड़, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, तकनीकी निर्भरता और रिश्तों की जटिलताओं ने जीवन को उलझा दिया है। स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, मन अशांत है और नैतिक मूल्य कमजोर पड़ते जा रहे हैं। ऐसे समय में भारतीय ऋषियों की अमूल्य देन योग जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की पद्धति नहीं, बल्कि जीवन को सहज, सरल और नैतिक बनाने वाला संपूर्ण जीवन-दर्शन है।

योग शब्द संस्कृत धातु युज से बना है, जिसका अर्थ है-जोड़ना। योग शरीर को मन से, मन को आत्मा से और आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। महर्षि पतंजलि ने कहा है- योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः, अर्थात मन की चंचल वृत्तियों का निरोध ही योग है। जब मन शांत होता है, तब जीवन की अनेक समस्याएँ स्वतः सरल हो जाती हैं। इसलिए योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन और आंतरिक शांति का मार्ग है। योग की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हैं-

योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनंजय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥

अर्थात सफलता और असफलता में समभाव रखते हुए, आसक्ति छोड़कर कर्म करना ही योग है। गीता का एक अन्य प्रसिद्ध सूत्र है- योगः कर्मसु कौशलम, अर्थात कर्मों में कुशलता ही योग है। योगी व्यक्ति बिना तनाव और लालसा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, जिससे जीवन अधिक संतुलित और सहज बनता है।

पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि-मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। इनमें यम और नियम नैतिक जीवन की मजबूत नींव रखते हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे यम तथा शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान जैसे नियम व्यक्ति के चरित्र को सुदृढ़ बनाते हैं। आज तनाव अधिकांश शारीरिक और मानसिक समस्याओं का मूल कारण बन चुका है। नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ, लचीला और ऊर्जावान बनाता है। प्राणायाम श्वास को संतुलित कर मानसिक तनाव कम करता है, जबकि ध्यान मन को एकाग्र और शांत बनाता है। सूर्य नमस्कार पूरे शरीर को सक्रिय करता है और शवासन गहन विश्राम प्रदान करता है। अनेक वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी सिद्ध किया है कि योग नींद की गुणवत्ता सुधारता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है तथा मानसिक स्पष्टता प्रदान करता है। योग का एक महत्वपूर्ण संदेश है-सादगी। आज जितना अधिक मनुष्य संग्रह करता है, उतनी ही चिंताएँ बढ़ती हैं। योग अपरिग्रह और संतोष का पाठ पढ़ाता है। कहा गया है-संतोषः परमं सुखम, अर्थात संतोष ही सर्वोच्च सुख है। योगी व्यक्ति आवश्यकताओं को सीमित रखकर जीवन को सरल बनाता है और भौतिक वस्तुओं का दास नहीं बनता। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति वर्तमान में जीना सीखता है। वह न तो अतीत की स्मृतियों में उलझता है और न ही भविष्य की चिंताओं में। परिणामस्वरूप जीवन अधिक सहज, संतुलित और आनंदमय बन जाता है। योग की विशेषता यह भी है कि इसके लिए किसी महंगे उपकरण या विशेष व्यवस्था की आवश्यकता नहीं होती। एक शांत स्थान, थोड़ी-सी जागरूकता और नियमित अभ्यास ही पर्याप्त है।

योग का सबसे गहरा प्रभाव नैतिकता पर पड़ता है। यम और नियम व्यक्ति को सत्य, संयम, करुणा और आत्मानुशासन की ओर प्रेरित करते हैं। अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से बचना नहीं, बल्कि विचारों और वाणी में भी संवेदनशीलता बनाए रखना है। सत्य व्यक्ति को आत्मविश्वास देता है, जबकि ब्रह्मचर्य और संयम जीवन में संतुलन स्थापित करते हैं। योगी प्रत्येक प्राणी में समान आत्मा का दर्शन करता है। यही दृष्टि भेदभाव मिटाकर सच्ची नैतिकता और मानवता को जन्म देती है। योग लोभ, क्रोध, मोह और अहंकार जैसे विकारों पर विजय पाने की शक्ति देता है। इसलिए कहा गया है- मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। योग की वैश्विक महत्ता को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया। 177 देशों के अभूतपूर्व समर्थन से यह प्रस्ताव पारित हुआ। तब से प्रत्येक वर्ष विश्वभर में करोड़ों लोग योगाभ्यास कर इसके स्वास्थ्य और आध्यात्मिक लाभों का अनुभव करते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्ड- 1,47,400 रवा- 1,47,000 चांदी-टंच- 2,38,500 पाट- 2,38,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## जैविक खेती अपनाने का दिया संदेश किसानों को बताए प्राकृतिक कृषि के लाभ

**शुजालपुर।** केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण अभियान के तहत शुक्रवार को मानस भवन शुजालपुर मंडी में जैविक एवं प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों ने सहभागिता कर प्राकृतिक खेती को समय की आवश्यकता बताया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री एवं नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस तथा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामचंद्र पाटोदिया मौजूद रहे। द्वितीय सत्र में नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राधेश्याम जाट मंचासीन रहे। वहीं तृतीय सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे ने की तथा उन्नत किसान शरद भंडावत ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को देखते हुए किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर बढ?ा चाहिए। इससे भूमि की उर्वरता बनाए रखने, उत्पादन लागत घटाने और गुणवत्तापूर्ण कृषि उपज प्राप्त करने में मदद मिलती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खेती की तकनीकों, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग तथा फ सल उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। कार्यशाला में कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों, वरिष्ठ नागरिकों एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## उन्हेल में 300 वा साप्ताहिक मधुमेह जाँच शिविर संपन्न




**उन्हेल।** न्यू बस स्टैंड उन्हेल पर लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के तत्वाधान में नगर परिषद उन्हेल के सहयोग से ला. डॉ. ओम बैरागी के नेतृत में आज 300 वे साप्ताहिक मधुमेह जाँच शिविर में नगर परिषद उन्हेल अध्यक्ष श्री शांतिलाल हलकारा, उपाध्यक्ष श्री अखिलेश उपाध्याय, सभापति एवं उन्हेल मण्डल अध्यक्ष डॉ राजकुमार जैन, पार्षद प्रतिनिधि श्री चंदर चौहान, गोविंद नन्देड़ा, लायंस क्लब अध्यक्ष ला.डॉ.हिमांशुदत्त पांडेय के आतिथ्य में मुख्य रूप से क्लब के वरिष्ठ ला.विनयराज शर्मा , ला.निर्मल जैन , ला.अजय गरवाल ला.सलीम खान , ला.रोहित प्रजापत , प्रवीण जैन , एडव्होकेट शुभम सोलंकी, नितेश जैन लाला , राजेन्द्र मोदी , बालकृष्ण गुप्ता , पूनमचंद खमोरिया , डॉ.शुभांशु बैरागी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे , इस सेवा गतिविधि में निरंतर सहयोग के लिए क्लब द्वारा गोविन्द सलित्रा, प्रवीण जैन, एडव्होकेट शुभम सोलंकी, राजपाल का विशेष सम्मान किया गया, संचालन गोविंद सलित्रा ने एवं आभार क्लब कौषाध्यक्ष ला.सलीम खान ने माना ।

## नगर परिषद को मिला नया प्रभारी, अतिक्रमण हटाने और विकास कार्यों को मिलेगी गति



**अकोदिया।** नगर परिषद अकोदिया में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव हुआ। कुकड़ेश्वर से स्थानांतरित होकर आए कमल परमार ने नगर परिषद अकोदिया के प्रभारी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। प्रभारी अधिकारी कमल परमार ने पदभार संभालने के बाद नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए विशेष निगरानी व्यवस्था बनाई जाएगी। परमार ने बताया कि नगर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए एक दल गठित किया गया है, जो बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तथा हाट बाजार क्षेत्र तक अतिक्रमण की स्थिति का सर्वे कर कार्रवाई करेगा। उन्होंने बस स्टैंड परिसर में यात्री बसों के बाहर खड़े होने से होने वाली अव्यवस्था और यातायात बाधा को दूर करने के लिए संबंधित संचालकों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। आगामी वषार्काल को देखते हुए नगर की नालियों एवं नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही नगर में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों का भी निरीक्षण कराया जाएगा और आवश्यकतानुसार सुरक्षा की दृष्टि से कार्रवाई की जाएगी।

**दैनिक अवन्तिका**
**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**
बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।
सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

### पचोर शुजलपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, अस्पताल की दोनों एम्बुलेंस खराब

# सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत, चार घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



पचोर मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल शुजालपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में ले जाने के दौरान दो घायलों की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार राजगढ़ जिले के तलेन थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइक सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में स्कॉर्पियो चालक भी चोटिल हुआ। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए शुजालपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया।

तलेन थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में इकलेरा निवासी हनीफ खान 50 वर्ष, आयशा बी 40 वर्ष और मुमताज बी 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्कॉर्पियो चालक सारंगपुर निवासी गोकुल लोधा को भी गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में मुमताज बी का एक हाथ कट गया और काफी खून भी निकला, महिला को सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंता जनक होने पर रेफर किया गया, लेकिन कुछ देर बाद मुमताज बी ने दम तोड दिया। उधर हनीफ खां के पैर में गंभीर चोटे आई थी, इनकी भी निजी अस्पताल में ले जाने के बाद उपचार के दौरान मृत्यू हो गई। मंडी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेश वर्मा ने बताया कि दोनों मृतकों के शव को सिविल अस्पताल पीएम रूप में रखा गया है, इनके शव का परीक्षण शनिवार को होगा।

**अस्पताल की एम्बुलेंस खराब**

सिविल अस्पताल शुजालपुर की व्यवस्थाएं लगातार खराब हो रही है। मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं कमजोर होती जा रही है। इस अस्पताल में पदस्थ कुछ चिकित्सकों की रुचि निजी तौर पर उपचार में अधिक होने से शासकीय व्यवस्थाएं दम तोड रही है। जिला चिकित्सालय से भी मॉनीट्रिंग सही नहीं हो रही है। अस्पताल से समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को हुए इस भीषण सड़क हादसे के बाद घायलों को अस्पताल तक लाने के लिए एम्बुलेंस नहीं मिली, साथ ही सिविल अस्पताल से रेफर करने पर भी एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं की गई। बताया जाता है कि सिविल अस्पताल की एम्बुलेंस खराब है। अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद घायलों को निजी वाहन में ले जाना पड़ा, जिसमें चिकित्सा व्यवस्था के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं थे।

### अय्यापुर में जल संकट

## तीन महीने से पानी सप्लाई बंद होने पर सड़क पर उतरीं महिलाएं, पंचायत का घेराव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया




अकोदिया जिले की जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया के ग्राम अय्यापुर में शनिवार को पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया। बड़ी संख्या में महिलाएं खाली बर्तन लेकर पंचायत कार्यालय पहुंचीं और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि गांव में पिछले तीन महीनों से नल-जल योजना की नियमित सप्लाई बंद है।

महिलाओं के इस विरोध प्रदर्शन के कारण दोपहर 12 बजे तक पंचायत कार्यालय पर ताला लटका रहा, जिससे कामकाज प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पंचायत प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि तीन महीने से नल-जल योजना की सप्लाई ठप होने के कारण उन्हें रोजाना पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

ग्रामीणों ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि पंचायत हर महीने बिल लेने के बजाय एक साथ पूरे वर्ष का नल-जल कर वसूल रही है, जबकि नियमित पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस समस्या को लेकर जनसुनवाई में भी आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ रही है।

**रोजाना हो रही सप्लाई- सरपंच प्रतिनिधि**

मामले में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश मालवीय ने महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जा रही है। समस्या का मुख्य कारण कुछ लोगों द्वारा नलों में अवैध रूप से मोटर लगाना है, जिससे पाइपलाइन का दबाव कम हो जाता है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक पानी नहीं पहुंच पाता। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए पंचायत स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

**प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार**

ग्राम पंचायत कार्यालय के घेराव और जनसुनवाई में आवेदन दिए जाने के बाद अब ग्रामीणों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और तेज करने पर मजबूर होंगे।

### डोडाचूरा तस्कर को 20 साल की जेल

## न्यायाधीश ने 1 लाख जुर्माना भी लगाया, 21 बोरियों में मिला था डोडाचूरा

**आगर मालवा।** आगर मालवा के विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) मधुसूदन जंघेल ने करीब तीन साल पुराने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने ट्रक चालक रविन्द्र उर्फ रविंदर राणा को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा दी है। अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक कुमार गवली ने बताया कि पुलिस ने एक आयशर ट्रक की तलाशी के दौरान 21 बोरियों में भरा मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया था। खाली बारदाने का वजन घटाने के बाद मादक पदार्थ का शुद्ध वजन 416 किलो 220 ग्राम दर्ज किया गया था, जिसे पुलिस ने सीलबंद कर जब्त किया था।

जांच के दौरान दोषी पाए गए चालक की पहचान 36 वर्षीय रविन्द्र उर्फ रविंदर राणा निवासी जिला करनाल, हरियाणा के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से मादक पदार्थ के साथ ही हरियाणा नंबर का ट्रक, परिवहन संबंधी बिल्टी, वाहन व पहचान के दस्तावेज और मोबाइल फोन जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए पुख्ता साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर विशेष कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया। अतिरिक्त लोक अभियोजक ने बताया कि न्यायालय के इस कड़े फैसले से मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## धोखाधड़ी का आरोपी बालू-सिंह वानिया पुलिस रिमांड पर

### घर और ऑफिस ले जाकर की गई पूछताछ

**महिदपुर।** 38 लाख की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार आरोपी बालूसिंह वानिया से पुलिस सघन पूछताछ कर रही है। न्यायालय से पुलिस रिमांड मिलने के बाद पुलिस टीम आरोपी को साक्ष्य जुटाने और पूछताछ के लिए उसके निवास स्थान तथा कार्यालय (ऑफिस) लेकर पहुंची। जहां पुलिस ने आरोपी की मौजूदगी में बारीकी से जांच-पड़ताल की और मामले से जुड़े दस्तावेजों व अन्य जानकारियों को खंगाला। पुलिस के अनुसार, आरोपी बालूसिंह वानिया का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इसके खिलाफ पूर्व में भी अकेले महिदपुर थाने पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले के उजागर होने के बाद आरोपी के खिलाफ शिकंजा और कसता जा रहा है। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में बालूसिंह वानिया के खिलाफ दो और नई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस इन दोनों आवेदनों की भी गंभीरता से जांच कर रही है, जिसके बाद मामलों की संख्या और बढ़ सकती है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से कई अन्य महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है।

## श्री राम मंदिर में होगी दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**इंगोरिया।** सालों से वीरान पड़े श्री राम जानकी के छोटा राम मंदिर की दीवारें क्षति ग्रस्त हो गई थी। मंदिर जर्जर हालत में था। इसी जगह पर ग्राम वासियों ने जन सहयोग से प्रत्येक घर से चंदा एकत्रित कर एक वर्ष से भी कम समय में मंदिर की नींव से शिखर तक नया निर्माण कराया। मंदिर अब पूर्णता की ओर है । निर्माण समिति के सदस्यों और पुजारी नारायण दास बैरागी ने कहा कि शीघ्र ही मंदिर का रंग रोगन कर गर्भ गृह में भगवान श्री राम जानकी की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी।

### तीर्थ यात्री भड़के, देवास रेलवे स्टेशन पर हंगामा

## दंपती ने किया था आवेदन, लेकिन एक को ही मिला टिकट, कई यात्रा से वंचित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हरिद्वार जाने वाले तीर्थ यात्रियों ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पर हंगामा किया। यात्रियों का आरोप था कि पति-पत्नी दोनों ने आवेदन किया था, लेकिन कई मामलों में केवल एक सदस्य का ही चयन हुआ, जिससे कई बुजुर्ग दंपती यात्रा से वंचित रह गए।

योजना के तहत 196 तीर्थ यात्रियों को हरिद्वार भेजा जाना था। सुबह से ही रेलवे स्टेशन पहुंचे कई बुजुर्ग दंपतियों को तब निराशा हुई, जब उन्हें पता चला कि पति या पत्नी में से केवल एक को ही टिकट मिला है। कुछ मामलों में पत्नी का चयन हुआ था, जबकि पति का नाम सूची में नहीं था।

**पार्षद ने भी विरोध दर्ज कराया**

मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद राजा अकोदिया भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी ने एक साथ आवेदन किए थे, ऐसे में केवल एक व्यक्ति का चयन करना उचित नहीं है। उन्होंने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए संबंधित अधिकारियों के समक्ष विरोध दर्ज कराया और आरोप लगाया कि इससे सरकार की छवि खराब हो रही है।

**एक का चयन नहीं, तो दूसरा भी नहीं गया**

प्रभावित यात्रियों में से निर्मला पांचाल ने बताया कि उनका चयन हो गया है, लेकिन उनके पति का नाम सूची में नहीं होने के कारण वह यात्रा पर नहीं जा सकेंगी। इसी तरह, संतोष सिंह ने कहा कि उनकी पत्नी का चयन हुआ है, पर उनका नहीं, जिससे दोनों की यात्रा प्रभावित हो गई।

## लैब असिस्टेंट ने लगाई फांसी, डायरी में सपने और संघर्ष लिखे मिले

देवास। देवास में एक निजी कंपनी में कार्यरत 24 वर्षीय लैब असिस्टेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



यह घटना शहर के केलादेवी मंदिर क्षेत्र स्थित एक किराए के कमरे में हुई। मृतक की पहचान शहडोल निवासी अभिषेक पिता पुरुषोत्तम सिंह के रूप में हुई है अभिषेक करीब डेढ़ माह पहले ही देवास आया था और यहां लैब असिस्टेंट के तौर पर काम कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक ने बीएससी की पढ़ाई पूरी कर ली थी और आगे एमएससी करने की इच्छा रखता था। उसके बड़े भाई अनिकेतन सिंह ने बताया कि अभिषेक अकेले किराए के कमरे में रहता था। घटना के बाद उसकी एक डायरी मिली है, जिसमें उसने बड़े आदमी बनने के अपने सपनों और संघर्षों का जिक्र किया था। मां का कॉल रिसीव नहीं होने पर आशंका हुई अभिषेक की मां रोजाना उससे फोन पर बात करती थीं। शुक्रवार सुबह जब उन्होंने फोन किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्हें लगा कि अभिषेक कंपनी गया होगा। शाम करीब 5 बजे दोबारा कॉल करने पर भी जब फोन नहीं उठा, तो उन्होंने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने खिड़की से झांककर देखा तो अभिषेक कमरे में असामान्य स्थिति में दिखा। सूचना मिलने पर परिजन देवास पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खोला गया, जहां अभिषेक फांसी के फंदे पर लटका मिला। शुक्रवार रात को शव को जिला अस्पताल लाया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## भूमि धोखाधड़ी: 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार



**आगर मालवा।** भूमि धोखाधड़ी और कूटरचना के एक मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को बड़ौद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार रात डग-बड़ौद रोड पर मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। वह लंबे समय से अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार, यह मामला ग्राम वराह निवासी गीताबाई राजपूत की शिकायत से जुड़ा है। गीताबाई ने आरोप लगाया था कि उनकी 1.30 हेक्टेयर कृषि भूमि के संबंध में कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए। इन दस्तावेजों के आधार पर किसी अन्य महिला को जमीन का मालिक दर्शाते हुए अवैध रूप से विक्रय पत्र निष्पादित कराया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर जालसाजी और धोखाधड़ी के जरिए जमीन का सौदा किया। इस कृत्य से वास्तविक भूमि स्वामी को बड़ा आर्थिक और कानूनी नुकसान हुआ। इस मामले में थाना बड़ौद में प्रकरण दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम आरोपी की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी।

## बोहरा बाखल के कपड़ा व्यापारी के सुने मकान में ने जेवरात की चोरी

**खाचरोद।** नगर के मध्य बोहरा बाखल स्थित सुने मकान में गत रात्रि के लगभग 3 बजे के आसपास चोरों द्वारा चोरी को दिया अंजाम । कम समय में मकान के आगे से घुस कर पीछे के रास्ते से फरार हुवे। नगर के कपड़ा व्यापारी मुस्तफा पिता सैफुद्दीन अपने परिवार सहित बाहर गए हुवे थे। चोरी की सूचना मिलते ही शनिवार को सुबह आये। पुलिस द्वारा फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम उज्जैन से आकर जाँच की गई। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया। मोटरसाइकल पर सवार चोर मुंह पर कपड़ा बांध कर जाते हुवे का वीडियो से गाड़ी के नंबर ट्रेस कर रही है। मुस्तफा द्वारा बताया गया कि दो दिन से घर की लाइट चालू की सूचना प्राप्त हुई थी चोर शातिर है घर में कोनसे कमरे में अलमारी तिजोरी को चाबी से खोला गया। परिवार की महिलाओं के सभी कमरे में से जेवरात सोने की गायब है। नकद रुपए नहीं थे। अलमारियों से जेवरात सभी चोरी हो गए। पुरानी तिजोरी जो 10 वर्षों से परिवार द्वारा नहीं खोल पा रहे थे। चोरो ने उसे भी खोल दिया। चोर को घर के हर मुकाम का पता है। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया द्वारा बताया गया कि चोर को तलाश की जा रही। चोरी की रकम की जानकारी घर वालों से ली जा रही है। रकम सभी सोने की है और यह भी बताया जाता है कि बहुत बड़ी चोरी है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी प्रतापसिंह पिता श्री करण सिंह, प्रभूबाई पति श्री प्रताप सिंह समस्त जाति राजपूत निवासी व कृषकगण ग्राम बिरमखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 54/1 रकबा 0.75 हेक्टर, सर्वे नम्बर 54/2 रकबा 0.84 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 1.59 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बिरमखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो।

इति दिनांक - 19-06-2026

**अश्विन पलोड (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंसड ऑफिस नम्बर 12 ग्राम घट्टिया**
**तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मो.नं-9926532350**

**जाहिर सूचना का खण्डन**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि श्री विवेकसिंह हाईकोर्ट एडव्होकेट पता 170, मालीपुरा, उज्जैन म.प्र. मोबाईल नंबर 9827292229 द्वारा उनके अनाम पक्षकार की ओर से दिनांक 17-06-2026 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र एक जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है दी उसके सबंध में मेरे पक्षकार सुनील शर्मा पिता शंकरलाल जी शर्मा निवासी शास्त्री नगर कॉलोनी उज्जैन की और से प्राप्त जानकारी एवम निदेर्शानुसार खण्डन प्रस्तुत है । उक्त जाहिर सूचना में आपके अनाम पक्षकार द्वारा श्रीमती विजयकांता बैस पति उदयसिंह जी बैस निवासी पंवासा मक्सी रोड़ उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 425/2 रकबा 0.21 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 425/3 रकबा 0.631 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.841 हेक्टेयर स्थित ग्राम नीमनवासा प.ह.नं. 1 तहसील व जिला उज्जैन का सौदा किया जाना उल्लेखित किया है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार की आपत्ति यह है कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि सर्वे नंबर 425 में से 0. 209 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम नीमनवासा तहसील व जिला उज्जैन को विक्रय करने का सौदा उदयसिंह बैस पिता रणजीतसिंह बैस निवासी पंवासा मक्सी रोड उज्जैन से किया जा चुका है तथा विक्रय मूल्य पेटे समस्त राशि का भुगतान भी मेरे पक्षकार द्वारा उदयसिंह बैस को किया जा चुका है तथा उक्त भूमि के सौदे के संबंध में एक सहमति लेख उदयसिंह बैस के दोनों भाई श्री सुरेन्द्रसिंह तथा संग्राम सिंह तथा दोनों बहने पुष्पादेवी एवं श्रवण कुमारी के द्वारा मेरे पक्षकार के हित में संपादित किया गया है तथा उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का सहमति अनुसार आधिपत्य है । उक्त भूमि के अनुबंध के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई है। उदयसिंह बैस द्वारा असत्य आधार पर उक्त भूमि का अंतरण करवाया जा रहा है जिसके संबंध में यह आपत्ति प्रस्तुत है। अतः उक्त आपत्ति के बावजूद भी किसी व्यक्ति द्वारा उक्त सर्वे नंबर की भूमि का कोई विक्रय पत्र निष्पादन किया जाता है तो मेरे पक्षकार के मुकाबले शून्य व प्रभावहीन होगा, सूचित हो।

इति दिनांक 20-06-2026

**'राजवीर सिंह चंदेल (एडवोकेट)**
**34, बहादुरगंज, द्रविड़ मार्ग, उज्जैन**
**मो. 8770299706**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-सेवाराम पिता दरियाव 2-श्रीमती कंचनबाई पति सेवाराम जी निवासी ग्राम जगोटी तहसील घटिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं०. 311/5 रकबा 0.13 हेक्टर व सर्वे नंबर 313/1 रकबा 0.12 हेक्टर, सर्वे नं०. 313/2/1 रकबा 0.20 हेक्टर व सर्वे नंबर 314/3 रकबा 0.565 हेक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 1.015 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम खुरचन्या प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मे स्थित है संपूर्ण को संपूर्ण स्वत्वो मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि भी उन्हे अदा कर दी होकर शीघ्र ही शेष राशि अदा कर भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित. में करवाया जाना है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भास्ति की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 20.6.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे**
**देवास रोड उज्जैन सुबह 11.00 से 07.00 बजे समय**
**मोबाईल 9827792292**

# जंतर-मंतर पर रातभर जारी रहेगा कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन







**नईदिल्ली।** पेपर लीक मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। शाम 7 बजे प्रदर्शन की समयसीमा समाप्त होने दिल्ली पुलिस लोगों को वहां से हटा रही है, लेकिन प्रदर्शनकारी अभी भी वहां डटे हुए है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

**अंधेरे में भी कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी**-दिल्ली पुलिस द्वारा की गई परमिशन की समयसीमा खत्म होने के बाद भी जंतर-मंतर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। रात को अंधेरा होने के बावजूद वहां पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी मौजूद हैं, और थाली बजाकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हालांकि अब दिल्ली पुलिस ने लाइट जलाने की अनुमति दे दी है। जंतर-मंतर से जो भी लोग बाहर जा रहे हैं, दिल्ली



पुलिस उन्हें फिर से वापस अंदर नहीं जाने दे रही है। वहीं दूसरी ओर सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने युवाओं से जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया है। अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा- पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पीने का पानी नहीं ले जाने दे रही है

प्रदर्शनकारियों ने थाली बजाकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के विरोध में गो-प्रधान-गो के नारे लगाए। समय पूरा होने के बाद पहुंची दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा और उनसे थाली लेने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शन का समय बढ़ाने की परमिशन नहीं दी गई है। पेपर लीक के बाद सुसाइड करने वाले स्टूडेंट्स के पोस्टर भी लगाए हैं। यह दिल्ली के जंतर-मंतर पर दूसरी बार प्रदर्शन है। दीपके ने कहा- अगर थाली पीटने से कोरोना खत्म हो सकता है, तो शिक्षा मंत्री को हटाने के लिए भी थाली पीटनी चाहिए। उन्होंने कहा- लाठीचार्ज या गिरफ्तारी हो, वे प्रधान के इस्तीफे तक यहां से नहीं हटेंगे। उन्होंने जेल भरने की अपील की।

## नि :शुल्क योग शिविर का भव्य समापन

**शुजालपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, पतंजलि योग समिति एवं आरोग्यम योग परिवार शुजालपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शनिवार को भव्य एवं दिव्य समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। समापन अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों, योग साधकों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दौरान योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योगाभ्यास करने तथा योगा फ ॉर हेल्दी एजिंग की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। शिविर में प्रमाणित योग प्रशिक्षक आयुष मंत्रालय जय प्रकाश परमार ने प्रतिदिन योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण देकर प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराया। उनके मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी प्रभावी माध्यम है।

## मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन की बैठक

**शुजालपुर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना शुजालपुर सिटी में पुलिस प्रशासन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शुजालपुर सिटी एवं शुजालपुर मंडी क्षेत्र की मोहर्रम कमेटियों के सदर एवं अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम चल समारोह के दौरान डीजे के स्थान पर बैंड-बाजे का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ध्वनि वाले डीजे से बुजुर्गों, बच्चों एवं आम नागरिकों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी समितियां सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सीमित ध्वनि स्तर का पालन करें। अधिकारियों ने मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने का आह्वान किया। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी गई।

## लकड़ियों से भरा ट्रेक्टर जब्त वन विभाग की कार्रवाई

**शुजालपुर।** वन विभाग शुजालपुर ने अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कार्रवाई वन परिक्षेत्र शुजालपुर अंतर्गत कालापीपल बीट क्षेत्र में की गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कालापीपल-सीहोर मार्ग पर जांच के दौरान पीपल की लकड़ियों से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ में परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन चालक एवं मालिक रज्जू खां पिता अनीश खां, निवासी पिपलियानगर पार्वती के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वन अमले ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लकड़ी को जब्त कर अपनी अभिरक्षा में लिया तथा मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम 2022 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया। जब्त वाहन एवं काष्ठ को कालापीपल से वन परिक्षेत्र कार्यालय शुजालपुर लाया गया है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शहीद दीपक की स्मृति में किया पौधारोपण

**शुजालपुर।** केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुक्तिधाम परिसर में पूर्व सैनिक संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद दीपक की स्मृति में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कमल परमार ने वर्तमान समय में वृक्षों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने के साथ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीराम परमार ने अभियान को आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। शांतिवन उत्थान समिति सचिव नरेंद्र जैन ने संस्था द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

## पढ़ेगा युवा, बढ़ेगा भविष्य: राष्ट्रीय पठन दिवस का शुभारंभ

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय पठन दिवस का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने और पुस्तकों से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन ने पठन-पाठन को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध सुविधाओं और आगामी गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में विशेष पठन कक्ष संचालित किया जा रहा है, जो प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। यहां कंप्यूटर और डिजिटल बुक रीडिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अध्ययन के लिए समर्पित करने का आह्वान किया। प्राचार्य ने बताया कि नैक से ए ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय में पिछले दो वर्षों के दौरान 25 से अधिक विद्यार्थियों ने नेट और सेट परीक्षाएं उत्तीर्ण कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही विशेष शैक्षणिक सुविधाओं और मार्गदर्शन का यह सकारात्मक परिणाम है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आशीष यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारी और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

### जाहिर सूचना

सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वीण पाटीदार पिता श्री बाबूलालजी पाटीदार निवासी-83 विष्णुपुरा आईसीआई बैंक के पास उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान जिसका नगर पालिका निगम क्रं. ए-571 स्थित गिरीराज रतन सेक्टर ए कानीपुरा रोड उज्जैन में है जो एक मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 54.00 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर भवन क्रमांक ए-573, - सडक कालोनी की, उत्तर की ओर भवन क्रमांक ए-572, दक्षिण क्रमांक ए-570 तथा पेमाईश लंबाई- 9.00 मीटर, चौडाई- 6.00 मीटर का है उक्त मकान को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा राशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा,-मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त क्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेवल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना मय दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतित होने पर पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कार नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 20/6/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51. दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुना उज्जैन मो. 94250-91124**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने राधेश्याम पिता श्री हरजी कुशवाह, निवासी-ग्राम मजरा नयाखेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 2997/2/2 (एस) रकबा 0.3900 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 2998/2/2 (एस) रकबा 0.1300 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 0.5200 हेक्टेयर भूमि जों उज्जैन-महिदपुर मार्ग पर स्थित हैं जिसका फ्रंट लगभग 80 फीट हैं जो ग्राम पानबिहान तह. घट्टिया जिला उज्जैन का क्रय किया जा रहा है को मेरे पक्षकार ने सौदा कर बयाना राशि अदा कर स्वयं के हित में दस्तावेज अनुबंधपत्र का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सूचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में निष्पादित अनुबंधपत्र के पालन मे शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। दिनांक-20.06.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 1) श्रीमती सरिता पाटीदार पति श्री संतोष, 2) श्रीमती संतोष पिता श्री रामशिनजी, निवासीगण वार्ड नं. 13, छापरी चौक माकड़ोन, तहसील तराना जिला उज्जैन म.प्र. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन/भूमि नगर पालिक निगम क्रमांक 194 तथा भवन/भूमि नंबर पालिक निगम 195 का दक्षिण दिशा वाला भाग जो कि तिरूपति सेफरॉन कॉलोनी, एम.आर.5, आगर रोड से अन्दर उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं। उक्त दोनों भवन का संयुक्त क्षेत्रफल लगभग 77-01 वर्गमीटर हैं। जिस पर एक मंजिला भवन आवासीय उपयोग का पुराना निर्मित हैं। उपरोक्त संपूर्ण भवन को भवन स्वामी से मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर अनुबंध का संपादन करा लिया हैं। जल्द ही उक्त भवन का दस्तावेज विक्रय-पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त भवन के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त भवन कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त भवन से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भवन की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त भवन को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

दिनांक 19/06/2026, स्थान उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस**
**34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

### दो वरिष्ठ महिलाओं को मिला हरिद्वार-ऋषिकेश दर्शन का अवसर

**देपालपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगर परिषद देपालपुर द्वारा दो वरिष्ठ नागरिक महिलाओं को पवित्र हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए विधिवत रवाना किया गया। यात्रा पर रवाना

### नाम संशोधन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नसरीन शेख व नसरीन मोहम्मद शेख एक ही महीला है जो कि मैं हूँ। मेरे पुत्र के पासपोर्ट में माता के नाम लिखने में अनजाने में गलती से नसरीन मोहम्मद शेख लिखा गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम नसरीन शेख है तथा भविष्य में मैं नसरीन शेख के नाम से जानी जाऊगी। इस संबंध में शपथ पत्र तारीखी 19/06/2026 को नोटरी से प्रमाणित करा लिया गया है।

दिनांक- 19/06/2026 ईस्थान- उज्जैन

**सूचनादाता**
**नसरीन शेख पत्नि श्री मोहम्मद नासीर शेख**
**निवासी 373, आदर्श नगर कॉलोनी, नागझिरी**
**देवास रोड़, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमान मोहनलाल पिता बापुलाल जाति ब्राहम्ण निवासी ताजपुर तह महिदपुर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 387 रकबा 0.68 आरे मे से रकबा 0.38 आरे कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.38 आरे लगानी स्थित ग्राम मालीखेडी पटवारी हल्का नंबर 00152 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदाकर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (दिन) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो ।

दिनांक-20-06-2026

**कमलसिंह यादव ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 9424814613**

### जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार मोहन उर्फ मोहनलाल पिता छीता जी, जाति बलाई, निवासी ग्राम सरली एवं कृषक ग्राम डेलची तहसील माकडौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं एक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 2098/3 रकबा 0.50 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम डेलची तहसील माकड़ौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी / अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मे आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-20-06-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता-दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 9424014405, 9826716661**

## भारत ने अफगानिस्तान को 9 विकेअ से हराया- सीरीज 3-0 से जीती

**स्पोर्ट्स डेस्क।**

भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने क्लीन स्वीप करते हुए सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।



चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान ने भारत को 219 रन का टारगेट दिया। जवाब में भारत ने 28.4 ओवर में एक विकेट खोकर 224 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। यशस्वी जायसवाल ने दूसरा वनडे शतक जमाते हुए नाबाद 110 रन बनाए। पारी में 14 चौके और 3 छक्के भी लगाए। रोहित शर्मा ने 79 रन की पारी में 9 चौके और 3 छक्के जमाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 170 रन जोड़कर जीत की नींव रखी। श्रेयस अय्यर 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने वनडे करियर का पहला शतक लगाते हुए 102 रन बनाए। उमरजई ने 50 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान 44.2 ओवर में 218 रन पर सिमट गया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 विकेट झटके। गुरनूर बरार, हर्ष दुबे और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज जीतकर शुभमन गिल ने बतौर भारतीय कप्तान अपनी पहली वनडे सीरीज जीत ली। इससे पहले उनकी कप्तानी में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से हराया था। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से सीरीज जीत मिली थी। लेकिन उस सीरीज में कप्तानी केएल राहुल ने की थी। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में भारत को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। गिल को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद भारत का वनडे कप्तान बनाया गया था। गिल को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद भारत का वनडे कप्तान बनाया गया था। भारत ने तीसरे वनडे में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। 219 रन के टारगेट का पीछा करते हुए भारत ने सिर्फ 28.4 ओवर में 224/1 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत के हीरो यशस्वी जायसवाल रहे, जिन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेली। उन्होंने मोहम्मद नबी की गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया और फिर उसी ओवर में चौका व छक्का जड़कर मैच खत्म कर दिया।

## जिले में डिजिटल क्रांति: दो घंटे में बनेगा किसान क्रेडिट कार्ड

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में गुना जिले में प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

इसी कड़ी में भारतीय स्टेट बैंक ने किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए एक डिजिटल केसीसी प्लेटफॉर्म शुरू किया है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसान को किसी भी प्रकार के कागजी दस्तावेज और पटवारी या तहसील के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। किसान घर बैठे या बैंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर केवल 2 घंटे के भीतर किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। इससे समय की बचत होगी, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को त्वरित रूप से कृषि ऋण उपलब्ध हो सकेगा। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आज एसबीआई की पगारा एवं माहुर शाखा द्वारा पहला डिजिटल केसीसी किसानों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रीजनल मैनेजर अमित रघुवंशी, एलडीएम अजयपाल सिंह राजपूत एवं शाखा स्टाफ की उपस्थिति रही। डिजिटल प्रक्रिया से त्वरित लाभ मिलने पर किसानों में काफी प्रसन्नता देखी गई। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक के उपयोग से शासन की योजनाएँ सीधे हितग्राहियों तक पहुँच रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। बैंक प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि इस सुविधा का अधिकतम प्रचार-प्रसार कर जिले के सभी पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

## नीट परीक्षा में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं-कलेक्टर

**गुना।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, नानाखेड़ी स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कन्याल ने परीक्षा केंद्र पर लगाए गए सभी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की तथा कंट्रोल रूम में पहुंचकर निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाए।

### विशेष जाहिर सूचना

यह जाहिर सूचना भूखण्ड क्रमांक 1 ए व 1 बी एम.आर. 5 आगर रोड (सेंटपाल वाला रोड) उज्जैन के संबंध में पूरी सावधानी पूर्वक सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रामचंद्र जी गेहलोत पिता स्व. बाबुलाल जी गेहलोत निवासी 17 आर.एन.टी मार्ग, अब्दालपुरा, उज्जैन ने उपरोक्त दोनो भूखण्डों का अनुबंध पत्र (सौदा चिट्ठी बयाना) राशि देकर करवा लिया गया है। मैने व मेरे पक्षकार ने सभी दस्तावेजात अच्छी तरह से अवलोकन कर लिये है और मेने व मेरे अभिभाषक मित्रों के अभिमत के आधार पर सोच समझकर इन भूखण्ड क्रमांक 1ए व 1 बी का सौदा तय कर लिया है। इसमे इन्दौर के अभिभाषक श्रीमान अजय शंकर जी इंदौर म.प्र. द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 14/04/2026 से आज दिनांक तक कोई भी न्यायालयीन प्रक्रिया वाला नोटिस अनिता देवी व खेमचंद जी द्वारा किसी भी प्रकार का (न्यायालयीन प्रक्रिया हेतु नोटिस) न तो पूर्व में स्व. अजहर अहमद खान व वसीयतग्रहिता शमीम एहमद खान पिता सरदार एहमद खान निवासी 120/1, बेगमपुरा, उज्जैन व भूखण्ड स्वामी श्री सुरेश कौशल पिता श्री मोहनलाल कौशल निवासी-22, सरदार पटेल मार्ग, खजुर वाली मस्जिद, उज्जैन को अभी तक नही दिया गया है। जबकि श्री अजय शंकर जी द्वारा 14/04/2026 को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस समय अवधि में मेरे पक्षकार ने सभी दस्तावेजात की वैद्यता का परीक्षण करवा लिया है, जिससे कि मेरा पक्षकार पूर्ण रूप से संतुष्ट है, इसके बाद भी अगर किसी पक्ष को वैधानिक आपत्ति है तो प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के 4 दिवस में मुझे या मेरे पक्षकार को सूचित करें। अन्यथा वैधानिक अधिकार का प्रयोग कर मेरा पक्षकार विधिवत पंजीयन करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

नोट:- सावधान सर्वसाधारण को सूचित हो।

**अभिभाषक द्वारा जारी**
**जीवनलाल खेमकर**
**कार्यालय न्यायालयीन परिसर, बैंक ऑफ इण्डिया के पास, उज्जैन मो. 9754458411**

## न्यूज-कॉलम

### मंदिर का गेट काटकर दानपेटी चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** अफजलपुर पुलिस टीम ने ग्राम रठाना में बालाजी मंदिर का चैनल गेट काटकर दानपेटी से पैसे चोरी करने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गत 25 मई की रात को हुई इस चोरी की घटना के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के नेतृत्व में दो विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने सायबर सेल की मदद और 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद संदेही रोहित को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ में रोहित ने अपने साथियों के नाम कबूल किए, जिसके आधार पर पुलिस ने रोहित निवासी पामाखेड़ा सहित अनिल, रणजीत और पवन निवासी गुराड़िया लाल मुहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 20 हजार रुपये की नकदी, घटना में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल और लोहा काटने का कटर जप्त किया है।

### मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में 23 को मंडी में नहीं होगा व्यापार

**मन्दसौर।** सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ समिति म.प्र. द्वारा मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में 23 जून 2026, मंगलवार को प्रदेशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने बताया कि इस आंदोलन के समर्थन में दशपुर मंडी व्यापारी संघ मंदसौर ने भी आवेदन देकर अवगत कराया है कि समस्त व्यापारी इस हड़ताल में भाग लेंगे और मंडी परिसर में कृषि उपज का क्रय-विक्रय पूरी तरह बंद रखेंगे। कृषक २३ जून को अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में विक्रय हेतु न लाएं।

### ग्राम पंचायत बिलांत्री में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**मन्दसौर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बिलांत्री के सहयोग से एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन, सरपंच पप्पू पाटीदार एवं डॉ. रजनीश डोडियार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर में पहुंचे 102 व्यक्तियों का वजन, बीपी, ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच के साथ-साथ डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा चेस्ट एक्सरे किए गए। इस अवसर पर भेरूलाल सेन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हमें जागरूकता के लिए कार्य करना है और समय-समय पर जांच करवाकर अपनी पंचायत को टीबी मुक्त बनाना है। शिविर में एसटीएस विजय नागोरे ने जांच और एक्सरे के महत्व को समझाया, जबकि इस दौरान पंचायत सचिव अकरम खान, सेक्टर सुपर वाइजर शकुंतला भटानिया, लैब टेक्नीशियन देवेंद्र सांवरिया सहित कई चिकित्सा कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिद्धिविनायक स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया

**पिपलिया मंडी।** 19 जून को समीप गांव बालागुड़ा में श्री सिध्दी विनायक साइंस एकेडमी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यालय के संचालक श्री श्याम मोहन शर्मा के मार्गदर्शन में तथा प्रचार्या श्री संजय शर्मा के अध्यक्षता में मां सरस्वती की तस्वीर को माल्यार्पण कर प्रवेश लेने आए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर पुष्प माला से स्वागत वंदन किया गया। इस मौके पर सभी बच्चों को चॉकलेट टॉफी बताकर मुंह मीठा करवाया गया। किस अवसर पर पूजा पोरवाल, आरती पोरवाल आरती, पाटीदार, प्रियांशी ,अलका कुमावत, पूजा प्रजापत, विशाल, गोविंद बोराना, राहुल डाली गजेंद्रसिंह, विपुल गोयल,मनिष बामूनिया सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम होगा

**रतलाम।** रतलाम जिले में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम पोलो ग्राउंड में प्रातः ६ बजे से सामूहिक योगाभ्यास के रूप में आयोजित किया जाएगा। जिसमें माननीय श्री चेतन्य काश्यप, मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मुख्य अतिथि होंगे । उक्त कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है ,

रतलाम पुलिस का एमडी ड्रग तस्करी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

# मुख्य आरोपी से पूछताछ के आधार पर लगातार कार्रवाई, रतलाम शहर से एक महिला सहित तीन और तस्कर गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी एवं सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में थाना रिंगनोद पुलिस ने एमडी ड्रग्स तस्करी के संगठित नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी से पूछताछ के आधार पर लगातार नए आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का खुलासा करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

मुखबिर सूचना पर 55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ मुख्य आरोपी गिरफ्तार

दिनांक 12 मई 2026 को थाना रिंगनोद पुलिस ने विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए युनुस पिता सैय्यद हबीब, उम्र ४६ वर्ष, निवासी वकील कॉलोनी, रतलाम को 55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना प्रारंभ की गई।

पूछताछ में खुला तस्करी नेटवर्क, 6 अन्य आरोपी आए गिरफ्त में

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा प्रत्येक एनडीपीएस प्रकरण में केवल जब्ती तक सीमित न रहकर तस्करी की पूरी सप्लाई चेन एवं नेटवर्क को ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत मुख्य आरोपी से वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर की गई गहन पूछताछ में आमीर उर्फ अन्नू बाबा, आसिम एवं सुधीर कल्याणे के नाम सामने आए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।इसके बाद गिरफ्तार आरोपियों से मिली महत्वपूर्ण जानकारियों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर रतलाम शहर में सक्रिय एमडी ड्रग्स तस्करी नेटवर्क से जुड़े तीन अन्य आरोपियों, जिनमें एक महिला आरोपी भी शामिल है, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए आगे भी कार्रवाई जारी है।

नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने की रणनीति पर कार्यझ* रतलाम पुलिस अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध च्नेटवर्क आधारित कार्रवाईज्ञ की रणनीति पर कार्य कर रही है। मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर छोटे पैडलर्स से लेकर बड़े सप्लायर्स एवं संगठित तस्करों तक पहुंच बनाकर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने स्पष्ट किया है कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सराहनीय भूमिका- उक्त कार्रवाई में एसडीओपी जावरा ग्रामीण श्री संदीप मालवीय, निरीक्षक आनंद सिंह आजाद (थाना प्रभारी रिंगनोद), उप निरीक्षक रघुवीर जोशी(चौकी प्रभारी ढोढर), प्रधान आरक्षक सुधीरसिंह राठौर, प्रधान आरक्षक राहुल उपाध्याय, आरक्षक नरेन्द्रसिंह जगावत, आरक्षक रविन्द्र सिंह चौहान एवं आरक्षक शोभाराम शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : दशपुर संस्थान ने बनाई विशाल मानव श्रृंखला

### नूतन स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय समारोह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून 2026 को प्रातः 5.30 बजे से 8 बजे तक नूतन खेल परिसर स्टेडियम, मंदसौर में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता शामिल होंगे।

इसी कड़ी में मंदसौर नगर में योग की अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था दशपुर योग शिक्षा संस्थान के पांच केंद्रों के साधकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में वृहद स्तर पर योगाभ्यास किया गया। इस विशेष सत्र में सभी साधकों ने योग गुरु सुरेंद्र जैन के कुशल मार्गदर्शन में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) का क्रमबद्ध अभ्यास किया और इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।योगाभ्यास के पश्चात सभी साधकों ने स्टेडियम परिसर में एकत्र होकर एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया, जिसके माध्यम से नगरवासियों से नूतन स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया। इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रतिदिन यौगिक अभ्यास करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और इसके नियमित अभ्यास से शहर के कई नागरिकों ने अपने असाध्य रोगों से मुक्ति पाई है। इस कार्यक्रम में लोकेन्द्र कुमार जैन गोटावाला, जितेश फरक्या, प्रीति जैन, जिनेन्द्र उकावत, विजय पलोड़, ओम गर्ग, आनंद कश्यप आदि उपस्थित थे।

## योग : स्वस्थ शरीर, शांत मन और सफल जीवन का आधार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

दिनांक 21 जून को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें योग के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में अपनाने का संदेश देता है।भारत की प्राचीन संस्कृति से निकला योग आज विश्वभर में स्वास्थ्य और कल्याण का पर्याय बन चुका है।

वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जीवनशैली, तनाव, अनियमित दिनचर्या और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग एक प्रभावी समाधान के रूप में सामने आया है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है,

बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी विकसित करता है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन में अनुशासन, संतुलन और ऊर्जा का अनुभव करता है। योग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी है। बच्चे, युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक सभी अपनी क्षमता के अनुसार योग का अभ्यास कर सकते हैं। योग हमें केवल रोगों से बचाने का कार्य नहीं करता, बल्कि स्वस्थ और आनंदमय जीवन जीने की कला भी सिखाता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का एक जनआंदोलन है। आइए, हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वयं के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ एवं जागरूक बनाने में योगदान दें। करें योग, रहें निरोग" केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन का मूल मंत्र है।

## अनुराग सिंह का भारतीय वायुसेना के तकनीकी विभाग में चयन

**आलोट।** आलोट के समीप ग्राम गुलबालोद के होनहार युवक



अनुराग सिंह का भारतीय वायुसेना के एक्स ग्रुप तकनीकी विभाग में चयन हुआ है। चयन की सूचना मिलते ही परिजनों और गांव में खुशी का माहौल छा गया। छोटे से गांव में जन्मे अनुराग की मेहनत और लगन का फल है कि उन्हें वायुसेना में नौकरी के साथ-साथ देश सेवा का अवसर मिला है। अनुराग २५ जून को एयरफोर्स ट्रेनिंग सेंटर जालहल्ली, बेंगलुरु में रिपोर्ट करेंगे, जहां उनकी ट्रेनिंग शुरू होगी। इससे पहले अनुराग कंप्यूटर टेस्ट, फिजिकल टेस्ट एवं अन्य सभी परीक्षाएं पास कर चुके हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा आलोट के एक निजी विद्यालय में हुई। इसके बाद कक्षा 9वीं से 12वीं तक उन्होंने रतलाम के उत्कृष्ट विद्यालय से पढ़ाई की। देश सेवा के जज्बे के साथ अनुराग ने वायुसेना की परीक्षा की तैयारी की और सफलता हासिल की।अनुराग की इस सफलता पर ग्राम के रूपसिंह सोलंकी, विक्रम सिंह परिहार, गोपाल सिंह सिसोदिया, टमर सिंह परिहार, श्याम सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु मोरवन एवं मनासा में प्राकृतिक खेती कार्यशाला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु शनिवार को जावद विकासखंड की मोरवन पंचायत एवं मनासा विकासखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की गई।

मोरवन में विधायक श्री ओम प्रकाश सखलेचा एवं मनासा में विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू के मुख्य आतिथ्य में कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया ।

कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान बंधुओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने किसानों को रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए पूर्णतः प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विधायक द्वय ने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि यह आज की आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण की रक्षा करती है, बल्कि किसान की खेती की लागत कम कर मुनाफा भी बढ़ाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे शुरूआत में अपने खेत के एक छोटे हिस्से में प्राकृतिक खेती का प्रयोग करें और धीरे-धीरे पूरे खेत को प्राकृतिक खेती में बदलें।

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में कृषि, आत्मा, उद्यानिकी विभाग के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान बंधु उपस्थित थे।

## कल जिला कांग्रेस का किसानों के साथ हल्लाबोल तैयारी में जुटी कांग्रेस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलीया मंडी

किसानों के गंभीर खाद संकट, बिजली की समस्या, स्मार्ट मीटर, बढ़े हुए बिजली बिल, मंडी टैक्स, नीट पेपर लीक घोटाले तथा पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन जी के राज्यसभा चुनाव नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी, मंदसौर द्वारा एक विशाल जिला स्तरीय जनआंदोलन किसानों के साथ हल्लाबोल का आयोजन किया जा रहा है।



इस सम्बन्ध में शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर द्वारा कार्यालय पर तैयारी संबंधित चर्चा कर आंदोलन को भव्य रूप किसानों के अधिकारों, युवाओं के भविष्य, जनहित के मुद्दों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आयोजित इस जनआंदोलन को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओ से सार्थक चर्चा की गई।जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि इस आंदोलन में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेतागणों,कांग्रेस के प्रत्याशी,सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारिगण उपस्थित रहेंगे।

## म.प्र. पुलिस में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की होगी सीधी भर्ती: हर साल 60 पदों पर नियुक्ति

### विधायक परिहार की पहल लाई रंग, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वालों को भी मिलेगा मौका

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बड़ी सौगात देते हुए पुलिस विभाग में खेल कोटे से सीधी भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। अब राज्य में हर साल 60 पदों पर खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति की जाएगी। इस निर्णय से उन खिलाड़ियों को सीधा फायदा मिलेगा जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रतिवर्ष खेल कोटे से 60 पदों पर भर्ती होगी, जिनमें 10 पद उप निरीक्षक और 50 पद आरक्षक के लिए आरक्षित होंगे। पहले मुख्य रूप से केवल पदक विजेताओं को प्राथमिकता मिलती थी, लेकिन नए नियमों के तहत अब ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और विश्व कप/चौंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी भी सीधी भर्ती के लिए पात्र माने जाएंगे। संशोधित नियमों के अनुसार, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, ऊंचाई संबंधी शारीरिक मापदंड, लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से पूरी तरह छूट प्रदान की जाएगी। यह प्रक्रिया पुलिस मुख्यालय की चयन एवं भर्ती शाखा द्वारा अब हर साल नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

**विधायक परिहार ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा**

खिलाड़ियों के हित में यह बड़ा फैसला नीमच के लोकप्रिय विधायक दिलीपसिंह परिहार के प्रयासों का भी परिणाम है। विधायक परिहार ने विधानसभा के विगत शीतकालीन सत्र में खिलाड़ियों के करियर और रोजगार से जुड़े प्रश्न प्रमुखता से उठाए थे। जिस पर प्रदेश सरकार ने सकारात्मक संज्ञान लेते हुए नई व्यवस्था के तहत यह निर्णय लिया है।

सरकार के इस कदम को लेकर नीमच के विभिन्न खेल संगठनों में हर्ष का माहौल है। खेल संगठनों ने इसे खिलाड़ियों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय बताया है। संगठनों का कहना है कि इससे युवाओं को सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे अपनी खेल गतिविधियों में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। शहर के खेल प्रेमियों और संगठनों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खेल मंत्री विश्वास सारंग और नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज कालम





### चॉकलेट के डिब्बों में छुपाकर ले जाया जा रहा 57 किलो डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उज्जैन-गरोठ फोर लेन पर ढाबला गुर्जर गाँव के पास नाकाबंदी कर एक हरियाणा पासिंग कंटेनर को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर चॉकलेट के काटूनों के बीच छुपाकर रखे गए डोडाचूरा के 25 काले कट्टे बरामद हुए। पुलिस ने मौके से आरोपी हरप्रीतसिंह जट सिक्ख निवासी श्योपुर को गिरफ्तार कर कुल 507 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी कीमत 10 लाख 15 हजार रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त 30 लाख का कंटेनर, 3 लाख 62 हजार से अधिक की चॉकलेट और दो मोबाइल भी जब्त किए गए हैं, जबकि माल सप्लाई करने वाले फरार आरोपी सुजान सिंह सोंधिया निवासी आगर मालवा की तलाश की जा रही है।

### मंदसौर मेडिकल कॉलेज में नाक की जटिल ट्रॉमा सर्जरी की सफल शुरूआत

**मन्दसौर।** सुंदरलाल पटवा शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं इंदिरा गांधी चिकित्सालय, मंदसौर के नाक-कान-गला (ईएनटी) विभाग में नाक की ट्रॉमा सर्जरी की सफल शुरूआत की गई है। यह जटिल सर्जरी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी के मार्गदर्शन में ईएनटी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कश्मीरा कुमावत, सीनियर रेसिडेंट डॉ. जिज्ञासा बारोड़, सीनियर रेसिडेंट डॉ. हिमांशु परमार और डॉ. लवी उकावत के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न की गई। मरीज एक २२ वर्षीय युवक था, जिसे गंभीर चोट के कारण नाक की हड्डी और सेप्टल कार्टिलेज में फ्रैक्चर हुआ था, जिसका डॉक्टरों ने सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर श्क्लोज्ड रिडक्शन ऑफ नेजल फ्रैक्चरश ऑपरेशन किया। वर्तमान में मरीज पूर्णतः स्वस्थ है और इस सफल शल्य चिकित्सा के साथ ही अब क्षेत्र के मरीजों को उन्नत ईएनटी उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा।

### घर में चोरी करने वाला शातिर दोस्त गिरफ्तार, चांदी के आभूषण बरामद



**मन्दसौर।** अफजलपुर थाना पुलिस टीम ने रात्रि में घर में घुसकर चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 450 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किये। घटना के अनुसार, फरियादी रामदास निवासी टांकेड़ा के घर पर उसका दोस्त गुलबाज और उसका साथी दीपक मिलने आए थे, जिन्होंने मौका पाकर घर में रखे पुराने आभूषण चुरा लिए। फरियादी द्वारा काफी तलाश करने के बाद जब दोनों नहीं मिले, तो थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद एसपी विनोदकुमार मीना के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम कुचड़ोद से संदेही गुलबाज उर्फ सोहेल निवासी मंदसौर को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में अपने साथी दीपक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से डेढ़ लाख रू. की चांदी की सट बरामद कर ली है और फरार आरोपी दीपक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### जनसमस्याओं और मुद्दों को लेकर 22 जून को कांग्रेस का जनआंदोलन

**मन्दसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी, मंदसौर द्वारा किसानों की गंभीर खाद संकट, डीजल, पेट्रोल, स्मार्ट मीटर, बढ़े हुए बिजली बिल, मंडी टैक्स, नीट पेपर लीक घोटाले तथा पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा चुनाव नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में 22 जून, सोमवार को एक विशाल जिला स्तरीय जन आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में किसान अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी से जूझ रहे हैं और दूसरी ओर नीट पेपर लीक जैसे मामलों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने जिले के समस्त कांग्रेसजनों, किसानों और आम नागरिकों से इस आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है, जिसके तहत 22 जून को प्रातः 11.30 बजे गांधी चौराहा से एक विशाल वाहन रैली प्रारंभ होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### केंद्रीय विद्यालय में पांचवे दिन के योग प्रशिक्षण के बाद बच्चों ने किया पौधारोपण




**नीमच।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच द्वारा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित किए जा रहे 6 दिवसीय योग शिविर के पांचवे दिन योग सत्र के पश्चात केंद्रीय विद्यालय की संजीवनी वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। योग प्रशिक्षक पुखराज साहू एवं टीना नागदा द्वारा बच्चों को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, यौगिक जोगिंग, ताड़ासन, चक्रासन, धनुरासन, भुजंगासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि क्रियाओं से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे है। योग शिविर का संयोजन श्रीमती मीना जायसवाल एवं विद्यालय प्राचार्य श्री प्रियदर्शन जी गर्ग कर रहे हैं।

**निःशुल्क नेत्र शिविरों में उमड़ा जनसैलाब***

**रतलाम।** सेवा भारती रतलाम द्वारा शंकरा आई सेंटर, इंदौर के सहयोग से जावरा अनुभाग के बड़ावदा एवं सैलाना में आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हुआ।



## सुठालिया रोड पर दो वाहनों की सीधी भिड़ंत में दो गंभीर घायल

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी पुलिस थानांतर्गत ब्यावरा और सुठालिया के बीच स्थित घरेलू पुलिया के निकट कार और पशु वाहन एंबुलेंस के बीच आमने सामने की सीधी भिड़ंत हो गई उक्त सड़क दुर्घटना इतनी भयावाह थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई दुर्घटना में दोनों वाहन चालक घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार हेतु सिविल अस्पताल ब्यावरा में भेजा गया पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन की लापरवाही कई बार सामने आई। विगत दिनों ब्यावरा बस स्टैंड के सामने एक ट्रक ने बाइक सवार को बुरी तरह से रौंद डाला था और ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रखे लोहे के सरियो से कई हादसे हो चुके। लोगों की जाने चली गई मगर स्थानीय प्रशासन की कुंभकर्णी नींद आज तक नहीं खुली ऐसा लगता है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे पर इंतजार तो नहीं है। देखने में आया है कि जब-जब भी कभी बड़ा हादसा हुआ है प्रशासन एक- दो दिन अलर्ट मोड पर आ जाता है फिर वही हमेशा की तरह अव्यवस्थित यातायात का ढर्रा पुनः पटरी पर आ जाता है। जिला प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को कोई ठोस कदम उठाने पड़ेंगे तभी शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो पाएगी ।

## बारिश में सुरक्षा उपकरण देने का आश्वासन, सफाई मित्रों ने रखीं समस्याएं



**सुसनेर।** नगर परिषद के सफाई मित्रों ने विश्राम गृह में स्वच्छता प्रभारी एवं वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा से मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारियों ने विशेष रूप से वर्षा ऋतु में सफाई कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों और सुरक्षा संसाधनों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सफाई मित्रों ने बताया कि बारिश के दौरान बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के कार्य करना जोखिम भरा होता है। इस पर पवन शर्मा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही रेनकोट, लंबे सुरक्षा जूते (लांग शूज), दस्ताने एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि सफाई मित्र सुरक्षित वातावरण में अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। पवन शर्मा ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था में सफाई मित्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका प्रयास रहेगा कि सभी सफाई कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वे सम्मान और सुरक्षा के साथ अपना कार्य कर सकें।

## गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सुसनेर।** तहसील कार्यालय में ग्राम जामुनिया के ग्रामीणों ने शासकीय गोचर भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की गोचर भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही है तथा कई स्थानों पर बाड़ लगाकर भूमि घेर ली गई है। इससे गांव के मवेशियों के लिए चरागाह का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि गोचर भूमि पर हुए अतिक्रमण के कारण कई किसानों के खेतों तक पहुंचने वाले पुराने रास्ते बंद हो गए हैं, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण गांव में विवाद की स्थिति भी बनने लगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि राजस्व विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण कर शासकीय गोचर भूमि से अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए तथा किसानों के बंद हुए रास्तों को पुनः चालू कराया जाए।

## गीता भवन में नि:शल्क नेत्र शिविर व होम्योपेथी स्वास्थ शिविर सम्पन्न

**देहदान की हुई घोषणा व 60 को आपरेशन के लिए भेजा**



**बड़नगर।** गीता भवन न्यास समिति के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र शिविर व होम्योपेथी स्वास्थ शिविर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मख्य अतिथी मक्सी से पधारे डॉ. विजय पटेल व जयप्रकाश यादव मंचासीन थे। सर्वप्रथम अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुरलीधर कृपा हास्पिटल मक्सी से पधारे डॉक्टरों का स्वागत व संस्था संबंधी जानकारी न्यास अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी द्वारा दी गई। संचालन ललीत सोनी ने किया। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण यादव व उनके पुत्र जयप्रकाश यादव द्वारा अपने देहदान की घोषणा की गई। शिविर में डॉ. प्रवेश सोनी द्वारा सामान्य 40 रोगीयो का उपचार किया गया। डॉ. विनोद शास्त्री व डॉ. मोडीराम दोराया द्वारा बीपी शुगर की जांच कि गई। मक्सी से पधारे डॉक्टरो की टीम द्वारा कुल 150 परिक्षण का किया गया साथ ही 60 मरीजो को आपरेशन के लिए मक्सी भेजा। 35 मरीजों को पाईल्स, पथरी, सायटीका व आंख में डालने की दवाई निःशुल्क वितरीत की गई।

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सुसनेर में तहसील कार्यालय का शुभारंभ

# गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग तेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर




संपूर्ण भारतवर्ष में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर संत समाज के मार्गदर्शन में संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ शुक्रवार को पांच पुल स्थित तहसील कार्यालय से किया गया। अभियान के तहत कार्यालय का विधिवत शुभारंभ नगर के सुप्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार डॉ. रामप्रसाद भावसार (डॉ. सुसनेरी) ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर गौ संरक्षण और संवर्धन को लेकर व्यापक जनजागरण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रामप्रसाद भावसार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष स्थान रहा है।

उन्होंने कहा कि करीब 30 वर्ष पहले गांवों और शहरों के अधिकांश घरों में गाय का पालन किया जाता था, जिससे परिवारों का जीवन गौ-आधारित संस्कृति से जुड़ा रहता था। बदलते समय के साथ यह परंपरा कमजोर हुई है और आज गोवंश अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्राप्त होता है तो गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को नई दिशा मिलेगी और समाज में गौसेवा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक मांग तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गौमाता के महत्व पर आधारित अपनी ओजपूर्ण कविता का पाठ किया, जिसे उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि 27 जुलाई 2026 को देश के सभी जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना-पत्र सौंपे जाएंगे। इसके लिए देशभर में व्यापक जनसमर्थन जुटाने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। सुसनेर तहसील में भी इस अभियान के अंतर्गत एक लाख हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान से जुड़े कार्यकर्ता घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क करेंगे और गौ संरक्षण के पक्ष में हस्ताक्षर करवाएंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक लोगों को इस जनआंदोलन से जोड़ने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग को इस अभियान में सहभागिता निभानी चाहिए। इस अवसर पर तहसील प्रभारी वर्षा राठौड़ ने नगरवासियों से पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाली गायें भोजन की तलाश में पॉलिथीन खा लेती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है और कई बार उनकी मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने नागरिकों से पॉलिथीन का उपयोग बंद कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गौ संरक्षण में भी अपना योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने गौ संरक्षण, गौसंवर्धन और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अभियान के संयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि सुसनेर तहसील से निर्धारित एक लाख हस्ताक्षरों का लक्ष्य समय पर पूरा कर 27 जुलाई को जनभावनाओं से जुड़े प्रार्थना पत्र के साथ शासन तक पहुंचाया जाएगा।

श्रुत पंचमी पर गूंजे जिनवाणी के जयकारे

# धर्मरथ में विराजित मां जिनवाणी की निकली भव्य शोभायात्रा का किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जैन समाज द्वारा शुक्रवार को श्रुत पंचमी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में मां जिनवाणी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन श्रमण मुनि संस्कार सागर महाराज एवं क्षुल्लक कमलसागर के सानिध्य में संपन्न हुआ। पर्व के तहत मां जिनवाणी को आकर्षक ढंग से सुसज्जित धर्मरथ में विराजित कर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ वातावरण को धर्ममय बना दिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

**महिलाओं ने सिर पर धारण की जिनवाणी**

शोभायात्रा के दौरान महिलाओं ने मां जिनवाणी को अपने मस्तक पर धारण कर गहरी आस्था का परिचय दिया। श्रद्धालु पूरे मार्ग में भक्ति भाव से शामिल रहे और धार्मिक गीतों के बीच यात्रा आगे बढ़ती रही। आयोजन में मां जिनवाणी को धर्मरथ में विराजित कर नगर भ्रमण कराने का सौभाग्य अभिषेक जैन, राहुल जैन, रौनक जैन एवं आशिका जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं पाद प्रक्षालन का अवसर जैनपाल जैन एवं आकाश जैन परिवार को मिला। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य तेजकिरण जैन तथा अजय मेडिकल परिवार को प्रदान किया गया।

**ज्ञान और शास्त्र आराधना का पर्व**

जैन धर्म में श्रुत पंचमी को ज्ञान आराधना का प्रमुख पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन जैन आगमों एवं शास्त्रों के संरक्षण और संकलन की परंपरा को विशेष स्वरूप मिला था। इसी कारण समाजजन इस दिन मां जिनवाणी की विशेष पूजा-अर्चना कर ज्ञान, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। श्रुत पंचमी के अवसर पर नगर के जैन मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, अभिषेक, शास्त्र वंदना एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाजजनों ने उत्साहपूर्वक इनमें भाग लिया और जिनवाणी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। पूरे दिन धार्मिक आयोजनों से जैन समाज में उत्सव का माहौल बना रहा।

## भीम आर्मी में बनवारी कटारिया भोपाल संभाग सचिव एवं राजगढ़ जिला प्रभारी नियुक्त

**राजगढ़।** भीम आर्मी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, बनवारी कटारिया को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया के निदेर्शानुसार तथा भोपाल संभाग संयोजक गब्बर सिंह द्वारा बनवारी कटारिया को भोपाल संभाग सचिव एवं राजगढ़ जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। बनवारी कटारिया लंबे समय से जिले में दलित, गरीब, पिछड़े एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की थी। संगठन ने उनकी सक्रियता, अनुभव और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की खबर सामने आते ही उनके समर्थकों और सामाजिक कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्हें शुभकामनाएँ मिल रही हैं। मीडिया से चर्चा करते हुए बनवारी कटारिया ने कहा, मैं संगठन का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूँ। संगठन ने मुझ पर विश्वास जताया है, मुझे जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसका ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करूँगा तथा समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य करता रहूँगा। समर्थकों का कहना है कि बनवारी कटारिया की नियुक्ति से संगठन को राजगढ़ जिले और भोपाल संभाग में और अधिक मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा मिलेगी।

## सांड बना मुसीबत का कारण लोगो को कर रहा टारगेट

**भैंसवामाता।** गांव में इन दिनों लोगों की जान पर बन आई हैं गांव के बच्चों बुजुर्गों के साथ माता बिजासन धाम पर दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों को आवारा सांड से खतरा पैदा हुआ है। भैंसवामाता गांव में लोग एक आवारा सांड के कारण दहशत में है अब तक दर्जन भर लोगों को अपना शिकार बना चुके। सांड के कारण लोग अस्पताल में उपचार करा रहे है दिक्कत तो तब पैदा होती हे जब सांड गरीब परिवार के व्यक्ति और माता के दर्शन को आने वाले यात्रियों को अपना शिकार बनाता है सांड के मारने के कारण लोगो के हाथ पैर फ्रैक्चर हो गए हैं।

आंगनबाडी केंद्र काछीखेडी में जन कल्याण शिविर

# पोषण प्रदर्शनी और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगपुर के तहत शुक्रवार को आंगनबाडी केंद्र काछीखेडी में जन कल्याण शिविर के तहत पोषण प्रदर्शनी व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आंगनबाडी केंद्र में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हरी पत्तेदार सब्जियां मौसमी फल, मोटा अनाज एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। वही प्रदर्शनी से महिलाओं को आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक प्रमिला सक्सेना ने बताया गया कि घरों में आसानी से उपलब्ध खाद्य पदार्थ सामग्री का उपयोग करके पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। साथ ही बाजार में मिलने वाले डिब्बा बंद एवं प्राकृतिक खाद्य पदार्थ की अपेक्षा घर पर बनाना पारंपरिक व पौष्टिक व्यंजनों को प्राथमिकता देने की सलाह दी। महिलाओं को सुपोषण के महत्व एवं विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि संतुलित आहार बच्चों को शारीरिक मानसिक विकास के लिए अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने कुपोषण की रोकथाम के लिए नियमित रूप से हरी सब्जी फल, दाल एवं मोटा अनाज सेवन पर जोर दिया।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्राम पंचायत किरोर्दा में बन रही लाखों रुपये की सडक

# सरपंच-सचिव की मिलीभगत और अधिकारियों की उदासीनता से निर्माण कार्य में लगाया जा रहा पलीता

**ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर निर्माण कार्य की जांच कराने लगाई गुहार**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अशोकनगर



जिले की ग्राम पंचायत किरोर्दा में लाखों रुपये की लागत से ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव निर्माण एजेंसी द्वारा कुशवाह मोहल्ला से अनुसूचित जाति बस्ती में निर्मित की जा रही सीसी सडक निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सडक निर्माण में गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है तथा सरपंच और सचिव की मिलीभगत से शासन की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

दरअसल ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। सडक में घटिया गुणवत्ता की गिट्टी और सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरपंच-सचिव की मिलीभगत और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते सडक में भ्रष्टाचार हो रहा है। अगर वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मॉनिटरिंग और मूल्यांकन कर्ता समय-समय पर कार्य का अवलोकन करें तो विकास कार्यों में मजबूती आ सकती है। यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो सडक कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर न तो कोई सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही कार्य की स्वीकृत राशि, लंबाई एवं गुणवत्ता संबंधी जानकारी सार्वजनिक की गई है। इससे निर्माण कार्य की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। फिलहाल ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता अशोक कुमार अहिरवार निवासी ग्राम करोर्दा तहसील शाढ़ौरा जिला अशोकनगर का कहना है कि सरकारी धन जनता की सुविधा के लिए होता है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण विकास कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।



## कुक-कम हेल्पर प्रतियोगिता में 38 समूहों ने लिया भाग, लक्ष्मीबाई को मिला प्रथम पुरस्कार

**सुसनेर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत शुक्रवार को तहसील रोड स्थित आजीविका मिशन के भवन में जनपद स्तरीय कुक-कम कॉम्पिटिशन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 38 समूहों की रसोइयों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी पाक कला का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। इस दौरान सांदीपनि स्कुल की रसोइया लक्ष्मीबाई को मिला प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सीईओ जितेंद्र सिंह धाकरे ने की। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजपाल सिंह कलारिया, मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, महामंत्री लखन सेन और बीआरसी राधेश्याम पाटीदार सहित शिक्षा विभाग और एमडीएम के कई अधिकारी व जनशिक्षक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन एमडीएम प्रभारी संतोष भेनिया द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बेहतरीन स्वाद और कौशल दिखाने वाली रसोइयों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया प्रथम पुरस्कार के रूप।में सांदीपनि स्कूल की रसोइया लक्ष्मीबाई को 5 हजार रुपए। द्वितीय पुरस्कार राम समूह की मीराबाई और बजरंग समूह की हिना बाई को 3-3 हजार, तृतीय पुरस्कार बजरंग समूह की राजू बाई व मांगी बाई, और जय हनुमान समूह की संगीता बाई को 2-2 हजार व सांत्वना पुरस्कार के रूप में अर्जुन समूह की उषा बाई, संगीता समूह की भगवती बाई और राधा समूह की सुमन बाई को 1-1 हजार की राशि प्रदान की गई।

## कांक्रीट तोड़ने वाली मशीन चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत

**शुजालपुर।** शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में करंट लगने से एक 25 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मृत्यू हो गई।



कृष्णानगर शुजालपुर निवासी इस युवक की मृत्यू से क्षेत्र में शोक छा गया, यह दर्दनाक हादसा कांक्रीट तोड़ने वाली मशीन चलाने के दौरान करंट लगने से हुआ। मिली जानकारी अनुसार अंकित पिता अशोक खंगोडिया 25 वर्ष निवासी कृष्णानगर कॉलोनी शुजालपुर मिस्त्री के साथ कार्य करता था, बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर को जब वह कांक्रीट तोडने वाली मशीन चला रहा था उसी दरमियान उसे करंट लग गया और घटना स्थल पर ही अंकित ने दम तोड दिया। अंकित के दादाजी बालचंद खंगोडिया ने बताया कि वह मशीन चलाने का काम काफी समय से कर रहा था लेकिन मशीन में करंट कैसे आया यह जानकारी नहीं है। अंकित विवाहित था और उसका विवाह 4-5 वर्ष पूर्व हुआ था, हसमुख एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अंकित की मृत्यू की खराब से कृष्णानगर में शोक छा गया। अंकित के शव को परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल में रखा गया है और शव का परीक्षण शनिवार को होगा।

## बालक-बालिका वर्ग की भारतीय टीम में शामिल बढ़ाया देश का मान



**गुना।** जिले के आम परिवारों के होनहार खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट संकल्प और खेल के प्रति बेपनाह जुनून की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय खेल पटल पर देश का मस्तक ऊंचा कर दिया है। दरअसल गुना के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अमन मांझी और निकुंज पाराशर ने बालक-बालिका वर्ग की दोनों ही भारतीय टीमों ने साउथ एशियन थ्रोबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे क्षेत्र को एक ऐसा गौरवशाली क्षण दिया है, जिसने हर जिलेवासी की आंखें खुशी से नम और छाती गर्व से चौड़ी कर दी हैं। दोनों जांबाज खिलाड़ियों की इस स्वर्णिम सफलता से समूचे अंचल में उत्सव और अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि झारखंड के रांची में 17 से 18 जून तक आयोजित इस कड़े अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जब भारतीय टीम मैदान पर उतरी, तो खिलाड़ियों के हौसले देखने लायक थे। हमारे देश के खिलाड़ियों ने दमदार खेल और अद्भुत तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका जैसी शक्तिशाली टीमों को एक-एक कर धूल चटा दी और शान से देश को शीर्ष स्थान दिलाया। भारत मां के इस गौरवमयी सफर और खिताबी जीत में गुना की माटी के लाल बालक वर्ग में अमन मांझी और बालिका वर्ग में निकुंज पाराशर ने अपने खेल का वो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसने विरोधियों को पस्त कर दिया।

## 10 गाँवों के नाम बदलने का मांग पत्र मुख्यमंत्री को दिया

**महिदपुर।** उज्जैन जिला पंचायत सदस्य प्रतापसिंह आर्य ने म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिदपुर आगमन पर महिदपुर क्षेत्र के १० ग्रामों का नाम बदलने का मांग पत्र दिया। मांग पत्र में वर्तमान नामों के स्थान पर नये नामों का सुझाव देते हुए इसे मूर्तरूप देने की मांग की। इसी के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र के कुछ ग्रामों, टोलों, मजरो को जोड़ने वाली सडको को स्वीकृत करने की भी मांग की। निम्न ग्रामो का नाम परिवर्तन करने का सुझाव दिया। रणायरापीर - रणायरावीर, आजमाबाद - धतुरिया, हजरतपुर - लोपड़ी, कछालिया सैय्यद - कछालिया देव, लसुड़लिया मंसूर - लसुड़लिया मयूर, खरड़िया मानपुर - मनपुर, खेड़ला जागीर - खेड़ला मोहन, काजी खेड़ी - काशी खेड़ी, चोरवासा - शेरवासा है।

# जल्द एंजेलिना जोली के साथ काम करेंगी प्रियंका

बॉलीवुड से निकल हॉलीवुड तक नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा ग्लोबल स्टार हैं। इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह भारी-भरकम बजट में बनी फिल्म है, जिससे प्रियंका चोपड़ा को बहुत उम्मीदे हैं। एसएस राजामौली की इस फिल्म में प्रियंका के अलावा महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में प्रियंका ने इस फिल्म पर बात की। साथ ही बताया कि वे जल्द ही एंजेलिना जोली के साथ काम करेंगी।



## एंजेलिना जोली से मिलती है प्रेरणा



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने फ्यूचर प्लान पर 'फॉर्च्यून इंडिया' से बात करते हुए बताया कि वे एंजेलिना जोली के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह प्रोजेक्ट कोई फिल्म होगी, विज्ञापन होगा या कोई चैरिटी से जुड़ा काम। प्रियंका ने हॉलीवुड की उन महिलाओं में एंजेलिना जोली का भी जिक्र किया, जिनसे उन्हें प्रेरणा मिलती है।

## 'वाराणसी' पर जताई खुशी

प्रियंका चोपड़ा फिलहाल एस.एस. राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' के आखिरी कुछ शेड्यूल की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपने करियर का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बताया है। उन्होंने कहा, 'हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वह बहुत बड़ा और महत्वाकांक्षी है। ऐसा काम बहुत समय से देखने को नहीं मिला है। मैं न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए इसे लेकर बहुत उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रही हूं, क्योंकि यह एक बहुत बड़ी ग्लोबल रिलीज होगी और लोगों को पता चलेगा कि हम पिछले तीन वर्षों से किस चीज पर काम कर रहे हैं'।

## बोलीं- 'खुद चुन सकती हूं प्रोजेक्ट'




प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर में हुई तरक्की के बारे में बात की। हैदराबाद में शूटिंग के दौरान अपनी जिंदगी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'फिल्म 'वाराणसी' के सेट पर शूटिंग का माहौल बहुत मजेदार है। सभी एक्टर्स के परिवार साथ में हैं। हम मस्ती कर रहे हैं। हंस-बोल रहे हैं। साथ ही काम पर पूरा ध्यान है। रिहर्सल और फोकस के साथ काम हो रहा है'। इतने वर्षों में अपने करियर में हुई तरक्की पर बात करते हुए देसी गर्ल ने माना कि अब उन्हें काम में ज्यादा क्रिएटिव आजादी मिलती है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने शुरूआत की थी, तब स्क्रिप्ट्स मेरे हिसाब से नहीं लिखी जाती थीं। अब मैं अपने प्रोजेक्ट्स खुद चुन सकती हूं और बना सकती हूं। इंटरनेशनल लेवल पर प्रियंका चोपड़ा फिल्ममेकर मीरा नायर की बायोपिक ड्रामा 'अमरी' से भी जुड़ी हुई हैं।

## नागबंधम का ट्रेलर रिलीज

# वीएफएक्स और धमाकेदार एक्शन के जरिए दिखाई गई अनोखी कहानी



पैन-इंडियन फिल्म 'नागबंधन' का धमाकेदार हिंदी ट्रेलर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा किया। ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक और जबरदस्त वीएफएक्स और एक्शन देखने को मिला है। जानिए, क्या है इस फिल्म की कहानी? और कब यह थिएटर में दस्तक देगी। फिल्म ह्यनागबंधनह्ण के ट्रेलर में ब्रह्म कमल को पाने के लिए खलनायक हर हद पार करता है, कई लोगों की हत्या तक करता है। लेकिन ब्रह्म कमल की रक्षा कुछ रक्षक कर रहे हैं। खलनायक और उन रक्षकों के बीच खूनी संघर्ष होता है। फिल्म में एक्शन सीन्स कमाल के हैं, पौराणिक कथा और दिव्य शक्तियों को दिखाने के लिए वीएफएक्स का इस्तेमाल किया है।

फिल्म नागबंधन में विराट करण, ऋषभ सावनी, ऐश्वर्या मेनन, दक्ष नागरकर, महेश मांजरेकर और जगपति बाबू मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म को अभिषेक नामा ने निर्देशित किया। यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बिंदी...और मुस्कान; साड़ी में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं मौनी रॉय



अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों वेब सीरीज 'अब होगा हिसाब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 8 जून को एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई है। मौनी के अलावा इसमें शाहीर शेख और संजय कपूर भी हैं। इस बीच मौनी अपने साड़ी लुक को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं।मौनी रॉय ने आज शनिवार को अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। वे साड़ी पहने स्टाइलिश पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमेशा एक साड़ी वाली लड़की'। मौनी रॉय गोल्डन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं, जिसे उन्होंने लाल रंग के ब्लाउज के साथ कैरी किया है। इसके साथ उन्होंने छोटी सी लाल बिंदी और मैचिंग झुमकों से लुक कंपलीट किया है।

Sport


# अमेरिका फुटबॉल वर्ल्डकप के नॉकआउट में पहुंचा

## ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया; साइबारी के सबसे तेज गोल से मोरक्को भी जीता

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

मेजबान अमेरिका ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 32 में प्रवेश कर लिया है। उसने शनिवार के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया। अमेरिकी टीम ने 32 साल बाद नॉकआउट राउंड में जगह बनाई है।

सिएटल स्टेडियम में ग्रुप-डी के मैच में स्टार फॉरवर्ड क्रिश्चियन पुलिसिक की गैरमौजूदगी में उतरी अमेरिकी टीम ने इस एडिशन में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। पुलिसिक पिंडली की चोट के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल सके। लेकिन, टीम को उनकी कमी नहीं खली। अमेरिका ने इससे पहले अपने पहले मुकाबले में पराग्वे को 4-1 से हराया था। टीम ग्रुप-डी में 6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है। तुर्किए और पराग्वे एक-एक अंक के साथ तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। बर्गेस का आत्मघाती गोल, अमेरिका को बढ़त। मैच के 11वें मिनट में अमेरिका को बढ़त मिली, जब फोलारिन बालोगुन के क्रॉस को रोकने की कोशिश में ऑस्ट्रेलियाई डिफेंडर कैमरून बर्गेस ने आत्मघाती गोल कर दिया।



### फ्रीमैन ने हेडर से गोल दागा



पहले हाफ के 43वें मिनट में अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। सिर्जिनो डेस्ट के डिफ्लेक्टेड प्रयास को एलेक्स फ्रीमैन ने हेडर से गोल में बदल दिया। वीडियो रिव्यू के बाद गोल को मंजूरी मिली। यह 21 साल फ्रीमैन का विश्व कप में पहला गोल था।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ कप्तान लौरा का विकेट अहम

## मिताली बोलीं- भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज पहुंच सकते हैं सेमीफाइनल में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 21 जून को साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैच में कप्तान लौरा वोल्वार्ट का विकेट भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। शुक्रवार को जियोस्टार मीडिया डे के दौरान ICC टी-20 वर्ल्ड कप की एक्सपर्ट मिताली राज ने कहा, लौरा का विकेट जल्दी मिलने से साउथ अफ्रीकी टीम पर दबाव बनाया जा सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान मिताली ने दोनों टीमों के बल्लेबाजी पैटर्न की तुलना करते हुए कहा, लौरा साउथ अफ्रीका के लिए वही रोल निभाती हैं, जो स्मृति मंधाना भारत के लिए करती हैं। लौरा हर मैच में एक छोर संभालकर खेलती हैं और बाकी के बल्लेबाज उनके इर्द-गिर्द बल्लेबाजी करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अफ्रीका के लिए पहले 6 ओवरों के पावरप्ले में दिशा तय करने की पूरी जिम्मेदारी लौरा की ओपनिंग पार्टनरशिप और उनके स्टैंड पर टिकी होती है। ऐसे में उनका विकेट भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। मिताली ने आगे कहा, किसी भी फॉर्मेट में फॉर्म में चल रहे या सेट बल्लेबाज को जल्दी आउट करना विपक्षी टीम की पहली रणनीति होती है। जैसे हर टीम भारत के खिलाफ स्मृति मंधाना को जल्दी आउट करने का प्लान बनाती है, वैसे ही भारत को लौरा के लिए योजना बनानी होगी। अगर आप इन-फॉर्म बल्लेबाज को पावरप्ले में ही पवेलियन भेज देते हैं, तो आने वाले नए बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को लेकर मिताली ने कहा, भारत के ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया और भारत नॉकआउट में जगह बनाएंगे, क्योंकि दोनों टीमों ने अपने शुरूआती 2 मैच जीते हैं। वहीं दूसरे ग्रुप से इंग्लैंड की टीम मजबूत स्थिति में है। दूसरे स्थान के लिए न्यूजीलैंड की संभावनाएं कम होने के बाद वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच कड़ा मुकाबला है, जिसमें वेस्टइंडीज मजबूत दिख रही है।

## पंत की दिल्ली में वापसी लगभग तय

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच ट्रेड हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स में वापसी लगभग तय है। इसके लिए वे अपनी 27 करोड़ रुपए की सैलरी में करीब 12 करोड़ रुपए की कटौती करने को भी तैयार हो गए हैं। वहीं, स्पिनर कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बन सकते हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### एमआर-4 रोड पर पुरानी रंजिश में युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने युवक को घेरकर उस पर हमला किया और वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान विशाल उर्फ नानू वर्मा (26) पिता मुकेश वर्मा निवासी रफेली, भागीरथपुरा के रूप में हुई है। शनिवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि घायल अवस्था में विशाल को अस्पताल पहुंचाया गया था। इलाज के दौरान उसने हमलावरों के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान शुरू की। शुरुआत जांच में सामने आया है कि विशाल और आरोपियों के बीच पहले से विवाद और पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने पहले उससे झगड़ा किया और फिर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार वारदात में शामिल आरोपियों की उम्र कम बताई जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि उनके ठिकानों की जानकारी मिल सके। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाना शुरू कर दिया है। वारदात की मुख्य वजह क्या थी, इसका खुलासा आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

### प्राइवेट कंपनी का गोपनीय डेटा चोरी, दो कर्मचारियों ने फोटो खींचकर वॉट्सऐप पर भेजा



**इंदौर।** पीथमपुर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फर्नीचर हार्डवेयर निमार्ता कंपनी 'हैटिच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' से एक बड़े डेटा चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के बेहद संवेदनशील तकनीकी डेटा और लैब के गोपनीय दस्तावेज चोरी हो गए हैं। घटना को कंपनी के ही दो कर्मचारियों ने अंजाम दिया है, जिनके खिलाफ पीथमपुर सेक्टर-1 पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और कंपनी प्रबंधन के अनुसार घटना सेक्टर 5 स्थित हैटिच कंपनी की क्वालिटी एरिया बिल्डिंग-02 में हुई। कंपनी में टेक्निकल स्टाफ के रूप में कार्यरत अश्वनी कुमार (निवासीः राउ, इंदौर) और मनजीत सिंह परमार (निवासीः हाउसिंग कॉलोनी, इंडोरामा पीथमपुर) ने मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया। आरोपियों ने कंपनी के 'क्वालिटी लैब' में घुसकर अपने मोबाइल फोन से गोपनीय तकनीकी डेटा के फोटो खींचे। यह डेटा ऐसा था जिस तक इन कर्मचारियों की अनधिकृत पहुंच नहीं होनी चाहिए थी। फोटो खींचने के बाद, आरोपियों ने इस गोपनीय डेटा को अवैध रूप से वॉट्सऐप के जरिए कुछ बाहरी व्यक्तियों को भेज दिया। कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज और प्रतिनिधि विशाल कुमार (39 वर्ष, निवासीः महू-नीमच रोड, पीथमपुर) ने आंतरिक जांच के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले में जांच कर दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### आज से नए रूट पर दौड़ेगी मेट्रो, रोजाना 6 लाख लोगों को मिलेगा फायदा

**इंदौर।** मेट्रो की येलो लाइन के दूसरे फेज को शुरू करने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आगामी 20 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सुपर कॉरिडोर-2 से रेडिसन चौराहे तक बने नए मेट्रो रूट का लोकार्पण करेंगे। इसके अगले दिन यानी 21 जून से इस रूट पर आम यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू कर दी जाएगी। भोपाल स्थित मेट्रो कार्यालय में फिलहाल किराए, फेरों और संचालन शेड्यूल को लेकर लगातार बैठकें चल रही हैं। अधिकारियों के अनुसार अगले तीन-चार दिनों में इन सभी मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सुपर कॉरिडोर-2 से रेडिसन चौराहा तक का यह नया कॉरिडोर इंदौर मेट्रो का सबसे व्यस्त रूट बनने की संभावना है। यात्री घनत्व को देखते हुए इस मार्ग को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस रूट के शुरू होने से करीब 4 से 6 लाख लोगों को सीधा और बेहतर परिवहन विकल्प मिलेगा। अगर फीडर बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों को भी इससे जोड़ा जाता है तो इसका लाभ लेने वाले लोगों की संख्या 8 से 10 लाख तक पहुंच सकती है।

### इंदौर में अगले साल शुरू होगा शास्त्री ओवरब्रिज को जमींदोज करने का काम

**इंदौर।** शहर में बने 72 साल पुराने शास्त्री ब्रिज पर नए रेलवे ओवरब्रिज बनाने के संबंध में शुक्रवार को सांसद कार्यालय पर सांसद और रेलवे के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में चर्चा हुई कि आगामी दिनों में नए ओवरब्रिज निर्माण रूपरेखा के संबंध में रेलवे के अफसरों की नगर निगम, बिजली कंपनी, यातायात विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ व्यापारियों की बैठक होगी। इसमें ड्रेनेज लाइन, नर्मदा लाइन, बिजली के खंभे स्थानांतरित करने पर निर्णय लिया जाएगा। पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र को जोड़ने वाले नए ओवरब्रिज को बनाने में सबसे बड़ी समस्या शहर के भारी यातायात को डायवर्ट करने में आएगी। नए ओवरब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2027 में शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। सिंहस्थ-2028 तक निर्माण कार्य पूरा होना संभवन नहीं है। नए ओवरब्रिज को बनने में दो साल का समय लगेगा। ऐसे में यातायात डायवर्जन एक बड़ी चुनौती होगी।

### केवायसी अपडेट करने के नाम पर कारोबारी से 2.10 लाख की ठगी

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में रहने वाले कंस्ट्रक्शन व्यवसायी प्रशांत तोमर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने क्रेडिट कार्ड की ङउ अपडेट करने के नाम पर उन्हें वीडियो कॉल किया और एक लिंक भेजी। लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से करीब 2 लाख 10 हजार रुपए निकाल लिए गए। मामले में साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 9 जून की शाम प्रशांत तोमर ने एसबीआई क्रेडिट कार्ड का एप डाउनलोड किया था। कुछ समय बाद उनके व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताया और कहा कि क्रेडिट कार्ड का फ्रेश वेरिफिकेशन और ङउ अपडेट करना जरूरी है। इसके लिए उसने प्रशांत को एक लिंक भेजी और उस पर क्लिक करने को कहा। प्रशांत ने जैसे ही लिंक खोली, उनका मोबाइल हैक हो गया। उन्हें कुछ गड़बड़ी का अहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत कॉल काट दी और मोबाइल बंद कर दिया। लेकिन तब तक उनके खाते से दो ट्रांजेक्शन में करीब 2 लाख 10 हजार रुपए निकल चुके थे। ठगी का पता चलते ही प्रशांत ने तुरंत अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराया। इसके बाद बैंक की हेल्पलाइन और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद मामला विजयनगर थाने पहुंचा। पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी का केस दर्ज कर लिया। विजयनगर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। ठगों द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर, बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवासी अपडेट के नाम पर आने वाले कॉल्स से सावधान रहें।

---

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के डीलर ने पलसीकर कॉलोनी स्थित पेट्रो फिलिंग स्टेशन से

# एमपी की पहली जिप्प फ्यूल सर्विस शुरू, इंदौर में अब घर बैठे मंगाइए डीजल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में प्रदेश में पहली बार ह्यजिप्प फ्यूल नाम से डीजल की होम डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के डीलर ने पलसीकर कॉलोनी स्थित पेट्रो फिलिंग स्टेशन से यह पहल शुरू की है। इसके तहत उपभोक्ता अब घर या कार्यस्थल से ही डीजल मंगा सकेंगे।

इंदौर पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और पेट्रो फिलिंग स्टेशन के संचालक राजेंद्र सिंह वासु ने बताया कि इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ 19 जून को किया गया है।

**जनरेटर, मशीनों के लिए व्हाट्सएप मैसेज से होगा उपलब्ध**



इसके तहत ग्राहकों को डीजल ढएरड (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) द्वारा अनुमोदित सुरक्षा कैन में सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। यह डीजल के परिवहन और स्टोरेज संबंधी सरकारी मानकों के अनुरूप हैं।

### ग्राहकों की परेशानी का समाधान

हाल ही में डीजल वितरण के नियमों को सख्ती से लागू किए जाने के बाद केवल अनुमोदित कंटेनरों में ही डीजल देने की व्यवस्था लागू हुई थी। इसके चलते जनरेटर, कृषि उपकरण, निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली मशीनों और औद्योगिक जरूरतों के लिए डीजल लेने वाले कई उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वासु ने बताया कि इसी समस्या के समाधान के लिए यह सेवा शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और नियमानुसार डीजल उपलब्ध कराया जा सके। उनका दावा है कि यह इंदौर ही नहीं बल्कि प्रदेश की पहली जिप्प फ्यूल सेवा है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को वाट्सएप नंबर 8839818718 पर उपलब्ध ऑटोमैटिक व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से ऑर्डर करना होगा। चैटबॉट ग्राहकों को डीजल की मात्रा, डिलीवरी का पता, पसंदीदा समय और भुगतान विकल्प चुनने की सुविधा देगा।

### चार घंटे में डिलीवरी का दावा

शुरूआती चरण में यह सेवा इंदौर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगी। मांग और दूरी के आधार पर ग्राहकों को अधिकतम चार घंटे में डीजल की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया है।

### माप और सुरक्षा का विशेष ध्यान

प्रत्येक डिलीवरी वाहन में प्रमाणित माप उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें पांच लीटर क्षमता का कैलिब्रेटेड माप यंत्र भी शामिल है। इससे ग्राहकों को ऑर्डर की गई डीजल की सटीक मात्रा मिलने की गारंटी रहेगी। वासु का कहना है कि यह पहल भविष्य में शहरी क्षेत्रों में डीजल वितरण का नया मॉडल साबित हो सकती है, जहां सुविधाजनक सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।

---

ट्रैफिक सुधार पर हाईकोर्ट सख्तः कहा- 36 ऑटोमेटेड सिग्नल जल्द चालू करें


# ट्रैफिक सुधार के लिए एनसीसी कैडेट्स की मदद लें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और बढ़ते ट्रैफिक दबाव को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नगर निगम और राज्य शासन को निर्देश दिए हैं कि शहर में ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए तत्काल प्रभाव से अंतरिम व्यवस्थाएं लागू की जाएं तथा 36 आटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नलों को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से चालू किया जाए।

शुक्रवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डबल बेंच के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संस्था राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया और सीनियर शिरीन सिलावट ने कोर्ट का ध्यान 7 मई को पारित आदेश की ओर आकर्षित किया।

उस आदेश में राज्य शासन और यातायात विभाग को पर्याप्त ट्रैफिक बल उपलब्ध होने तक स्वयंसेवकों की सहायता से यातायात संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के



निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने कोर्ट को बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था के संचालन के लिए स्काउट्स सहित अन्य स्वयंसेवकों की सेवाएं लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि स्वयंसेवकों की श्रेणी में उपलब्धता की स्थिति में एनसीसी कैडेट्स को भी शामिल किया जा सकता है। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाने के लिए ऐसी अंतरिम व्यवस्थाओं को शीघ्र लागू किया जाए।

### ट्रैफिक सिग्नल होंगे पूरी तरह कार्यशील

- सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ट्रैफिक सिग्नलों के ऑटोमेशन की प्रगति की भी समीक्षा की। नगर निगम और नियुक्त नोडल अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि कई प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नलों को स्वचालित किया जा चुका है। कुछ नए ऑटोमेटेड सिग्नल भी शुरू किए गए हैं।
- इस पर हाईकोर्ट ने उम्मीद जताई कि अगली सुनवाई से पहले नगर निगम आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शहर के 36 ऑटोमैटेड ट्रैफिक सिग्नलों को पूर्ण रूप से कार्यशील बना देगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन व्यवस्था शहर में यातायात सुगमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### नागरिकों से भी मांगे सुझाव

कोर्ट ने यह भी कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नागरिक, सामाजिक संगठन और अन्य हितधारक अपने सुझाव संबंधित समितियों को दे सकते हैं। इन सुझावों पर नोडल अधिकारी के माध्यम से विचार किया जाएगा और आवश्यक होने पर उन्हें संबंधित समितियों के समक्ष रखा जाएगा।

### 6 जुलाई को पेश होगी स्थिति रिपोर्ट

मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को निर्धारित की गई है। उस दिन नगर निगम, बीआरटीएस हटाओ समिति और ट्रैफिक रेगुलेटरी कमेटी को अदालत के समक्ष अपनी ताजा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

---

अभिभाषक संघ चुनाव में बढ़ी हलचल

# अध्यक्ष पद के लिए आठ दावेदार मैदान में, 25 जून को मतदान

### 5,411 वकील चुनेंगे नई कार्यकारिणी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव में अब महज चार दिन शेष हैं और इसके साथ ही चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी पदों के लिए कुल 53 अधिवक्ताओं ने नामांकन फॉर्म प्राप्त किए हैं। चुनाव के लिए 25 जून को मतदान होगा, जबकि उसी दिन शाम से मतगणना शुरू कर देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

नियमित न्यायालयीन कार्य शुरू होने के साथ ही प्रत्याशियों ने भी जनसंपर्क और समर्थन जुटाने की गतिविधियां तेज कर दी हैं। कोर्ट परिसर और सोशल मीडिया पर चुनावी चचाएं अब जोर पकड़ने लगी हैं।

सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय मेहरा के अनुसार सभी नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है और किसी भी आवेदन में कोई त्रुटि नहीं पाई गई। अब 22 जून तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी, जिसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

इस बार अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प नजर आ रहा है। अध्यक्ष पद की दौड़ में राजेश खंडेलवाल, रवींद्र सिंह गौड़, राकेश पाल, गोपाल कचोलिया, श्रीराम भदौरिया, मनोज वर्मा, एल.एल. यादव सहित आठ प्रत्याशी मैदान में हैं।

वहीं सचिव पद के लिए अमित पाठक, रोहित दांतरे, भूपेंद्र साहू, विशाल रामटेके और धर्मेंद्र गुर्जर के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद पर सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिससे इस पद पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

इस बार संघ के 5,411 अधिवक्ता मतदाता नई कार्यकारिणी का चयन करेंगे। कोषाध्यक्ष का पद महिला वकीलों के लिए आरक्षित है, जहां पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं। वहीं कार्यकारिणी के 21 पदों में से दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखे गए हैं।

---

पैदावार कम होने के बावजूद इसके दीवानों में कोई कमी नहीं आई, कट्ठीवाड़ा के नूरजहां की मांग

# एक आम की कीमत 3500 रुपये, सुरक्षा में तैनात 10 लट्ठधारी गार्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अपने असाधारण आकार और बेमिसाल स्वाद के लिए देश-विदेश में मशहूर 'नूरजहाँ' आम की मांग इस सीजन में आसमान छू रही है। बाजार में इस आम ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जहां तीन किलोग्राम वजन का एक अकेला 'नूरजहाँ' आम 3500 रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर बिका है। आम की इस अनोखी खेप को खरीदने के लिए शौकीनों के बीच होड़ मची हुई है। स्थानीय किसान शिवराज जादव और भारतसिंह जादव ने बताया कि मौसम और अन्य कारणों से इस



बार बगीचों में नूरजहाँ का उत्पादन काफी सीमित हुआ है। पैदावार कम होने के बावजूद इसके दीवानों में कोई कमी नहीं आई है। मध्य प्रदेश के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों के आम प्रेमियों ने फसल तैयार होने से पहले ही इसकी एडवांस बुकिंग करा ली थी।

### गुजरात से लाए पौधा, कई पेड़ लगे

किसान भारतसिंह जादव का कहना है कि नूरजहां आम का इतिहास बेहद दिलचस्प है। यह प्रजाति मूल रूप से अफगान क्षेत्र की है। मेरे पिता स्वर्गीय रणवीरसिंह जादव वर्ष 1970 के आसपास गुजरात से इस आम की कलम लेकर आए थे। उन्होंने कट्ठीवाड़ा स्थित अपने फार्म में इसे रोपा। यहां वर्षों की कड़ी मेहनत से संरक्षित किया। यह पौधा पूरे आलीराजपुर जिले की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुका है। साथ ही हमारी आय का स्त्रोत भी बन गया है। उन्होंने बताया कि जलवायु और मिट्टी के विशेष प्रभाव के कारण नूरजहां के पेड़ों की संख्या बढ़ रही है। फल के लिए विशेष जलवायु और मिट्टी अनुकूल साबित हुई। इसके चलते नूरजहां विशालकाय आकार में ढल सका, जिसके लिए यह दुनियाभर में प्रसिद्ध है। आम के आकार और स्वाद को लेकर इसे 1999 और 2010 में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है।

### यहां 10 लट्ठधारी सुरक्षा गार्ड तैनात हैं

नूरजहां आम फसल की सुरक्षा भी जरूरी है। यहां 10 लट्ठधारी सुरक्षा गार्ड तैनात है। किसान बताते हैं कि मूल रूप से अफगानी नस्ल के इस आम की कलम को वर्ष 1965 में गुजरात से लाकर कट्ठीवाड़ा की विशेष आबोहवा और मिट्टी में कड़े परिश्रम से तैयार किया गया है। किसान शिवराज जादव और भारतसिंह जादव के पास नूरजहां प्रजाति के कुल 11 पेड़ हैं।इसमें छह पेड़ फल दे रहे हैं। इस साल डेढ़ किलो से लेकर तीन किलोग्राम तक के फल आए हैं। छोटे फलों की कीमत 1000 से 1500 रुपये है।

---

पालदा में पानी को लेकर चक्का जाम

# महिलाएं सड़क पर उतरीं आधे घंटे तक रुका ट्रैफिक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में लगातार गहराते जल संकट के बीच शुक्रवार को पालदा इलाके में पानी की किल्लत को लेकर रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और महिलाएं सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। करीब 50 से अधिक लोग सड़क पर बैठ गए और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमित जल सप्लाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के चलते इलाके में कुछ



देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी और करीब आधे घंटे बाद लोगों को सड़क से हटाया गया।

### घरों में नहीं पहुंच रहा पर्याप्त पानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि पालदा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पानी की सप्लाई बाधित है। कई घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। खासतौर पर महिलाओं को पानी भरने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। इसी नाराजगी के चलते उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।

### पहले भी हो चुका है विरोध

गौरतलब है कि इंदौर में पानी की किल्लत को लेकर यह पहला प्रदर्शन नहीं है। इससे पहले भी शहर के अलग-अलग इलाकों में जल संकट को लेकर लोग विरोध जता चुके हैं। कहीं मटके फोड़े गए, तो कहीं निगम दफ्तरों का घेराव किया गया। गर्मी बढ़ने के साथ शहर के कई हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, जिससे नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल प्रशासन ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

अतिशीघ आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com